

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,सोमवार 5 जनवरी 2026 ■ माघ कृष्ण पक्ष-2 ■ वर्ष -41 ■ अंक-277 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 6 जनवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## सेंट्रल जेल में कैदी ने लगाई फांसी,धरने पर परिजन

### जेल प्रशासन पर प्रताड़ना का लगाया आरोप

**रायपुर,5 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**




सेंट्रल जेल रायपुर में एक विचाराधीन कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक पॉक्सो एक्ट में बंद कैदी सुनील महानंद ने 5 नंबर बैरक में फांसी लगाकर आत्महत्या की है। बताया जा रहा है कि यह घटना रविवार शाम करीब 6 बजे की है। पूरा मामला गंज थाना क्षेत्र का है। इस मामले को लेकर मृतक के परिजनों ने जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। साथ ही न्याय की मांग को लेकर जेल के बाहर धरने पर बैठे हैं। परिजनों का कहना है कि जेल में लगातार प्रताड़ना दी जा रही थी, जिससे तंग आकर सुनील महानंद ने यह कदम उठाया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि बिना सूचना दिए शव को चोरी-छिपे मर्चुरी भेज दिया गया और उन्हें देर रात मौत की जानकारी दी गई।घटना के बाद आज केंद्रीय जेल के बाहर परिजनों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। मृतक के समर्थन में छत्तीसगढ़ उत्कल गाड़ा समाज के लोग भी मौके पर पहुंचे हैं। समाज और परिजनों का आरोप है कि सुनील महानंद को फर्जी मामले में फंसाया गया था। जेल में बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। मृतक की पत्नी ने बताया कि दो दिन पहले ही उन्होंने सुनील से मुलाकात की थी, उस दौरान सुनील ने जेल में प्रताड़ना की बात कही थी। वहीं मृतक की मौसी ने भी बताया कि मुलाकात के दौरान सुनील काफी उदास और परेशान नजर आ रहे थे। परिजनों और समाज के लोगों ने आरोप लगाया है कि सुनील महानंद खुद से फांसी नहीं लगा सकता। उसके साथ कुछ गलत हुआ है। प्रदर्शनकारियों ने मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। साथ ही परिजनों की मांग है कि मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी दी जाए और परिवार को न्याय मिले। समाज की रोशनी बघेल ने कहा है कि सुनील को फर्जी मामले में फंसाकर जेल भेजा गया। उस पर गैर जमानती धारा लगाई गई।

## गृहमंत्री के काफिले ने बाइक को मारी टक्कर, 2 युवक घायल

**कवर्धा,5 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले के दौरे के दौरान गृहमंत्री विजय शर्मा का सरपट दौड़ता काफिला एक बाइक सवार युवक से टकरा गया। हादसे में बाइक सवार 2 युवक घायल हो गए है, जिन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के हिसाब से, प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा कवर्धा दौरे पर पहुंचे थे। जब उनका काफिला रेस्ट हाउस से निकला तो उसी दौरान काफिले की एक गाड़ी से बाइक टकरा गई। हादसे के बाद बाइक सवार 2 युवक सड़क पर ही अनियंत्रित होकर गिर पड़े, जिससे वे घायल हो गए। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर तुरंत घायल युवकों को अस्पताल में पहुंचाया। दोनों युवकों को हाथ और पैर में चोटें आई हैं। फिलहाल, दोनों की स्थिति सामान्य बताई जा रही है और उनका इलाज किया जा रहा है। जब इस घटना की सूचना गृहमंत्री विजय शर्मा को मिली तो उन्होंने हादसे पर चिंता व्यक्त करते हुए घायलों के उपचार के प्रशासन को निर्देशित किया हैं। बड़ा सवाल यह है कि, जब गृहमंत्री विजय शर्मा का काफिला निकल रहा था.

## संक्षिप्त-समाचार

### प्लास्टिक गोदाम में आग

**बिलासपुर,5 जनवरी।** न्यायधानी में उस वक्त अफरातफरी मच गई जब सिलपहरी के ब्लॉक-बी, प्लॉट नंबर-4 स्थित श्री साईं ट्रेडर्स नामक प्लास्टिक से भरे कबाड़ गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि उससे उठता घना धुआं दूर-दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया और देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। आग लगने की सूचना तुरंत दमकल विभाग को दी गई, लेकिन दमकल के पहुंचने से पहले ही आग ने गोदाम में रखे प्लास्टिक स्क्रैप को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया था। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि इस भीषण आगजनी के कारणों का अब तक खुलासा नहीं हो सका है, वहीं मिली जानकारी के अनुसार परिसर में प्लास्टिक कबाड़ का काम किया जाता है।

### दिल्ली हिंसा केसः उमर खालिद-शरजील इमाम को जेल में ही रहना होगा

**नई दिल्ली,5 जनवरी।** फरवरी 2020 में दिल्ली में हुए दंगों के मामले में आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने दोनों की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी हैं। हालांकि, इसी मामले में पांच अन्य आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट ने राहत देते हुए जमानत मंजूर कर ली है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि उमर खालिद और शरजील इमाम की भूमिका अन्य आरोपियों से अलग और अधिक गंभीर प्रतीत होती है, इसलिए उन्हें जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता।

### बांग्लादेश ने अब लगा दी आईपीएल पर रोक

**ढाका,5 जनवरी।** बांग्लादेश ने भारतीय खेलों के खिलाफ बड़ा फैसला लिया है। सोमवार को बयान जारी किया गया कि बांग्लादेश में आईपीएल यानी इंडियन प्रीमियर लीग समेत कई स्पोर्ट्स इवेंट्स का प्रसारण नहीं किया जाएगा। खास बात है कि यह फैसला ऐसे समय पर लिया गया है, जब बांग्लादेश ने T20 वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत आने से इनकार किया है।

ताजा आदेश के अनुसार, अधिकारियों ने आईपीएल से जुड़े सभी ब्रॉडकास्ट, प्रमोशन, इवेंट कवरेज को अनिश्चितकाल के लिए निलंबित कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि फैसला 'जनहित' में लिया गया है। इससे पहले केकेआर यानी कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम से बांग्लादेश टीम के तेज गेंदबाद मुस्तफिजुर रहमान को रिलीज करने का फैसला लिया गया था।

बांग्लादेश में जारी अल्पसंख्यकों पर हमलों के चलते रहमान को टीम में रखने का भारत में काफी विरोध हो रहा था। बांग्लादेश के अधिकारियों का कहना है कि इस फैसले को बीसीसीआई यानी भारतीय क्रिकेट बोर्ड की तरफ से एक निर्देश के तौर पर दिया गया था। साथ ही उन्होंने दावा किया था कि इस संबंध में कोई 'लॉजिकल' वजह नहीं दी गई थी।बीसीबी यानी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी राष्ट्रीय टीम को भारत नहीं भेजने का फैसला किया। खास बात है कि इसके लिए सुरक्षा चिंताओं और सरकार की सलाह का हवाला दिया गया है। रहमान को आईपीएल से अचानक बाहर किए जाने के बाद बीसीबी ने शनिवार रात को एक आपातकालीन बैठक बुलाई।

## रूसी तेल खरीदने को लेकर ट्रंप ने भारत को दी धमकी

**वाशिंगटन,5 जनवरी।** तेल से भरपूर देश वेनेजुएला पर हमला करने और वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार कर अमेरिका लाने के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हौंसले बुलंद है। तेल के इस खेल में वेनेजुएला पर हमला करने के बाद ट्रंप ने अब भारत को धमकी दी है। रूसी तेल खरीदने को लेकर ट्रंप ने भारत को धमकी देते हुए कहा कि भारत को मुझे खुश करना होगा। पीएम मोदी बहुत अच्छे इंसान है लेकिम मुझे खुश नहीं कर पा रहे हैं। ऐसा नहीं होता है तो हम भारत पर टैरिफ बढ़ाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि अगर नई दिल्ली 'रूसी तेल मुद्दे' पर मदद नहीं करता है, तो देश भारतीय इंपोर्ट पर मौजूदा टैरिफ बढ़ा सकता है। ट्रंप ने एक पब्लिक संबोधन के दौरान यह बात कही। भारत के रूसी तेल इंपोर्ट पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वे असल में मुझे खुश करना चाहते थे। पीएम मोदी बहुत अच्छे आदमी हैं। वह एक अच्छे इंसान हैं। उन्हें पता था कि मैं खुश नहीं था। मुझे खुश करना ज़रूरी था। हम उन पर बहुत जल्दी टैरिफ बढ़ा सकते हैं। ट्रंप भारत के रूस के साथ तेल व्यापार की बात कर रहे थे, जिसका उनकी सरकार लंबे समय से विरोध कर रही है। अगस्त 2025 में भारत पर टैरिफ दोगुना करके 50% करने के पीछे रूस के साथ ऑयल ट्रेड को एक वजह बताया गया था।दरअसल ट्रंप ने अगस्त 2025 में भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया था। वे भारत के रूस के साथ तेल व्यापार को लेकर खुश नहीं थे और उन्होंने कई बार इसका जिक्र भी किया। ट्रंप के फैसले की वजह से दोनों देशों के बीच लंबे वक्त तक ट्रेड डील भी अटकी रही। ट्रंप चाहते थे कि भारत अपना पूरा बाजार अमेरिका के लिए खोले और डेयरी के साथ-साथ एग्रीकल्चर सेक्टर में एंट्री दे, लेकिन भारत अपने फैसले पर टिका रहा। रूस, भारत को तेल सप्लाई करने वाला सबसे बड़ा देश है। ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन के कई अधिकारियों ने पहले आरोप लगाया था कि रूस इस तेल व्यापार से होने वाली कमाई का इस्तेमाल यूक्रेन में युद्ध को बढ़ावा देने के लिए कर रहा है.

**बोले- 'मुझे खुश करना जरूरी, पीएम मोदी मेरी बात नहीं माने तो टैरिफ**



## आईएएस निरंजन दास समेत 30 अफसरों की करोड़ों की संपत्ति कुर्क

**रायपुर,5 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के चर्चित शराब घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आईएएस निरंजन दास समेत 30 आबकारी अधिकारियों की 38.21 करोड़ रुपये की संपत्ति अस्थायी रूप से कुर्क कर ली है। यह कार्रवाई पीएमएलए, 2002 के तहत ईडी के रायपुर आंचलिक कार्यालय द्वारा की गई है।

निरंजन दास तत्कालीन आबकारी आयुक्त थे और इस पूरे घोटाले में उनकी अहम भूमिका सामने आई है। जांच में खुलासा हुआ है कि 2019 से 2023 के बीच आबकारी विभाग के भीतर एक समानांतर अवैध सिस्टम चलाया गया, जिससे राज्य सरकार को 2800 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ। कुर्क की गई संपत्तियों में 78 अचल संपत्तियां शामिल हैं, जिनमें आलीशान बंगले, प्रीमियम फ्लैट, व्यावसायिक दुकानें और बड़ी मात्रा में कृषि भूमि है। वहीं 197 चल संपत्तियों में करोड़ों की एफडी, बैंक खातों में जमा रकम, बीमा पॉलिसियां, इक्विटी शेयर और म्यूचुअल फंड शामिल हैं। ईडी की जांच में सामने आया है कि वरिष्ठ अफसरों और राजनीतिक रसूख वाले लोगों से जुड़े एक आपराधिक सिंडिकेट ने आबकारी विभाग पर पूरा कब्जा कर लिया था। निरंजन दास और तत्कालीन सीएसएमसीएल सीईओ अरुण पति त्रिपाठी ने मिलकर एक समानांतर आबकारी व्यवस्था चलाई। जांच के अनुसार, सरकारी दुकानों के जरिए अवैध देसी शराब की "पार्ट-बी स्कीम" चलाई गई। नकली होलोग्राम और गैर-कानूनी बोतलों में शराब बेचकर सीधे भट्टियों से दुकानों तक सप्लाई की जाती थी। यह सब आबकारी अधिकारियों की मिलीभगत से हुआ। ईडी ने बताया कि अधिकारियों को प्रति केस 140 रुपये का तय कमीशन दिया जाता था। अकेले आईएएस निरंजन दास ने 18 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध कमाई की, जिसके बदले उसे हर महीने करीब 50 लाख रुपये की रिश्वत मिलती थी। कुल मिलाकर 31 आबकारी अधिकारियों ने 89.56 करोड़ रुपये की पीओसी अर्जित की। यह मामला रायपुर स्थित एसीबी-ईओडब्ल्यू द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर ईडी ने जांच में लिया था। एजेंसी का कहना है कि यह कुर्की उन अफसरों की गहरी मिलीभगत को उजागर करती है, जिन्हें राज्य के राजस्व की रक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

## गुरुद्वारे की गद्दी को लेकर खूनी संघर्ष

### धुले में पथराव और लाठी-डंडों से हमले में कई घायल

**मुंबई,5 जनवरी।** महाराष्ट्र के धुले शहर में गुरुद्वारे की गद्दी को लेकर खूनी संघर्ष हो गया। ऐतिहासिक गुरुद्वारे की गद्दी और उसके कब्जे को लेकर दोनों गुटों में जमकर बवाल हो गया। हिंसक झड़प में जमकर पथराव और लाठी-डंडे चले। खूनी संघर्ष में कई लोग घायल हो गए। दोनों गुटों के बीच हिंसक झड़प का वीडियो भी वायरल हुआ है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बाबा रणवीर सिंह समेत 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस घटना की मुख्य वजह पूर्व प्रमुख बाबा धीरज सिंह खालसा की हत्या से जुड़ी बताई जा रही है। सिख समुदाय का आरोप है कि बाबा धीरज सिंह की हत्या के पीछे बाबा रणवीर सिंह का हाथ है, जिन्होंने पिछले दो दिनों से गुरुद्वारे पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। इसी तनाव के बीच कल रात गुस्साए लोग जब गुरुद्वारे पहुंचे, तो अंदर से आंसू गैस के गोले छोड़े गए और पथराव शुरू हो गया। पुलिस के अनुसार, स्थिति को बिगड़ता देख भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रण में लिया। इस संघर्ष में दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने मुख्य आरोपी बाबा रणवीर सिंह और उनके सात साथियों को देर रात हिरासत में ले लिया है। धुले के अपर पुलिस अधीक्षक अजय देवरे ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि इस घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर शांति भंग करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गुरुद्वारा परिसर में पुलिस का कड़ा पहरा है और मामले की गहन जांच जारी है। एएसपी अजय देवरे ने बताया, "आज धुले स्थित गुरु नानक सभा गुरुद्वारा में, प्रमुख पद को लेकर हुए विवाद में दो गुटों के बीच झड़प हो गई। स्थिति अब पूरी तरह नियंत्रण में है। कई शिकायतकर्ताओं ने पुलिस स्टेशन जाकर अपने बयान दर्ज कराए हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हमें यह भी जानकारी मिली है कि कुछ लोग घटना के वीडियो रिकॉर्ड कर रहे हैं और उन्हें प्रसारित कर रहे हैं। हम जनता से अनुरोध करते हैं कि वे अफवाहों या अपुष्ट फुटेज पर विश्वास न करें। झूठी या भड़काऊ सामग्री फैलाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।




## ओवैसी की रैली में जबरदस्त हंगामा

**मुंबई,5 जनवरी।** एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी की रैली में उस समय अजीब स्थिति बन गई, जब किसी बात को लेकर हंगामा हो गया। असदुद्दीन ओवैसी की रैली में जबरदस्त हंगामा होने के कारण, हालात संभालने के लिए पुलिस को लाठी चार्ज करनी पड़ी। जिससे भगदड़ मच गई। महाराष्ट्र में मुंबई नगरपालिका चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज है. इस बीच एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी की अकोला में हुई रैली में जबरदस्त हंगामा हो गया. विवाद इतना बढ़ गया कि पुलिस को वहां मौजूद लोगों पर लाठीचार्ज करना पड़ा. मुंबई के अकोला में असदुद्दीन ओवौसी की रैल हो रही थी। इस बीच किसी बात पर भीड़ बेकाबू हो गई और उसे नियंत्रण में करना मुश्किल हो गया। पुलिस को स्थिति अपने कंट्रोल में लेनी पड़ी, जिसके बाद ओवैसी के समर्थकों पर लाठीचार्ज किया। दरअसल, एआईएमआईएम पार्टी प्रमुख अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी नगर पालिका चुनाव में उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार कर रहे थे. जब समर्थक स्टेज की ओर बढ़े, तो पुलिस ने ए आ ई ए म आ ई ए म कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस के अनुसार, भीड़ बहुत ज्यादा होने के चलते बेकाबू हो गई थी। ऐसे में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई. भीड़ बड़ी संख्या में मंच तक जाना चाहती थी। उन्हें रोकने के लिए पुलिस को हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा। रैली की कुछ तस्वीरें भी सामने आई हैं, जिसमें बड़ी संख्या में लोग भागते हुए नजर आ रहे हैं। कुछ लोग एक दूसरे पर गिर गए. ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि कुछ लोग घायल भी हुए हो सकते हैं। फिलहाल, एआईएमआईएम या फिर मुंबई पुलिस की तरफ से इसको लेकर कोई बयान जारी नहीं किया गया है।



## रायपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे-30 होगा फोरलेन

### 54 करोड़ की मंजूरी, 7 किमी में जाम से मिलेगी राहत

**कवर्धा,5 जनवरी।** रायपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे-30 पर रोजाना लगने वाले ट्रैफिक जाम, तेज हॉर्न और भारी वाहनों की भीड़ से जूझ रहे लोगों के लिए राहत की बड़ी खबर है। चंद्रायन हॉस्पिटल से लेकर ग्राम सिंघनपुरी स्थित ढाबा तक करीब 7 किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क बनने जा रही है। इस महत्वपूर्ण परियोजना पर 54 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। परियोजना के लिए राशि स्वीकृत हो चुकी है। चूंकि नेशनल हाईवे केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है, इसलिए भारत सरकार से भी आवश्यक अनुमति मिल गई है। अब केवल टेंडर प्रक्रिया पूरी होना बाकी है। टेंडर जारी होते ही सड़क निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। इस फोरलेन प्रोजेक्ट के पूरा होने से कवर्धा शहर के भीतर यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार होगा। साथ ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से शहर आने-जाने वाले लोगों को भी सीधा लाभ मिलेगा। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के अनुसार फोरलेन के लिए प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है और टेंडर प्रक्रिया की तैयारी अंतिम चरण में है।



#### चार लेन में बंटेगा ट्रैफिक, हर लेन 7.50 मीटर चौड़ी

नई फोरलेन सड़क के बीच में मजबूत डिवाइडर बनाया जाएगा। दोनों ओर दो-दो लेन होंगी। हर लेन की चौड़ाई 7.50 मीटर रखी जाएगी। इससे आमने-सामने से भिड़ने वाले वाहनों, अचानक कट मारने और खतरनाक ओवरटेकिंग जैसी समस्याओं पर लगाम लगेगी। ट्रैफिक का दबाव चार लेन में बंटने से नेशनल हाईवे पर सफर पहले से ज्यादा तेज और सुरक्षित हो जाएगा।

#### मंडी से संकरी नदी पुल तक बढ़ेगी सड़क की चौड़ाई

फिलहाल मंडी से संकरी नदी पुल तक सड़क की चौड़ाई मात्र 7 मीटर है, जो हाईवे का सबसे ज्यादा दबाव वाला हिस्सा माना जाता है। इसी कारण शाम के समय यहां अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। फोरलेन परियोजना के तहत इस हिस्से को 10 मीटर तक चौड़ा किया जाएगा। यहां डिवाइडर नहीं होगा, लेकिन संकरी सड़क की समस्या खत्म हो जाएगी।

#### पूरा रोड मैप ऐसे बदलेगा

परियोजना के तहत सिंघनपुरी ढाबा से नवीन कृषि उपज मंडी तक डिवाइडर के साथ फोरलेन सड़क बनेगी। इसके बाद मंडी से संकरी नदी पुल तक चौड़ी सड़क बनाई जाएगी। आगे मिनीमाता चौक, ऋषभदेव चौक, वीर स्तंभ चौक और गुरु गोविंद सिंह चौक से होते हुए रॉयल सेलिब्रेशन होटल तक सड़क का नवीनीकरण होगा। वहां से चंद्रायन हॉस्पिटल तक दोबारा डिवाइडर के साथ फोरलेन सड़क का निर्माण किया जाएगा।

#### हादसों पर लगेगा ब्रेक

संकरी सड़क और अव्यवस्थित ट्रैफिक के कारण मिनीमाता चौक से ट्रांसपोर्ट नगर (भोरमदेव तिराहा) होते हुए मंडी तक करीब 1 किलोमीटर का हिस्सा ब्लैक स्पॉट की श्रेणी में आता है। फोरलेन सड़क, बेहतर चौड़ाई और डिवाइडर बनने के बाद दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है। इससे सफर न सिर्फ आसान होगा,.

## पूरा जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्साः ब्लैकमैन

**नई दिल्ली,5 जनवरी।** ब्रिटिश सांसद बॉब ब्लैकमैन ने जम्मू और कश्मीर पर भारत के रुख के प्रति अपने दीर्घकालिक समर्थन को दोहराते हुए कहा कि पूरे केंद्र शासित प्रदेश को भारत में फिर से शामिल किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की उनकी मांग तीन दशक से अधिक पुरानी है और इसका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा 2019 में लिए गए निर्णय से कोई संबंध नहीं है। जयपुर के कॉन्स्टिट्यूशनल क्लब में आयोजित एक हाई-टी कार्यक्रम में बोलते हुए, ब्लैकमैन ने कहा कि उनकी स्थिति 1990 के दशक की शुरुआत में, विशेष रूप से कश्मीरी पंडितों के घाटी से पलायन के बाद बनी थी।

बॉब ब्लैकमैन ने कहा कि मैंने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की मांग तब नहीं की थी जब प्रधानमंत्री मोदी ने इसे अपने घोषणापत्र में शामिल किया और लागू किया। मैंने यह मांग 1992 में ही कर दी थी, जब कश्मीरी पंडितों को जम्मू और कश्मीर से जबरन निकाला गया था।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम में रेंज के पहले साइबर थाने का किया शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,5 जनवरी।** कबीरधाम जिले में साइबर अपराधों के विरुद्ध निर्णायक और दूरदर्शी कदम उठाते हुए उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री श्री विजय शर्मा ने आज पूरे राजनांदगांव रेंज एवं जिले के प्रथम साइबर थाने का शुभारंभ किया। इस थाने को कवर्धा के पुराने पुलिस लाइन में स्थापित किया गया है, इस थाने के जिले में स्थापना को जिले की कानून-व्यवस्था एवं डिजिटल सुरक्षा के क्षेत्र एक ऐतिहासिक कदम के रूप में देखा जा रहा है।इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि आज का युग डिजिटल है और शासन से लेकर आम नागरिक तक ऑनलाइन माध्यमों पर निर्भर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल सुविधाओं के साथ-साथ साइबर अपराधों की चुनौती भी बढ़ी है, जिससे आम नागरिक, महिलाएं, वरिष्ठजन और युवा वर्ग प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में साइबर थाना की स्थापना आम जनता को त्वरित न्याय, सुरक्षा और भरोसा देने की दिशा में एक मजबूत कदम है।उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि साइबर अपराधों में समय सबसे अहम होता है। यदि शुरुआती घंटों में सही कार्रवाई हो जाए तो ठगी की राशि रोकी जा सकती है और अपराधियों तक शीघ्र पहुंचा जा सकता है। साइबर थाना के माध्यम से शिकायतों का तत्काल पंजीकरण, ऑनलाइन फ्रॉड की राशि को समय रहते होल्ड करना, डिजिटल साक्ष्यों का वैज्ञानिक संकलन और अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई संभव हो सकेगी। उन्होंने कहा कि यह थाना न केवल अपराध नियंत्रण का केंद्र बनेगा, बल्कि नागरिकों में डिजिटल जागरूकता और विश्वास भी बढ़ाएगा। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि साइबर थाना में एक निरीक्षक प्रभारी सहित कुल 30 प्रशिक्षित अधिकारी एवं कर्मचारियों की पदस्थापना की गई है। थाना के प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए उप पुलिस अधीक्षक स्तर के राजपत्रित अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे साइबर अपराधों की विवेचना उच्च गुणवत्ता और पेशेवर तरीके से की जा सके।

पुलिस अधीक्षक ने उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में कबीरधाम पुलिस की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद जिले में साइबर तकनीक के माध्यम से 112 ऑनलाइन ठगी मामलों में लगभग 50 लाख रुपये पीड़ितों को वापस कराए गए हैं। इसके साथ ही सीईआईआर पोर्टल की सहायता से 872 गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद कर नागरिकों को लौटाए गए हैं, जो साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण का प्रमाण है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की इस पहल से कबीरधाम जिले में साइबर अपराधों की रोकथाम, त्वरित विवेचना और डिजिटल सुरक्षा को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि गंभीर अपराधों की विवेचना में कॉल डिटेल रिकॉर्ड, लोकेशन ट्रैकिंग और डिजिटल साक्ष्यों का उपयोग कर आरोपियों तक शीघ्र पहुंच बनाई गई है। महिलाओं और बच्चों से जुड़े साइबर अपराधों में विशेष संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ कार्रवाई की जा रही है। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल, डीएसपी श्री कृष्ण कुमार चंद्राकर, डीएसपी आशीष शुक्ला, साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक महेश प्रधान, थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेश कश्यप , दशरंगपुर चौकी प्रभारी त्रिलोक प्रधान सहित अन्य पुलिस अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### बरहठी में मां शाकंभरी जयंती धूमधाम से मनाई गई



**कवर्धा,5 जनवरी (तछसं.)।** जनपद पंचायत बोड़ला अंतर्गत ग्राम बरहठी में आयोजित मां शाकंभरी जी की जयंती के पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत कबीरधाम के अध्यक्ष ईश्वरी साहू ,, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकचंद साहू, जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष भगत पटेल, गांव के नागरिक शामिल हुए।

### कोसरिया मरार समाज ने मनाई शाकम्बरी जयंती



**उतई, 5 जनवरी (तछसं.)।** आदर्श ग्राम मचांदुर में निरंतर 5 वर्षों से छेरछेरा पुन्नी के अवसर पर माँ शाकम्बरी जयंती बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा आरती से हो भव्य कलश यात्रा भ्रमण के पश्चात बच्चों का रंगारंग कार्यक्रम व रामधुनी का कार्यक्रम ने मंत्रमुग्ध कर दिया।इस अवसर पर सामाजिक वृद्ध जनों का सम्मान व कलश सजावट करने वालो को पुरष्कृत किया गया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य ढालेश साहू,अध्यक्षता सरपंच संघ अध्यक्ष ग्राम प्रधान युगल किशोर साहू,उपसरपंच दुष्यंत कुमार साहू,पंच मंशा साहू,आशा पटेल, गीता पटेल,संरक्षक पाटन राज गौकरण पटेल,मोहन पटेल,सहसचिव पाटन राजेन्द्र पटेल,भुखन पटेल पूर्व पार्षद उतई,ग्रामीण कोशरिया मरार समाज अध्यक्ष योगेश पटेल,उपाध्यक्ष सुखराम पटेल,कोषाध्यक्ष दिलीप पटेल,सचिव रिखीराम पटेल,सहसचिव अलखराम पटेल के साथ-साथ सामाजिक महिला व युवा व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।अतिथियों ने मां शाकम्बरी के अवतार कर दुर्गम दानव के वध व माँ के सताक्षी नाम की गाथा समाज में रखी।

### धनोरा में दो दिवसीय जस गीत एवं झांकी प्रतियोगिता आयोजित



**उतई, 5 जनवरी (तछसं.)।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में 3 एवं 4 जनवरी को छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय दो दिवसीय जस गीत एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें एक से बढ़कर एक झांकी मंडली ने अपने प्रस्तुति दिखाई एवं दर्शक दीर्घा का झांकी के माध्यम से मंत्र मुग्ध कर दिया शनिवार को शाम 6 बजे राजेश सिन्हा जस सम्राट एवं भवानी नायक के द्वारा माता रानी की संध्या कालीन आरती प्रस्तुति किया गया एवं रविवार को शाम 6 बजे हेमंत साहू भजन गायक एवं जस गायक द्वारा माता रानी की आरती संपन्न किया गया।

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य से कई प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



**भिलाई, 5 जनवरी।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल बिट्टू से सर्व समाज कल्याण समिति एवं भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें नववर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। मुलाकात के दौरान सामाजिक सौहार्द, सर्व समाज के कल्याण तथा क्षेत्र के विकास से जुड़े विषयों पर सकारात्मक एवं सौहार्दपूर्ण चर्चा हुई। चैतन्य बघेल ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए समाजहित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सर्व समाज कल्याण समिति के महासचिव मलकीत सिंह, अनिल सिंह, उपाध्यक्ष जोगा राव, शाहनवाज कुरैशी, कोषाध्यक्ष अनिल चौधरी, निर्मल सिंह निम्मे, रमन राव, इंद्रजीत सिंह चिंटू, पंकज शर्मा, वाजीद अंसारी एवं सुनील यादव सहित समिति के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## एक नजर

### चोरी का आरोपी यूपी से गिरफ्तार



**भिलाई, 5 जनवरी (तछसं.)।** भिलाई स्मृति नगर के नकबजनी एवं नेहरूनगर में चोरी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है प्रकरण का एक आरोपी फरार है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि प्रार्थी अभिषेक बोरकर (24 साल) निवासी सड़क स्मृति नगर ने 7 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज करायी की उनका पड़ोसी रामदत्त शर्मा के घर का दरवाजा का ताला टूटा है तथा घर का सारा सामान बिखरा हुआ है। मकान मालिक राम दत्त शर्मा अपनी पत्नी के साथ महाकाल दर्शन करने उज्जैन गए थे। प्रार्थी पीड़ित राम दत्त शर्मा के घर जाकर चौकीदार हेमराज यादव के साथ देखा कि घर के ग्रील दरवाजे का ताला टूटा हुआ एवं मेन दरवाजे का इंटरलाकर टूटा हुआ घर के अंदर बेडरुम का समान बिखरा हुआ था तथा घर में रखे नगदी, और चांदी की मूर्ति एवं ड्रायफुट को कोई अज्ञात चोरी कर ले जाने पर धारा 331 (4), 305(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उसी रात प्रार्थी सुनील कांकेर निवासी नेहरूनगर के घर का ताला तोड़कर नगदी रकम एवं सोने के जेवरात चोरी करने की रिपोर्ट पर अपराध कायम किया। आरोपी की तलाश के दौरान मुखबीर की सूचना पर एसीसीयू की टीम एवं थाना सुपेला तथा चौकी प्रभारी स्मृति नगर के द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए संदेही रविन्द्र पाल गौतम उर्फ राहुल निवासी संभल उत्तरप्रदेश को पकड़ा पूछताछ करने पर घटना समय को अपने साथी राम भरोसे उर्फ अनिल के साथ मिलकर रात्रि में मकान मालिक रामदत्त शर्मा के घर का ताला तोड़कर गुलक में रखे नगदी, चांदी की मूर्ति शराब के बोतल एवं ड्रायफट को चोरी करना बाद उसी रात को कुछ दूरी पर मकान मालिक सुनील कंकेर के घर का ताला तोड़कर नगदी व सोने की अंगूठी को चोरी करना नगदी रकम को आपस में बांट लेना व चोरी अंगूठी व चांदी की मूर्ति को उत्तर प्रदेश में जाकर नंद किशोर ज्वेलर्स में बेचना बताया एवं मिले रुपये को दोनों आपस में बांट लिये एवं रकम को खर्च कर देना बताया ।

### हेरोइन बेचने वाले 2 युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 5 जनवरी (तछसं.)।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र के हेरोइन (चिट्टा) का अवैध कारोबार कर नशा बेचने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से कुल 5.6 ग्राम चिट्टा, 2 मोबाइल समेत 1 लाख 12 हजार रुपए का सामान जब्त किया गया छावनी सीएसपी प्रशांत सिंह पैकर ने बताया कि मुखबिरकी सूचना पर कैंप-2 भिलाई निवासी उत्तम सिंह उर्फ बॉबी और बैकुंठ धाम दशहरा मैदान कैंप-2 मोहित सिंह चिट्टा बेचने के लिए ग्राहकों की तलाश कर रहे हैं छावनी थाने पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत के तहत अपराध कायम किया है।

### ट्रक की टक्कर से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त

**भिलाई, 5 जनवरी (तछसं.)।** भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र के ट्रक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए विद्युत ट्रांसफार्मर को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया जूनियर इंजीनियर की रिपोर्ट पर वैशाली नगर पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है इस हादसे में विद्युत मंडल का ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया है इसके कारण छत्तीसगढ़ विद्युत कंपनी को 4.85 लाख का नुकसान हुआ है वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि ट्रक चालक ने तेजगति एवं लापरवाही पूर्वक खतरनाक तरीके से चलाकर गुरुनानक नगर पांच मंदिर के सामने स्थापित 200 केव्हीए के ट्रांसफार्मर को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया इस से ट्रांसफार्मर पूरी तरह से खराब हो गया है इसके कारण आसपास की विद्युत सप्लाई बंद हो गई घटना स्थल का पंचनामा सहायक अभियंता सुपेला जोन दिनेश कुमार गुप्ता द्वारा तैयार किया गया। इसमें 4,85,403 रू का नुकसान हुआ। गोविन्द मिश्रा कनिष्ठ यंत्री छ.ग.रा.वि.वि.क. मर्या. सुपेला जोन थाना सुपेला थाना की लिखित शिकायत पर वैशाली नगर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ धारा 184, 139, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# ग्राम औंसर में दो दिवसीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई,5 जनवरी।** ग्राम औंसर में गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा में डीजे, अखाड़ा और पंथी नृत्य के साथ सतनामी समाज के लोग और ग्रामीणजन शामिल हुए। फिर जयस्तंभ में पालों चढ़ाने का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

पंथी नृत्य प्रतियोगिता के दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अशोक साहू जी विधायक प्रतिनिधि जिला पंचायत दुर्ग, संतराम कुर्रे अध्यक्ष तहसील सतनामी समाज पाटन, राजेश ठाकुर सरपंच निपानी, सोहन जोशी, प्रियालता महिपाल सरपंच ग्राम पंचायत औंसर, रमौतीन भारती पूर्व सरपंच औंसर, पवन डहरे, राज बांधे, गौरव कौशल शामिल हुए। चतुर्वेदी, गुलाब बंजारे, कमलेश महिपाल, गजेन्द्र भारती, उमेश जोशी, बालाराम चतुर्वेदी, किर्ति भारती, रमेश गायकवाड़, रविन्द्र भारती, राकेश गायकवाड़, टीकम महिपाल, डोमन कुर्रे, सूर्यकांत चतुर्वेदी, शैलेन्द्र टंडन, रिखी राम महिपाल, जितेन्द्र कुर्रे, सुरेश भारती, ईश्वर भारती, लक्ष्मण बंजारे, रोमाराय कुर्रे, गुमान सिंह भारती, डोरी लाल महिपाल, मनोज भारती, मिथलेश भारती, श्रवण भारती, झाडू राम महिपाल, टेक सिंह भारती, लखन भारती, योगेश कुर्रे, गजेन्द्र टंडन, महेंद्र मनहरे, टेकसिंह भारती, कृष्ण कुमार जोशी, लछनू महिपाल, दीलिप भारती, गोविन्द भारती, विकास कुर्रे, तिरिक टंडन, दूजराम भारती, मनीराम भारती, विमल गायकवाड़, हरिश महिपाल, वर्गेश भारती, अंकित महिपाल, नकुल भारती, गोकुल भारती, अंजू महिपाल, राजेन्द्र चतुर्वेदी, पुष्पांजलि गायकवाड़, श्यामा भारती, रोशनी चतुर्वेदी, त्रिवेणी भारती, शशि वर्मा, प्रकाश भास्कर, डोमन वर्मा , राकेश यादव, ठाकुरराम सोनवानी, ओमप्रकाश अवसर, रमाकांत साहू, मनोज पटेल, भेष कुमार आठे, मनोज वर्मा, ओमप्रकाश धनकर, मुकेश साहू, लुभम बंछोर सहित ग्रामीणजन भारी संख्या में उपस्थित थे।

# रिया तिवारी ने साउथ एशियन बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप में स्वर्णपदक जीतकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,5 जनवरी।** श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल, कवर्धा की पूर्व छात्रा रिया तिवारी ने साउथ एशियन बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस सफलता ने न केवल भारत का गौरव बढ़ाया है, बल्कि कवर्धा जिले सहित अपने विद्यालय श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल का नाम भी राष्ट्रीय पटल पर रोशन किया है।रिया ने 2017 में श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल से बॉल बैडमिंटन खेलना प्रारंभ किया था और तब से लेकर आज तक उसने 22 राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं और 10 राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। गौरतलब हो कि रिया विद्यालय के समय से ही खेल के प्रति समर्पित रही ,जिसके फलस्वरूप उसका चयन खेल कोटा से एम आर यूनिवर्सिटी चेन्नई में हुआ था ,साथ ही इसने छत्तीसगढ़ की टीम से कप्तान का दायित्व सँभाल कर चार देशों की टीम को पछाड़ते हुए पुनः अपने कर्तव्य को विजय में परिणित किया है जो काबिले तारीफ है ।

छात्र रिया की इस अप्रतिम सफलता पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती एम. शारदा ने कहा, रिया की इस उपलब्धि ने हमें गर्व महसूस कराया है। हम हमेशा से मानते हैं कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को भी बढ़ाता है।स्कूल के प्रबंधक डॉ. आदित्य चंद्रवंशी ने कहा, रिया की सफलता हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। हम आशा करते हैं कि उसकी इस उपलब्धि से अन्य छात्र भी प्रेरित होंगे और खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

रिया की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि कवर्धा की धरती पर भी खेल के सितारे पैदा होते हैं और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हैं। इस उपलब्धि पर संपूर्ण रामकृष्ण विद्यालय परिवार गौरवान्वित है एवं आगामी दिनों में उक्त छात्रा का भव्य सम्मान करके उनके अनुभव से विद्यालय के बच्चों को मुखातिब कराया जायेगा।



### शराब बेचते 2 गिरफ्तार

**भिलाई, 5 जनवरी (तछसं.)।** भिलाई पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र के अवैध शराब बेचने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम किया है पद्मनाभपुर टीआई राजकुमार लहरे ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सीएच 4 दुर्गा मंदिर सेक्टर - 5 भिलाई निवासी राज नायक और धनोरा संतोष गिरी को गिरफ्तार किया गया है आरोपियों के पास से पद्मनाभपुर थाने पुलिस ने अवैध शराब व एक्टिवा सीजी 07 सीआर 4533 जब्त किया गया है जिसकी कीमत 78 हजार 200 रुपए आंकी गई है मामले में पद्मनाभपुर थाने पुलिस तीन अन्य आरोपी की तलाश में है ।

# पटेल समाज ने धूमधाम से मनाई शाकंभरी और माता सावित्री बाई फुले जयंती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 5 जनवरी ।** कबीरधाम विधानसभा के सिवनीखुर्द में ग्रामीण स्तरीय पटेल समाज मां शाकंभरी और सावित्री बाई फुले जयंती का आयोजन रखा गया। इस कार्यक्रम के मुख्यअथिति जिला पंचायत सदस्य व सभापति राजकुमार मेरावी, अध्यक्षता समाज प्रमुख मानक अलकरे, विशिष्ट अतिथि मंडलअध्यक्ष रेंगाखार गजानंद यादव जी,पूर्व मंडल अध्यक्ष कपूरचंद ठाकरे,सरपंच प्रतिनिधि राकेश चंद्र श्रीवास्तव, मंत लाल मरकाम, विमला यशवंत पालके, वाय.एल. पालके, आई. एल. पालके, राधे पटेल, रूखमणी पटेल,दीपक टांडे,हरि राम पटेल,गेंद लाल पटेल, मोहपत पटेल (ग्राम पण्डा)वरिष्ठ गण उपस्थित थे।

सबसे पहले अतिथियों के द्वारा पूजा अर्चना से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष गजानंद यादव जी ने पटेल समाज की कुल देवी माता शाकंभरी की महिमा और दैत्य की विनाश का वर्णन किया। साथ ही समाज के सदस्यों को पौष पूर्णिमा व मां शाकंभरी जयंती की शुभकामनाएं देते हुए समाज में एकता एवं एक दूसरे से जुड़े रहने की बधाई और दी।मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य व सभापति राजकुमार मेरावी जी ने भारत की पहली महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले के 195 वीं जयंती के अवसर पर उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए महिला उत्थान और उनके शिक्षा के प्रति समर्पण को याद किया । पटेल समाज की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज शिक्षा, सामाजिक समरसता, सेवा कार्यों और सांस्कृतिक संरक्षण के क्षेत्र में लगातार सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने समाज द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों को अनुकरणीय बताया। विशिष्ट अतिथि कपूरचंद ठाकरे पूर्व मंडल अध्यक्ष ने कहा कि पटेल समाज एक मेहनत कस समाज है, संगठित होकर यह समाज निरंतर आगे बढ़ रहा है। यह समाज प्रकृति के संरक्षक है, हरी सब्जी उत्पादन कर जनमानस को स्वस्थ रखता है। श्री मानक अलकारे समाज प्रमुख सिवनी खुर्द ने कहा कि महिलाओं ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। पूरे आयोजन में अनुशासन, श्रद्धा और सामाजिक एकता की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

कार्यक्रम को आनंददायक और आकर्षित बनाने के लिए बच्चों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें स्वागत गीत, सावित्रीबाई फुले की अमर कहानी और बारहमासी जैसे गीत थे। वाय.एल. पालके जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं कोषाध्यक्ष ने समाज में नवयुवक की कमी और बढ़ते हुए नशा पर चिंता व्यक्त किया साथ ही पटेल समाज के पदाधिकारियों की ओर से अतिथियों का आभार व्यक्त किया और माता शाकंभरी से समाज सहित पूरे क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।कार्यक्रम के दौरान भव्य आरती की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन अपने सुमधुर आवाज में श्री तातू राम पालके जी द्वारा किया गया। इस बीच दर्शक दीर्घा में जीवनलाल तलवरे, सनकू पटेल, देवीलाल नेताम, कोमल मेंरावी, संतोष पेंद्रे, कन्हैयालाल धुर्वे, प्रेमवती दौलत कुसरे, श्रीमती जनित बलवंत पटेल,मंशा राम पटेल, सदा राम पटेल, मनोज पटेल, शिक्षक ललित कुमार निषाद,मनीष कुमार साहू,नरेंद्र सिंह राजपूत,कीर्ति पटेल, रामकली पटेल, कमलाबाई पटेल, बुधिया बाई पटेल, कुमकुम, पायल, मानसी चित्रेश्वरी, वैष्णवी, दिशा, लक्ष्मी, साक्षी, शीतल, भुनेश्वरी, कल्पना आदि उपस्थित थे।

# ब्रह्माकुमारीज आनंद सरोवर बघेरा में धूमधाम से मनी छेरछेरा पुन्नी



**भिलाई, 5 जनवरी ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर परिसर के कमला दीदी सभागार में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक एवं ऐतिहासिक लोकपर्व छेरछेरा पुन्नी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग संसदीय क्षेत्र के सांसद विजय बघेल, दुर्ग नगर निगम की महापौर श्रीमती अलका बाघमार, संजय बोहरा, श्रीमती सुनीता बोहरा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आगंतुक अतिथियों का स्वागत पारंपरिक छत्तीसगढ़ी गीतों एवं मनमोहक नृत्य के माध्यम से चयन, विवेक एवं तरुण भाई द्वारा किया गया। इसके पश्चात ब्रह्माकुमारी बहनों ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारीज दुर्ग की संचालिका रीटा दीदी ने छेरछेरा पुन्नी पर्व के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस लोक पर्व की शुरुआत कलचुरी राजवंश के राजा कल्याण साय के काल में हुई थी। उन्होंने पर्व की पृष्ठभूमि, रानी फुलकेना द्वारा प्रजा को दान देने की परंपरा तथा इसे फसल उत्सव एवं दान के पर्व के रूप में मनाने की परंपरा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि इसी परंपरा के तहत लोग छेरछेरा, माई कोठी के धान ला हेरहेरा कहते हुए अन्नदान करते हैं। रीटा दीदी ने छेरछेरा पर्व से जुड़ी जनश्रुतियों का उल्लेख करते हुए माता शाकंभरी देवी की कथा का भी वर्णन किया, जिनकी कृपा से अकाल समाप्त हुआ और धरती पुनः अन्न, फल-फूल से भरपूर हुई। इस अवसर पर दुर्ग सांसद विजय बघेल ने उपस्थित जनसमूह को छेरछेरा पुन्नी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा लुप्त होते पारंपरिक पर्वों को जीवंत रूप में मनाना अत्यंत सराहनीय कार्य है।

# माता शाकम्बरी की कृपा से समाज समृद्धि के पथ पर अग्रसर : डिप्टी सीएम शर्मा

- उपमुख्यमंत्री ग्राम मैनपुरी, बीरुटोला, अमलीडीह, बरपेला टोला, सोहागपुर एवं घुघरीखुर्द में आयोजित शाकम्बरी जयंती समारोहों में हुए शामिल, ग्राम सोहागपुर में किचन शेड का किया लोकार्पण




**रायपुर, 5 जनवरी।** माता शाकम्बरी जयंती के पावन एवं पुण्य अवसर पर शनिवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा कबीरधाम जिले के ग्राम मैनपुरी, बीरुटोला, अमलीडीह, बरपेला टोला, सोहागपुर एवं घुघरीखुर्द ग्रामों में आयोजित जयंती समारोहों में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने माता शाकम्बरी की विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं जिलेवासियों के सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने सोहागपुर ग्राम में किचन शेड का विधिवत लोकार्पण भी किया।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने समाजजनों को संबोधित करते हुए माता शाकम्बरी के आदर्शों, सामाजिक समरसता, परिश्रम और सहकारिता की भावना पर प्रकाश डाला तथा कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकता के सूत्र में बांधने के साथ-साथ सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। इस दौरान उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि पटेल समाज सदैव से परिश्रमी, आत्मनिर्भर और स्वाभिमानी समाज रहा है। माता शाकम्बरी की कृपा से यह समाज धन-धान्य से सम्पन्न रहा है और उसने हमेशा मिल-जुलकर कार्य करने की परंपरा को आगे बढ़ाया है। मरार-पटेल समाज के भाव में सहकारिता निहित है, जिसके बल पर समाज और सरकार मिलकर विकास के अनेक कार्यों को सफलतापूर्वक आगे बढ़ा सकते हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पटेल समाज अपने उद्यम, श्रम और पुरुषार्थ से न केवल स्वयं आगे बढ़ा है, बल्कि समाज के अन्य वर्गों के पोषण और सहयोग में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। आज आवश्यकता है कि अन्य समाज भी पटेल समाज के परिश्रम, अनुशासन और सामूहिकता से सीख लें।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने माता शाकम्बरी से प्रार्थना करते हुए कहा कि माता की कृपा से सभी के घरों में धन-धान्य की वर्षा हो, खेत-खलिहान लहलहाते रहें, सभी नागरिक स्वस्थ और सुखी रहें तथा क्षेत्र निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के साथ मिलकर गांव, गरीब, किसान और श्रमिक के उत्थान के लिए सतत प्रयास कर रही है।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री शर्मा ने विभिन्न ग्रामों में चल रहे विकास कार्यों की स्थिति की भी जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए, इसके लिए सभी को मिलकर जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा।

इस अवसर पर जिला भोयरा मरार पटेल समाज के अध्यक्ष शंकर पटेल, संतोष पटेल, परदेशी पटेल, जिला पंचायत सदस्य लोकचंद साहू, विजय पटेल, बोड़ला जनपद अध्यक्ष राम किंकर वर्मा, उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, लोहारा अध्यक्ष संतोष मिश्रा, संतोष पटेल, कांतिराम पटेल, भगत पटेल, ललिता सुखदास पटेल, भीम सिंह पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम कुमार भट्ट, तीरथ पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

**समाचार संक्षेप**

## मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

**रायपुर, 5 जनवरी।** राजधानी रायपुर के पंडरी थाना क्षेत्र में आज सुबह एक दर्दनाक हादसे में एक युवक की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना सुबह लगभग 11 बजे की बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पंडरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक रेलवे ट्रैक के पास मौजूद था, तभी तेज रफ्तार से गुजर रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मालगाड़ी को कुछ देर के लिए रोका गया, वहीं घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसा अचानक हुआ और युवक को संभलने का मौका तक नहीं मिला।ूचना मिलने पर पंडरी थाना स्टाफ तत्काल मौके पर पहुंचा।

पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कर लिया और शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की। घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ-साथ पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ भी की, ताकि हादसे के कारणों का स्पष्ट पता लगाया जा सके।मामले में जानकारी देते हुए पंडरी थाना प्रभारी स्वराज त्रिपाठी ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि रेलवे ट्रैक के पास एक युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस मृतक की पहचान के लिए आसपास के थानों में सूचना भेज रही है और गुमशुदगी के रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं।थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में युवक की मौत मालगाड़ी की चपेट में आने से होना प्रतीत हो रही है। हालांकि यह हादसा है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है, इसकी पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी है, ताकि मौत के सही कारणों का पता लगाया जा सके।घटना के बाद रेलवे ट्रैक के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस इलाके में अक्सर लोग रेलवे ट्रैक पार करते हैं, जिससे इस तरह के हादसों की आशंका बनी रहती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि रेलवे ट्रैक के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और मृतक की पहचान होने के बाद उसके परिजनों को सूचना दी जाएगी। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर रेलवे ट्रैक के आसपास सतर्कता और सुरक्षा उपायों की आवश्यकता को उजागर कर दिया है।

## जो जितना बड़ा घोटाला और भ्रष्टाचार करेगा वह कांग्रेस में उतना ही आगे बढ़ेगा : देवलाल

**रायपुर, 5 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार चैतन्य बघेल की जमानत पर रिहाई के बाद निकाले गए जुलूस पर करारा कटाक्ष किया है। ठाकुर ने कहा कि चैतन्य का जुलूस निकालकर प्रदेश के कांग्रेस नेताओं ने यह साबित कर दिया कि कांग्रेस भ्रष्टाचार के साथ खड़ी है और जो जितना बड़ा घोटाला व भ्रष्टाचार करेगा, वह कांग्रेस में उतना ही आगे बढ़ेगा।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ठाकुर ने कहा कि हजारों करोड़ रुपए के शराब घोटाले में एक ओर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य (बिट्टू) की जमानत पर रिहाई हो गई जबकि दूसरी ओर इसी शराब घोटाला मामले में भूपेश सरकार में मंत्री रहे आदिवासी नेता कवासी लखमा आज भी जेल में बंद हैं। बघेल अब लखमा की खोज-खबर तक नहीं ले रहे हैं, जबकि मुख्यमंत्री रहते हुए बघेल ने ही लखमा के पढ़े-लिखे नहीं होने का फायदा उठाते हुए सारे कागजों पर उनके ही दस्तखत कराए और आज वही आदिवासी नेता जेल में बंद है। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की सदैव से यही रीति-नीति रही है कि आदिवासियों का शोषण कर उनकी राजनीतिक हत्या करे।

**एक नजर**

### मुख्यमंत्री निवास में 8 जनवरी गुरुवार को होगा जनदर्शन

**रायपुर, 5 जनवरी।** मुख्यमंत्री निवास कार्यालय रायपुर में 08 जनवरी गुरुवार को जनदर्शन का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इस अवसर पर प्रदेशवासियों से सीधे संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे। मुख्यमंत्री साय ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का त्वरित और संवेदनशील निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को समयबद्ध समाधान मिल सके।

### कबीर स्मृति महोत्सव में पद्मश्री भारती बंधु के भजन से श्रद्धालु हुए भावविभोर

**रायपुर, 5 जनवरी।** सद्गुरू कबीर विश्व शांति मिशन संस्थान द्वारा छत्तीसगढ़ संत संगठन के संयोजकत्व में सद्गुरू कबीर स्मृति महोत्सव का आयोजन एवं आध्यात्म सम्मेलन मेकाहारा सभागार में सुबह 11 से 3 बजे के मध्य सम्पन्न हुआ। उक्त आयोजन में संत समाज के हजारों श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर संत कबीर के भजनों में डूबकर कार्यक्रम का आनंद लिया। उक्त अवसर पर छत्तीसगढ़ पद्श्री भारती बंधु एवं डॉ. सुरेश ठाकुर सहित अन्य कलाकारों ने संत कबीर के जीवन पर आधारित संदेशों को भजनों में बांधकर उपस्थितजनों को भावविभोर कर दिया। सम्मेलन में विभिन्न समाज के समाजसेवकों को उनके द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में दिए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम में दुधाधारी मठ के महंत रामसुंदर दास द्वारा विभिन्न व्यक्तित्वों का सम्मान किया गया। पत्रकारिता के क्षेत्र में आरएनएस एजेंसी के प्रबंध संपादक हर्ष शुक्ला एवं वरिष्ठ पत्रकार आरएनएस आरडी महंत का समाज के संतों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उक्त आयोजन में प्रदेश भर से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर संत कबीर की वाणी को उपस्थित संतों द्वारा न केवल सुना अपितु अपने जीवन में संत कबीर द्वारा दिए गए संदेशों को आत्मसात करने का संकल्प भी लिया।

### छत्तीसगढ़ की लोक नृत्य एवं लोक कला पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का समापन

**रायपुर, 5 जनवरी।** छायाचित्रों के माध्यम से छत्तीसगढ़ के लोक जीवन, सांस्कृतिक विविधता एवं परंपराओं के संरक्षण का सशक्त संदेश देने वाली लोक नृत्य एवं लोक कला पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का सफल समापन हुआ। समापन अवसर पर प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रदर्शनी की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का सराहनीय प्रयास बताया तथा इस प्रकार के आयोजनों के लिए क्लाउड के निरंतर प्रयासों की सराहना करते हुए प्रोत्साहित किया। छत्तीसगढ़ कला, संस्कृति और परंपराओं की समृद्ध भूमि है, जहाँ तीज-त्योहार, लोक-नृत्य और पारंपरिक कलाएँ आज भी उसी उत्साह और गरिमा के साथ संरक्षित हैं। छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक-कला एक से बढ़कर है। गौरा-गौरी, भोजली, राउत नाचा, सुआ नृत्य, पंथी और करमा नृत्य जैसी लोक-शैली के साथ बांस शिल्प, मृदा शिल्प और टेराकोटा के साथ ही आयरन और मेटल शिल्प से संबंधित फोटो प्रदर्शनी से विस्तृत जानकारी मिल रही है।त्तीसगढ़ की समृद्ध लोक-संस्कृति, पारंपरिक नृत्यों एवं विविध लोक कलाओं को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से क्लाउड एवं संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ के सहयोग से आयोजित इस विशेष फोटो प्रदर्शनी ने राज्य की जनजातीय, ग्रामीण एवं लोक परंपराओं को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया, जिससे छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान और अधिक सुदृढ़ हुई। प्रदर्शनी के दौरान केरल, तेलंगाना, महाराष्ट्र, उड़ीसा, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार सहित ऑस्ट्रेलिया से भी बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे।

पीएम सड़क योजनांतर्गत 18 करोड़ रुपए की लागत से दो प्रमुख सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया

# मजबूत सड़क नेटवर्क से अंतिम छोर के गांव तक पहुंचेगी विकास की रौशनी : उपमुख्यमंत्री शर्मा



**रायपुर, 5 जनवरी।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने आज क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत लगभग 18 करोड़ रूपए की लागत से स्वीकृत दो महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कार्यक्रम के पश्चात सड़क निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ कर दिया गया है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि सुदृढ़ सड़क नेटवर्क किसी भी क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास की बुनियाद होता है। विष्णुदेव साय सरकार का लक्ष्य है कि अंतिम छोर पर बसे गांव तक भी मजबूत और सुरक्षित सड़क संपर्क उपलब्ध कराया जाए, जिससे ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं सहज रूप से प्राप्त हो सकें। भूमिपूजन किए गए सड़क निर्माण कार्यों में मेन रोड से लासाटोला तक 9.89 करोड़ रूपए की लागत की 15.20 किलोमीटर लंबी सड़क एवं एन.एच.-12ए से भेदली तक 8.13 करोड़ रूपए लागत की 12.91 किमी लंबी सड़क का निर्माण शामिल है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि इन सड़कों के निर्माण से लासाटोला, बदराडीह, बम्हनी, महारटोला, नवागांव, नेवासपुर सहित आसपास के अनेक गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही मेन रोड से भेदली जुड़ जाने से भीमपुरी, झिरोनी, जिंदा, खैरझीटी खुर्द, कुटकी पारा, सोनपुरी एवं थूहा डीह के ग्रामीणों को भी बेहतर सड़क सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि सरकार का स्पष्ट और दृढ़ लक्ष्य है कि विकास की रोशनी अंतिम छोर पर बसे गांव तक पहुंचे। इसके लिए मजबूत, सुरक्षित और सर्वमौसम सड़क संपर्क को प्राथमिकता के साथ विकसित किया जा रहा है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि इन क्षेत्रों में सड़क निर्माण हो जाने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी, किसानों को अपनी उपज मंडियों तक पहुंचाने में आसानी होगी तथा व्यापार एवं रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। विद्यार्थियों को स्कूल-कॉलेज जाने में सुगमता मिलेगी और गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना संभव हो सकेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण अधोसंरचना विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। सड़क, पुल, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। सरकार का संकल्प है कि हर गांव को मुख्य मार्ग से जोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल किया जाए।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण किया जाए, ताकि आम जनता को लंबे समय तक इसका लाभ मिल सके। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारीगण, पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा शासन के प्रति आभार जताया।

# कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने विद्यार्थियों की बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### सरगुजा संभाग के प्रमुख शैक्षणिक एवं तकनीकी, संस्थानों का सूरजपुर के विद्यार्थी करेंगे शैक्षणिक भ्रमण




रायपुर, 5 जनवरी। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जिले के प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित शैक्षणिक भ्रमण को कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह भ्रमण कलेक्टर एस. जयवर्धन के मार्गदर्शन में समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत सूरजपुर जिले के लगभग 200 छात्र-छात्राओं को सरगुजा संभाग के प्रमुख शैक्षणिक एवं तकनीकी संस्थानों इंदिरा गांधी कृषि अनुसंधान केंद्र, आकाशवाणी केंद्र, दरिमा हवाई पट्टी, ठिनठिनी पत्थर तथा संजय पार्क का भ्रमण कराया जा रहा है। छात्र-छात्राएं महिला एवं पुरुष गाइड शिक्षकों के नेतृत्व में इन संस्थानों का अवलोकन कर आधुनिक कृषि तकनीक, रेडियो प्रसारण प्रणाली तथा हवाई यातायात संचालन से संबंधित व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करेंगे। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों में जिज्ञासा, नवाचार और व्यावहारिक दृष्टिकोण विकसित करना है, जिससे उनका शैक्षणिक विजन व्यापक हो और वे पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर वास्तविक जीवन के अनुभव प्राप्त कर सकें। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हो रहा है।

इस अवसर पर पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल, वरिष्ठ समाजसेवीजन सर्वश्री मुरली मनोहर सोनी, राम कृपाल साहू, शशिकांत गर्ग, संदीप अग्रवाल, कौशल प्रताप सिंह, संत सिंह, अरविंद मिश्रा, राजेश महलवाला, शंकर जिंदिया, अजय अग्रवाल, राजेश्वर तिवारी, शैलेश अग्रवाल, देव गुप्ता, अशोक अग्रवाल, संस्कार अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थित रही। शैक्षणिक विभाग की ओर से जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा, जिला मिशन समन्वयक मनोज कुमार साहू, एपीसी शोभनाथ चौबे, बीआरपी गाइड शिक्षक टंडन, विनोद यादव, हर्ष नारायण शर्मा, गौतम शर्मा, अजीत कुमार गुप्ता, अजय उपाध्याय, श्रीकांत पाण्डेय, लौकेश साहू एवं ज्योति साहू उपस्थित थी।

# राजधानी में हर 4 दिन में औसतन 1 हत्या सालभर में हुई 1442 चोरी की वारदात

- सड़क दुर्घटनाओं के दौरान मृत्यु दर में 4 प्रतिशत की वृद्धि, एसएसपी लाल उमेद सिंह ने पेश किया 2025 का रिपोर्ट कार्ड
- यातायात नियमों के उल्लंघन पर 14 करोड़ से अधिक का जुर्माना



**रायपुर,5 जनवरी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर आज पुलिस प्रशासन ने वर्ष 2025 का विस्तृत लेखा-जोखा सार्वजनिक किया। रायपुर पुलिस द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने जिले में दर्ज अपराधों के आंकड़े विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किए।

प्रेस वार्ता में पुलिस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि बीते वर्ष पुलिस ने अपराध नियंत्रण, नशे के खिलाफअभियान, साइबर अपराध और यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापक स्तर पर सख्त और प्रभावी कार्रवाई की है। 1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025 के बीच रायपुर जिले में कुल 15,885 एफआईआर दर्ज की गईं, जबकि वर्ष 2024 में यह संख्या 17,703 थी।

इससे यह स्पष्ट होता है कि कुल अपराधों में गिरावट दर्ज की गई है।प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 में हत्या के 90 प्रकरण दर्ज किए गए। इनमें से 85 मामलों का सफल खुलासा करते हुए पुलिस ने 167 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं हत्या के प्रयास के 97 मामलों में 213 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है।इन आकड़ों के हिसाब से राजधानी में हर 4 दिन में औसतन 1 हत्या हुई है, जबकि, लगभग इतने ही हत्या के प्रयास के मामले है। जो की चिंता का विषय है।एसएसपी सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 में डकैती के 7 मामलों में से 6 मामलों का खुलासा कर 43 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, लूट के 71 मामलों में 137 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई, चोरी के 1,442 मामले दर्ज हुए, जो वर्ष 2024 के 1,497 मामलों से कम हैं। साल 2025 में राजधानी में हर 4 दिन में औसतन 1 चोरी की वारदात हुई है। वहीं इस दौरान नकबजनी के 473 मामले सामने आए, जबकि 2024 में यह संख्या 526 थी। इन आंकड़ों से चोरी और नकबजनी जैसे अपराधों में कमी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।एसएसपी डॉ. सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 में एनडीपीएस एक्ट के तहत 271 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें 445 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

पारदर्शी, तकनीक-संपन्न और किसान-केंद्रित धान खरीदी व्यवस्था ने किसानों के मन की अनिश्चितता को किया दूर

# समय पर भुगतान से किसान दुर्गाप्रसाद के चेहरे पर आत्मविश्वास और संतोष की मुस्कान

**रायपुर, 5 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 किसानों के लिए केवल धान विक्रय का दौर नहीं रहा, बल्कि यह भरोसे, सम्मान और सुरक्षित भविष्य की मजबूत नींव बनकर सामने आया है। राज्य सरकार द्वारा लागू की गई पारदर्शी, तकनीक-संपन्न और किसान-केंद्रित धान खरीदी व्यवस्था ने वर्षों से किसानों के मन में जमी अनिश्चितता को दूर कर दिया है। अब किसान पूरे विश्वास के साथ अपनी फसल उपार्जन केंद्र तक लाता है, क्योंकि उसे यह भरोसा है कि उसकी मेहनत का पूरा मूल्य समय पर सीधे उसके बैंक खाते में पहुँचेगा।

**खेती से अटूट रिश्ता और भरोसे की नई शुरुआत:** इसी बदले हुए विश्वास की सजीव मिसाल हैं मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के ग्राम बरमपुर निवासी किसान दुर्गाप्रसाद पिता कंचनराम। वर्षों से खेती से जुड़े दुर्गाप्रसाद ने मौसम की मार, बढ़ती लागत और बाजार की अनिश्चितताओं के बीच भी खेती से अपना नाता कभी कमजोर नहीं होने दिया। इस वर्ष प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान खरीदी की नीति और 3100 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य ने उनके मन में स्थिरता और सुरक्षा का नया संबल भर दिया। यह केवल आर्थिक लाभ नहीं था, बल्कि उस भरोसे का प्रतीक था, जिसमें किसान ने यह महसूस किया कि सरकार उसकी मेहनत को समझती है और उसके साथ मजबूती से खड़ी है।



**खड़गवां उपार्जन केंद्र पर बदली व्यवस्था की झलक:** तुंहर टोकन 24म7 व्यवस्था के अंतर्गत निर्धारित तिथि पर टोकन प्राप्त कर जब दुर्गाप्रसाद खड़गवां उपार्जन केंद्र पहुँचे, तो उन्हें धान खरीदी की पूरी तरह बदली हुई तस्वीर देखने को मिली। सुव्यवस्थित परिसर, बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल और कर्मचारियों का सहयोगी व्यवहार यह दर्शाता है कि अब धान खरीदी प्रक्रिया में किसान की सुविधा और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। न भीड़, न अफरा-तफरी और न ही अनावश्यक प्रतीक्षा, जिससे पूरी प्रक्रिया सहज, सुचारु और संतोषजनक रही। धान खरीदी के दौरान डिजिटल तौल कांटे, फोटो आधारित सत्यापन और रियल टाइम डेटा एंट्री जैसी आधुनिक तकनीकों ने पूरी व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी व भरोसेमंद बना दिया।

## धन्नू सिंह ने ऑफलाइन टोकन से बेचा 54.80 क्विंटल धान

**रायपुर, 5 जनवरी।** धन्नू सिंह एक साधारण कृषक हैं, जिनकी आजीविका पूरी तरह खेती पर निर्भर है। इस वर्ष उन्होंने सरकार द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत ऑफलाइन टोकन के माध्यम से कोड़ा उपार्जन केंद्र में 54.80 क्विंटल धान का सफलतापूर्वक विक्रय किया। उपार्जन केंद्र पर सुव्यवस्थित व्यवस्था, डिजिटल तौल कांटा, पारदर्शी सत्यापन प्रक्रिया और सहयोगात्मक स्टाफने धान खरीदी को सरल एवं सुगम बनाया। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान खरीदी और



3100 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य की व्यवस्था ने किसान को उसकी मेहनत का पूरा मूल्य सुनिश्चित किया। धन्नू सिंह को धान विक्रय की राशि सीधे उनके बैंक खाते में समय पर प्राप्त हुई, जिससे उन्हें आर्थिक सुरक्षा और भविष्य की योजनाओं को लेकर आत्मविश्वास मिला। धन्नू सिंह बताते हैं कि पूर्व में धान विक्रय के दौरान तौल और भुगतान को लेकर अनिश्चितता रहती थी, लेकिन वर्तमान व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी, भरोसेमंद और किसान-अनुकूल है। समय पर भुगतान से अब अपने बच्चों की शिक्षा, घरेलू आवश्यकताओं और रबी फसल की तैयारी बिना किसी चिंता के कर पा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में लागू की गई इस धान खरीदी व्यवस्था से किसानों का विश्वास सरकार के प्रति और मजबूत हुआ है।

# एकजुट बहुसंख्यक समाज का सम्मान करना पड़ेगा

लोकतंत्र में बहुमत का जितना सम्मान किया जाता है, लोकतंत्र में बहुसंख्यक समाज का भी उतना ही सम्मान करना जरूरी है। जब बहुसंख्यक समाज एकजुट होता है तो वह ऐसी ताकत होता है जिसका सम्मान नहीं करने पर नुकसान हो सकता है। आजादी के बाद कई दशकों तक बहुसंख्यक समाज को सम्मान नहीं किया गया, उसे जाति,भाषा,धर्म,प्रदेश के नाम पर बांट कर रखा गया और अल्पसंख्यक समाज का बहुसंख्यक समाज से ज्यादा सम्मान किया गया, ज्यादा ध्यान रखा गया। ऐसा करने वालों को कई दशकों तक राजनीति में फायदा तो हुआ,वह सत्ता में भी रहे। इससे वह मजबूत भी हुए। मुगालते में रहे कि हमेशा ऐसा ही होगा, हमेशा ऐसा ही चलेगा, वह भूल गए कि जिस दिन कोई ऐसा नेता आएगा जो बहुसंख्यक समाज को याद दिलाएगा कि तुम सबसे बड़े हो, तुम सबसे शक्तिशाली हो,इस देश में वही होगा जो तुम चाहोगे तो एकजुट बहुसंख्यक समाज देश में ऐसी ताकत बन जाएगा जिसका सम्मान सबको करना पड़ेगा। जिसका ख्याल सबको रखना पड़ेगा। जिसकी बात सबको माननी पड़ेगी। बहुसंख्यक समाज को एकजुट करने का काम सबसे तो आजादी के बाद से शुरू हो गया था लेकिन उसका और कोई खास असर नहीं हुआ। कई नेताओं ने हिंदू समाज को जगाने का प्रयास किया लेकिन हिंदू समाज सोया रहा, जाति,धर्म,भाषा, प्रदेश के नाम पर बंटा रहा। इसका सबसे ज्यादा नुकसान राजनीतिक क्षेत्र में हुआ। बहुसंख्यक समाज होने के बाद भी राजनीति में उसकी निर्णायक भूमिका नहीं थी। राजनीति में अल्पसंख्यक समाज को ज्यादा महत्व दिया गया इससे वह राजनीतिक रूप से निर्णायक बना रहा,क्रिया की प्रतिक्रिया होती है, इसमें भले ही समय लगे लेकिन क्रिया की प्रतिक्रिया निश्चित होती है और देश में 80-90 के दशक में शुरू हुई। जब भाजपा के रूप में बहुसंख्यक समाज का नेतृत्व करने वाली पार्टी का गठन हुआ। हिंदुओं को एकजुट करने के लिए एक ऐसे मुद्दे की जरूरत थी जिससे पूरा बहुसंख्यक समाज को लगता कि हां यह हमारा मुद्दा है। राम मंदिर का मुद्दा ऐसा ही मुद्दा था और इस मुद्दे को उठाकर भाजपा ने बहुसंख्यक समाज को एकजुट करने का काम किया। अटल और आडवाणी बहुसंख्यक समाज के बड़े नेता के रूप में उभरे, उनके नेतृत्व में बहुसंख्यक समाज एकजुट होना शुरू हुआ। इससे भाजपा बहुसंख्यक समाज की ताकत के रूप में मजबूत होना शुरू हुई। देश के बहुसंख्यक ताकत के रुप में राजनीति में भाजपा को जगह तो मिली लेकिन देश में अब भी वह नहीं हो रहा था जो बहुसंख्यक समाज चाहता था। 2014 के बाद मोदी के रूप में बहुसंख्यक समाज को ऐसा नेता मिला जिसने बहुसंख्यक को एकजुट किया उसे एहसास दिलाने में सफल रहा कि यह देश तुम्हारा है,तुम यहां निर्णय करने वाले है, तुम जो चाहोगे वही इस देश में होगा । पहली बार बहुसंख्यक समाज ने अपनी ताकत का प्रयोग किया और कई दशकों को बाद किसी बहुसंख्यक समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले दल को बहुमत दिया। इसके बाद तो देश की राजनीति बदल गई है और बहुसंख्यक समाज जो चाह रहा है वही हो रहा है। राजनीति में तीन बार बहुसंख्यक समाज ने भाजपा और मोदी की सरकार बनाई है, राम मंदिर बना ही नहीं है, इतना भव्य,दिव्य बना है कि बहुसंख्यक को इसे देखकर यह लगता है कि हम इस देश में क्या नहीं कर सकते हैं। कई घटनाएं ऐसी हो रही हैं जिससे यह पता चलता है कि बहुसंख्यक समाज के एकजुट होने से देश बदल रहा है। बहुसंख्यक समाज जो चाह रहा है, वह राजनीतिक नहीं हर क्षेत्र के नेतृत्व को करना पड़ रहा है।धार्मिक क्षेत्र के लोग भी अब इसमें प्रमुख भूमिका निभाने लगे हैं। बागेश्वर धाम के पं.धीरेंद्र शास्त्री आज राजनीति के कई बड़े से बड़े नेता से ज्यादा लोकप्रिय है,वह कहते हैं कि वह देश को हिंदू राष्ट्र बनाएंगे तो लोग उनकी बात पर यकीन करते हैं कि ऐसा हो सकता है। देवकीनंदन ठाकुर कहते हैं कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ अत्याचार हो रहा है तो बांग्लादेश के खिलाड़ी को आईपीएल में खेलने का मौका नहीं दिया जाना चाहिए तो उनकी बात मानी जाती है बीसीसीआई के कहने पर केकेआर को बांग्लादेश के खिलाड़ी को हटाना पड़ता है।पहले कोई कल्पना नहीं कर सकता था कि बीसीसीआई किसी संत की बात को मान सकती है, आज यह कल्पना नहीं हकीकत है कि संत की बात बीसीसीआई को माननी पड़ रही है क्योंकि बहुसंख्यक समाज नाराज हो गया तो आईपीएल जो फायदे का है, नुकसान का हो सकता है।

## समस्या

# प्रदूषित जल से जन-जीवन पर संकट: इंदौर की चेतावनी

**सुनील कुमार महला**

कहां गया है कि 'जल ही जीवन है।' लेकिन जल किसी की जान ले लें तो यह बहुत दुखद ही कहा



जाएगा। हाल ही में देश के सबसे साफ शहर माने जाने वाले इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में गंदा पानी पीने की वजह से उल्टी-दस्त होने से कम से कम छह लोगों की मौत की हो चुकी है तथा मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार फिलहाल शहर के 41 अस्पतालों में कुल 203 मरीजों का इलाज चल रहा हैं और इनमें से 34 लोगों को आईसीयू में रखा गया है और उनकी हालत को देखते हुए इलाज पर खास ध्यान दिया जा रहा है। अच्छी बात यह है कि गंदे पानी पीने से उल्टी-दस्त फैलने के बाद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और मरीजों को जरूरी मेडिकल सुविधा दी जा रही है। हालांकि, लोकल लोगों का दावा है कि गंदे पानी से छह महीने के एक बच्चे समेत कुल 16 लोगों की जान गई है। मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह घटना मुख्यतः शहर के कुछ इलाकों में हुई, जहाँ सीवर लाइन और जलापूर्ति पाइपलाइन में लीकेज/क्रॉस-कनेक्शन के कारण दूषित पानी घरों तक पहुंचा। इस पानी के सेवन से लोगों को तेज दस्त, उल्टी, बुखार और डिहाइड्रेशन जैसी गंभीर समस्याएं हुईं तथा जांच में पानी में हानिकारक बैक्टीरिया (जैसे ई-कोलाई) पाए गए, जो मानव मल से फैलते हैं।भारत ही नहीं, आज विश्व स्तर पर दूषित जल एक गंभीर मानव-स्वास्थ्य और विकास समस्या बना हुआ है। बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि विश्व तथा भारत-दोनों स्तरों पर दूषित जल (वाटर पोल्यूशन) के कारण लगभग समान हैं, हालांकि जनसंख्या घनत्व, औद्योगिकीकरण और प्रबंधन की कमी के कारण भारत में इनका प्रभाव अधिक गंभीर रूप में दिखाई देता है। प्रमुख कारणों में प्रमुख रूप से औद्योगिक अपशिष्टों,घरेलू सीवेज और मलजल,कृषि रसायनों का अत्यधिक उपयोग,ठोस कचरा और प्लास्टिक प्रदूषण,धार्मिक और सामाजिक गतिविधियाँ,खनन और निर्माण गतिविधियाँ तथा भूजल का प्राकृतिक व मानवजनित प्रदूषण आदि को शामिल किया जा सकता है। यह बहुत ही दुखद है कि आज विभिन्न कल-कारखानों से निकलने वाला रासायनिक कचरा, भारी धातुएँ (सीसा, पारा, आर्सेनिक), रंग, एसिड और विषैले तत्व बिना पर्याप्त शोधन के नदियों, झीलों और भूजल में छोड़ दिए जाते हैं। इससे जल न केवल पीने योग्य नहीं रहता, बल्कि जलीय जीवन भी नष्ट होता है। हमारे यहां सीवेज सिस्टम भी ठीक नहीं है और आज यह देखने में आता है कि बड़े बड़े शहरों और कस्बों में उत्पन्न होने वाला सीवेज अक्सर बिना उपचार के नदियों में बिना किसी रोक-टोक के धड़ल्ले से प्रवाहित कर दिया जाता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज भारत में सीवेज ट्रीटमेंट क्षमता की कमी के कारण यह दूषित जल का सबसे बड़ा स्रोत बन चुका है। आज खेतों में अधिक उत्पादन लेने के लिए विभिन्न कीटनाशकों, उर्वरकों का प्रयोग किया जाता है। वास्तव में,खेतों में प्रयुक्त रासायनिक उर्वरक, कीटनाशक और खरपतवारनाशी वर्षा के पानी के साथ बहकर जलस्रोतों में पहुँच जाते हैं। इससे नाइट्रेट और फॉस्फेट की मात्रा बढ़ती है, जो जल को विषैला बनाती है।प्लास्टिक, पॉलीथिन, घरेलू कचरा और मेडिकल वेस्ट का अनुचित निस्तारण नदियों और तालाबों को प्रदूषित करता है। आज के समय में तो जल प्रदूषण का एक सबसे बड़ा और गंभीर कारण प्लास्टिक माना जा रहा है। आधुनिक जीवनशैली में प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग किया जा रहा है जैसे पॉलीथिन बैग, बोतलें, पैकेजिंग सामग्री और डिस्पोज़ेबल वस्तुएँ आदि। जिसके परिणामस्वरूप आज हमारी नदियों, झीलों और समुद्रों में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक पहुँच रहा है।पाठक जानते हैं कि प्लास्टिक जैव-अपघटित नहीं होता, बल्कि सैकड़ों वर्षों तक जल में बना रहता है और धीरे-धीरे माइक्रोप्लास्टिक में बदल जाता है। ये सूक्ष्म कण जलीय जीवों द्वारा निगल लिए जाते हैं, जिससे उनकी मृत्यु होती है और अंततः यही विषैले कण खाद्य श्रृंखला के माध्यम से मानव शरीर तक पहुँचते हैं। इसके अलावा प्लास्टिक जल प्रवाह को बाधित करता है, नालों को जाम करता है और जल स्रोतों की प्राकृतिक शुद्धता को नष्ट करता है। इसलिए प्लास्टिक प्रदूषण न केवल पर्यावरण बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी एक गंभीर खतरा बन चुका है। आज दूषित जल की समस्या वैश्विक है, लेकिन भारत में कचरा प्रबंधन की कमजोरी इसे और गंभीर बनाती है।हमारा देश एक धार्मिक देश है और हमारे यहां नदियों, झीलों, पानी के विभिन्न स्त्रोतों आदि में मूर्तियों का विसर्जन, पूजा सामग्री, अस्थि विसर्जन और सामूहिक स्नान जैसी गतिविधियाँ जल में रसायन, रंग और जैविक कचरा बढ़ाती हैं, जिससे जल की गुणवत्ता प्रभावित होती है। आज विकास के नाम पर अंधाधुंध खनन गतिविधियां की जा रहीं हैं और खनन से निकला मलबा, विभिन्न रसायन और निर्माण कार्यों से बहकर आने वाली मिट्टी नदियों में गाद और विषैले तत्व बढ़ाती है, जिससे जल प्रदूषित होता है। यदि हम यहां जल से संबंधित आंकड़ों की बात करें तो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ के अनुसार आज भी दुनिया में लगभग 2.2 अरब लोग सुरक्षित रूप से प्रबंधित पेयजल सेवा से वंचित हैं, यानी उन्हें ऐसा पानी नहीं मिल पाता जो घर पर उपलब्ध, निरंतर और दूषण-मुक्त हो। इनमें से करीब 1.7 अरब लोग ऐसे जल स्रोतों का उपयोग करते हैं, जिनमें मल-जनित प्रदूषण का जोखिम रहता है, जबकि लगभग 115 मिलियन लोग सीधे नदियों, तालाबों और झीलों जैसे सतही जल पर निर्भर हैं। आंकड़े बताते हैं कि दूषित पानी के सेवन से हर वर्ष लगभग 5 लाख से अधिक लोगों की मौत होती है, जिनमें बड़ी संख्या छोटे बच्चों की होती है। इसके साथ-साथ दुनिया में करीब 3.5 अरब लोग सुरक्षित स्वच्छता सुविधाओं से भी वंचित हैं, जिससे जल स्रोतों का प्रदूषण और बढ़ जाता है। ये आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि दूषित जल वैश्विक स्वास्थ्य, गरीबी और असमानता से गहराई से जुड़ी समस्या है।भारत में यदि दूषित जल की बात करें तो हमारे देश में दूषित जल की समस्या एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बन चुकी है। सरकारी व अंतरराष्ट्रीय आकलनों के अनुसार देश की लगभग 62% आबादी पेयजल के लिए भूजल पर निर्भर है, जबकि 250 से अधिक जिलों में भूजल फ्लोराइड, आर्सेनिक, नाइट्रेट, आयरन और भारी धातुओं से प्रदूषित पाया गया है । संसद में प्रस्तुत एक जानकारी के अनुसार 26,000 से अधिक ग्रामीण बस्तियों में लोगों को आज भी दूषित पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।शहरी क्षेत्रों में भी स्थिति चिंताजनक है।एक आकलन के मुताबिक बहुत कम शहरी परिवारों को सीधे नल से सुरक्षित पेयजल उपलब्ध है, जबकि अधिकांश लोग फिल्टर/आरओ पर निर्भर हैं, जिसकी गुणवत्ता हर जगह सुनिश्चित नहीं है । विश्व स्तर पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार भारत में असुरक्षित पानी से जुड़ी मौतों की दर लगभग 35 प्रति एक लाख जनसंख्या है, जो वैश्विक औसत से अधिक है । दूषित जल के कारण डायरिया, हैजा, टाइफाइड जैसी जलजनित बीमारियाँ व्यापक रूप से फैलती हैं, जिससे खासकर बच्चों और ग्रामीण आबादी के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ता है। अंत में यही कहूंगा कि साफ जल प्रत्येक मनुष्य की आवश्यकता है। हमें इसे दूषित होने से बचाना होगा। दूसरे शब्दों में कहें तो जल को दूषित होने से बचाना आज की सबसे बड़ी जरूरतों में से एक है। इसके लिए व्यक्तिगत, सामाजिक और सरकारी—तीनों स्तरों पर ठोस कदम उठाने होंगे। प्रमुख प्रभावी उपायों में क्रमशः प्लास्टिक और ठोस कचरे का सही निपटान बहुत ही महत्वपूर्ण और अहम् है। वास्तव में,नदियों, तालाबों और झीलों में प्लास्टिक, पॉलीथिन व अन्य कचरा फेंकने पर सख्त रोक होनी चाहिए तथा कचरे का पृथक्करण (गीला-सूखा) और पुनर्चक्रण को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।औद्योगिक अपशिष्ट का उपचार किया जाना चाहिए। दरअसल,उद्योगों से निकलने वाले रासायनिक अपशिष्ट को सीधे जलस्रोतों में छोड़ने के बजाय शोधन संयंत्रों में उपचारित करना अनिवार्य किया जाना चाहिए और नियमों का सख्ती से पालन होना चाहिए। घरेलू सीवेज का शोधन जरूरी है।शहरों और कस्बों में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि गंदा पानी नदियों में जाने से पहले साफ किया जा सके।जल को दूषित होने से बचाने के लिए हमें यह चाहिए कि हम कृषि में रसायनों का सीमित, संतुलित उपयोग करें। हमें यह याद रखना चाहिए कि जैविक खेती को अपनाने से भूजल और सतही जल प्रदूषण कम होता है। इसके अलावा खुले में शौच पर पूर्ण रोक,धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में सावधानी बरतकर भी हम जल को प्रदूषित होने से बचा सकते हैं।पूजा-सामग्री, मूर्तियों, फूल-मालाओं और राख(भभूत )आदि को नदियों में प्रवाहित करने के बजाय वैकल्पिक, पर्यावरण-अनुकूल तरीकों को अपनाया जाना चाहिए। वर्षा जल संचयन को महत्व देना चाहिए, जैसा कि वर्षा जल संचयन से भूजल स्तर बढ़ता है और प्रदूषित जल पर निर्भरता घटती है।जल संरक्षण और जल की शुद्धता के लिए जन-जागरूकता और शिक्षा तो जरूरी है ही। वास्तव में,जल संरक्षण और स्वच्छता को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि हर नागरिक जल को दूषित होने से बचाने में अपनी भूमिका निभा सके।संक्षेप में, यह बात कही जा सकती है कि जल संरक्षण केवल सरकार की ही जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह समाज के हर व्यक्ति का साझा दायित्व है।याद रखिए कि छोटे-छोटे प्रयास मिलकर ही स्वच्छ और सुरक्षित जल भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं।

## घूम आएं खूबसूरत श्रीलंका

भारत का नजदीकी देश श्रीलंका अपने समुद्री तटों, हरियाली और प्राकृतिक सुंदरता की वजह से पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है। वहीं विदेश यात्रा का सपना देखने वाले हर भारतीय के लिए श्रीलंका एक ऐसा देश है, जहां पर आप कम बजट में आप घूम सकते हैं। श्रीलंका हर पर्यटक के लिए हरियाली से भरे पहाड़, खूबसूरत समुद्र तट, प्राचीन मंदिर और स्वादिष्ट खाने का लुत्फ उठाने का मौका देता है। यह देश हर पर्यटक के लिए बेहतरीन डेस्टिनेशन है। ऐसे में अगर आप भी बजट में एक खूबसूरत, इंटरनेशनल और शांत डेस्टिनेशनल ट्रिप पर जाना चाहते हैं, तो श्रीलंका एक परफेक्ट ऑप्शन है। आप सिर्फ चार दिन में पहाड़, बीच, संस्कृति और भोजन आदि सब कुछ एक्सपीरियंस कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको श्रीलंका ट्रिप का पूरा खर्च, घूमने की जगहें और बेस्ट टिप्स देने जा रहे हैं।

**श्रीलंका ट्रिप**-अपनी यात्रा की शुरूआत कोलंबो से करना चाहिए। यहां पर आप गंगारामाया मंदिर के दर्शन जरूर करें। वहीं खूबसूरत समुद्री किनारे पर कुछ सुकून के पल बिताएं और मार्केट में खरीददारी करें। रात में कोलंबो में स्टे करें। वहीं दूसरे दिन सुबह कोलंबो से विश्व प्रसिद्ध कांडी की यात्रा करें। आप ट्रेन से यह यात्रा करें। यहां पहुंचकर आप टूथ टेंपल और कैंडी लेक घूम सकते हैं। फिर यात्रा के तीसरे दिन नुवारा एलिया जाएं और यह जगह चाय के बागानों के लिए फेमस है। यहां पर आप रम्बोडा वॉटरफॉल और ग्रेगोरी लेक घूमने जा सकते हैं। ट्रिप के तीसरे दिन नुवारा एलिया से वापस कांड़ी या कोलंबो पहुंचकर रात में स्टे करें। वहीं यात्रा के चौथे दिन नेगोंबो या बेंटोटा बीच घूमने जाएं। यहां पर समुद्र किनारे आराम करें और पार्टनर संग कुछ रोमांटिक और सुकून भरे पल बिताएं। वहीं स्थानीय सी फूड का लुत्फ उठाएं। फिर शाम को एयरपोर्ट के लिए रवानगी कर सकते हैं।

**मिनटेल**-बता दें कि श्रीलंका के फेमस पर्यटन स्थलों में एक मिनटेल है। जिसको पर्वतमाला के रूप में भी जाना जाता है। मिनटेल बौद्ध समुदाय के लोगों के लिए आध्यात्मिक महत्व रखता है।

**रावण फॉल्स**-एला वन्यजीव अभ्यारण्य में रावण फॉल्स एक बेहद खूबसूरत जलप्रपात है। इस वॉटरफॉल का नाम रावण के नाम पर है। यह भी श्रीलंका के सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है।

**एडम पीक**-अगर आप चाहें तो ट्रिप के दौरान एडम पीक को भी एक्सप्लोर कर सकती हैं। इसके शिखर पर एक बौद्ध मठ बना है और यहां एक पत्थर पर पद चिन्ह बना है, जोकि अलग-अलग धर्म के लोगों के लिए विशेष महत्व रखता है।

**सिगरिया रॉक किला**-यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थलों में शामिल यह जगह स्थानीय लोगों के बीच दुनिया के आठवें अजूबे के रूप में प्रसिद्ध है। सिगरिया रॉक किला की खूबसूरती देखकर हर कोई दीवाना हो जाता है।

**खर्च**-भारत के प्रमुख शहरों जैसे दिल्ली, बेंगलुरु और चेन्नई से कोलंबो तक सीधे फ्लाइट मिल जाएगी। भारत से श्रीलंका की राउट ट्रिप फ्लाइट का किराया करीब 12,000 से 18,000 रुपए प्रति व्यक्ति हो सकती है। वहीं अगर आप चाहते हैं कि सस्ती फ्लाइट टिकट मिलें, तो आपको पहले से बुकिंग करवा लें। श्रीलंका में तीन सितारा होटल में एक रात का किराया करीब 2,000-3,000 रुपए हो सकता है। अगर आप यहां पर तीन रातें रुकते हैं, तो करीब 6-9 हजार रुपए प्रति व्यक्ति हो सकता है।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। परिवार विशेषकर बच्चों से अच्छी खबर मिल सकती है। पढ़ाई और क्रिएटिव फील्ड से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल है। बेरोजगार लोगों के लिए आज अवसर बनते दिखाई देंगे और आर्थिक स्थिति मजबूत होने के संकेत हैं।

**वृषभ** आज का दिन करियर ग्रोथ के लिहाज से शानदार रहने वाला है। सरकारी या बड़ी संस्थाओं में काम करने वालों के प्रमोशन के योग बन रहे हैं। बिजनेस से जुड़े लोगों को विदेश या दूरस्थ स्थान से लाभ हो सकता है। घर का माहौल भी आज खुशी से भरा रहेगा।

**मिथुन** आज का दिन सामान्य रहेगा लेकिन पारिवारिक और व्यक्तिगत जीवन में संतुलन बनाए रखना आवश्यक होगा। करियर को लेकर थोड़ी चिंता रहेगी पर सही सलाह और धैर्य आपको बेहतर परिणाम देगा। सरकारी परीक्षा की तैयारी करने वालों के लिए दिन शुभ है।

**कर्क** आज परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। माता-पिता के साथ कहीं घूमने जाने का कार्यक्रम बन सकता है। घरेलू वातावरण खुशनुमा रहेगा और मन प्रसन्न रहेगा। आर्थिक स्थिति भी सहायक बनी रहेगी।

**सिंह** आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और रुके हुए काम आगे बढ़ेंगे। कारोबारी लोगों के लिए दिन लाभदायक है। नौकरी और प्रोफेशन में नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। कला और क्रिएटिव क्षेत्र वालों के लिए भी अच्छे ऑफर आने के संकेत हैं।

**कन्या** आज बिजनेस में कोई बड़ी डील मिलने की संभावना है, जिससे लाभ के अवसर बनेंगे। परिवार में तालमेल बेहतर रहेगा और कोई शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। शाम का समय परिवार और बच्चों के साथ अच्छा बीतेगा।

**तुला** आज आप नए काम और विचारों की ओर आकर्षित होंगे। अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण रखने की कोशिश करेंगे तो आने वाले समय में आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। ऑफिस में अतिरिक्त काम करने से आपके अधूरे काम पूरे हो जाएंगे।

**वृश्चिक** आज का दिन दोस्तों और करीबी लोगों के साथ अच्छा बीतेगा। यदि किसी नए काम की शुरुआत कर रहे हैं तो बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लेना लाभदायक रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें और खानपान में सावधानी बरतें।

**धनु** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। काम आपकी इच्छा के अनुसार पूरे होंगे। ऑफिस में आपके काम और आइडियाज की सराहना होगी। सम्मान और मान–प्रतिष्ठा बढऩे के योग हैं और बॉस भी आपका सहयोग करेंगे।

**मकर** आज का दिन कामकाज में अच्छी प्रगति देने वाला रहेगा। आमदनी बढऩे के संकेत हैं। यदि कोई महत्वपूर्ण काम आज पूरा करना चाहते हैं तो योजना बनाकर चलने से सफलता मिलेगी और काम समय से पहले पूरे हो सकते हैं।

**कुंभ** आज लंबे समय से अटके हुए कामों में सफलता मिलने की उम्मीद है। ऑफिस में जल्दबाजी से बचें और सोच-समझकर निर्णय लें। स्टूडेंट्स के लिए दिन सकारात्मक रहेगा और पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ेगी।

**मीन** आज का दिन शानदार रहेगा। वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ेगी और जीवनसाथी के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। किसी पुराने दोस्त से मुलाकात हो सकती है जिससे पुरानी यादें ताजा होंगी। धार्मिक कार्यों में मन लगा रहेगा।

# Office Job में घंटों बैठना पड़ रहा भारी?

भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपनी सेहत का ध्यान रखना तो भूल ही गए। ऊपर से लंबे समय तक कुर्सी पर बैठकर काम करना, मोबाइल या लैपटॉप पर झुककर रहना और फिजिकल एक्टिविटी की कमी आम हो गई है। जिसका सीधा असर हमारी रीढ़ और नसों पर जरुर पड़ता है। जब कमर या पैर की नसों पर लगातार दबाव बना रहता है, तो दिमाग और मांसपेशियों के बीच सिग्नल सही तरीके से नहीं पहुंच पाते। इस समस्या का परिणाम दर्द, सुन्नता और कमजोरी के रूप में सामने आता है। कई मामलों में दर्द कमर से शुरू होकर धीरे-धीरे पैर तक फैल जाता है। हैरानी की बात यह है कि पैर की नस दबने की दिक्कत अब केवल बुजुर्गों तक सीमित नहीं रही। आज के समय में युवा, ऑफिस में लंबे समय तक बैठकर काम करने वाले लोग और यहां तक कि खिलाड़ी भी इससे प्रभावित हो रहे हैं। अक्सर इसके लक्षण धीरे-धीरे उभरते हैं, जिस वजह से लोग समय रहते डॉक्टर से सलाह नहीं ले पाते। इस लेख में हम आपको पैर की नस दबने के क्या कारण होते हैं बताते हैं- आमतौर पर पैर में नर्व दबने की सबसे बड़ी वजह स्लिप डिस्क होती है। जब कमर की रीढ़ की हड्डी के बीच मौजूद डिस्क अपनी जगह से खिसक जाती है, तो वह आसपास की नसों को दबाने लगती है। इससे दर्द कमर से शुरु होकर पैर तक फैल सकता है, जिसको साइटिका कहा जाता है। जब उम्र बढ़ने लगती हैं तो कई लोगों में रीढ़ की नलिका सिकुड़ने लगती हैं, जिसे स्पाइनल स्टेनोसिस कहा जाता है।

## व्यंग्य

# गटर का अमृत

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

शहर की आबोहवा में 'नंबर वन' होने का ऐसा नशा था कि यहाँ के बाशिंदे हवा नहीं, अहंकार पीते थे। चारों तरफ चकाचौंध, दीवारों पर लच्छेदार पेंटिंग और स्वच्छता के ऐसे कसीदे कि साक्षात् स्वर्ग भी शर्मिंदा हो जाए। पर इस स्वर्ग की नींव में क्या था? वह तो तब पता चला जब यमराज ने गटर के रास्ते शहर में एंट्री मारी। अचानक मोहल्लों में चीख-पुकार मच गई। लोग उल्टियाँ कर रहे थे, तड़प रहे थे, और उनके पेट में वही 'स्वच्छ' पानी हिलोरे मार रहा था जिसे सिस्टम ने फिल्टर के नाम पर परोसा था। भ्रष्टाचार जब चरम पर होता है, तो वह पाइपलाइन में घुसकर नल की टोंटी से बाहर निकलता है। लोग मर रहे थे, और प्रशासन फाइलों में यह ढूँढ रहा था कि मौत का 'स्वच्छता रैंकिंग' पर क्या असर पड़ेगा। हकीकत यह थी कि जिन हाथों ने सफाई का पुरस्कार लिया था, उन्हीं हाथों ने गटर और पीने के पानी की पाइपलाइन का 'निकाह' करा दिया था। यह कोई हादसा नहीं, एक सोची-समझी हत्या थी, जिसमें कातिल कोई इंसान नहीं, बल्कि वह व्यवस्था थी जो चमक-धमक के पीछे सड़न को छिपाए बैठी थी। जब मौत का तांडव बढ़ा, तो जनता ने अपने 'रहनुमा' की तरफ देखा। नेता जी आए, कुर्ता झटकते हुए, पान की पीक थूकते हुए। जब उनसे पूछा गया कि लोग मर रहे हैं, आप क्या कर रहे हैं? तो उन्होंने बड़े ही दार्शनिक अंदाज में कहा— "घंटा!" इस एक शब्द में पूरे तंत्र की संवेदनशीलता सिमटी हुई थी। यह 'घंटा' उस माँ की कोख पर तमाचा था जिसका जवान बेटा पीला पानी पीकर पीला पड़ गया और हमेशा के लिए सो गया। नेता जी का यह शब्द कोई मुहावरा नहीं, बल्कि वह नंगा सच था जो बताता है कि जब तक कुर्सी सलामत है, जनता की जान की कीमत किसी कबाड़ के घंटे से ज्यादा नहीं है। पास ही खड़ा एक बुजुर्ग मालवी लहजे में झल्लाकर बोला— "अरे ओ साब, थारी राजनीति तो उण डोकरी जैसी हो गई जो पराया छोरा मरे तो रोवे भी नी अर आपणा रा राज रा गुण गावे। ये मानख मरी रिया छै अर थने 'घंटा' सूझी रियो? अरे डूब मरो रे चुल्लू भर गंदे पानी में! थारे शर्म नाम की चीज तो नी बची, बस 'नंबर वन' रो ढिंढोरो पीटता फिरो। यो घंटा नी बाजी रियो, यो तो थारी ओछी नीयत की गवाई दे रियो है।" नेता के लिए मौत सिर्फ एक 'न्यूज साइकिल' थी, जिसे एक बेतुके बयान से मोड़ा जा सकता था।

भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी थीं कि ज़मीन के नीचे बिछी पाइपलाइनें एक-दूसरे का गला घोंट रही थीं। कायदे से तो अमृत बहना चाहिए था, पर बह रहा था वह ज़हर जिसने घरों के चिराग बुझा दिए। शहर के अस्पतालों में जगह नहीं थी, पर श्मशान में 'नंबर वन' की कतार लगी थी। लोग कहते हैं कि पानी ही जीवन है, पर यहाँ पानी ही यमदूत बन गया था। परसाई जी की शैली में कहें तो— "देश में दो तरह की पाइपलाइनें होती हैं, एक जो पानी पहुँचाती हैं और दूसरी जो पैसा ऊपर तक पहुँचाती हैं। जब पैसे वाली पाइपलाइन में लीकेज होता है, तो जनता के पेट में गटर का पानी पहुँचने लगता है।" अधिकारी फाइलों पर हस्ताक्षर करने में व्यस्त थे कि मौत की वजह को 'लू' बताया जाए या 'फूड पॉइजनिंग', क्योंकि अगर गंदा पानी मान लिया तो 'नंबर वन' का ताज छिन जाएगा। वह ताज, जो उन मासूमों के कफन से भी ज्यादा कीमती समझा जा रहा था। जनता बेबस थी, वह उस पानी को देख रही थी जो पारदर्शी तो था, पर उसकी गंध में भ्रष्टाचार की सड़ांध साफ महसूस की जा सकती थी। श्मशान की आग ठंडी नहीं हुई थी कि प्रशासन ने नई पेंटिंग का टेंडर निकाल दिया ताकि दीवारें फिर से 'चमक' सकें। बस्ती के नुक्कड़ पर जमा भीड़ अब अपना सब्र खो रही थी। एक बुआजी हाथ में खाली लोटा लेकर चिल्लाई— "अरे ओ नेताजी, 'मुँह में राम, बगल में छुरी' वाली बात करी दई थने तो! ऊँचे-ऊँचे भाषण झाड़ता फिरता था और अब जब जनता मर री है, तो केवे 'घंटा'। अरे, म्हारा टाबर तो पानी पी-पी ने मरी ग्या, अर थारी कुर्सी गरम ही वेती री? यो पाप को घड़ो भरई ग्यो है थारो। जादा घमंड मत कर, 'काठ की हांडी बार-बार नी चढ़े'। अगली बार जब वोट मांगवा आओगा नी, तो थने ई यो गटर को पानी पिलावांगा, तब थांने थाप पड़ेगा की मौत को स्वाद कइ सो वे।" उनकी आवाज़ में वह कंपन था जो सिंहासन हिला दे। मुहावरा है कि 'अंधेर नगरी, चौपट राजा', पर यहाँ तो राजा चौपट नहीं, बल्कि क्रूरता की पराकाष्ठा पर था। उसे जनता की लाशों में भी कोई 'घंटा' सुनाई दे रहा था। यह एक ऐसा रोमांचक मोड़ था जहाँ जनता की प्यास और सत्ता की हनक आमने-सामने थी। सस्पेंस यह नहीं था कि लोग और कितने मरेंगे, सस्पेंस यह था कि इस 'घंटे' की गूँज कब तक सत्ता के गलियारों में खामोश रहेगी। शहर की दीवारों पर बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा था— 'स्वच्छ इंदौर, स्वस्थ इंदौर'। यह एक ऐसा क्रूर मजाक था जिसे पढ़कर मौत के आगोश में जाते हुए व्यक्ति को भी हंसी आ जाए। प्रतीक और लोकोक्तियाँ अपनी जगह बदल रही थीं। 'चुल्लू भर पानी में डूब मरना' अब शर्म की बात नहीं रही थी, क्योंकि चुल्लू भर पानी में तो अब प्रशासन ने मौत का सामान घोल दिया था। जिस शहर को मिनी बॉम्बे कहा जाता था, वह अब मिनी श्मशान बन चुका था। नेता का 'घंटा' कहना दरअसल उस पूरे तंत्र का प्रतीक था जो जनता को सिर्फ 'वोट बैंक' समझता है। जैसे 'खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे', वैसे ही जब व्यवस्था पकड़ी गई, तो वह बेतुके बयानों का सहारा लेने लगी। हर मौत एक फाइल बनकर रह गई, जिस पर धूल की परतें चढ़नी शुरू हो गई थीं। रोमांच तब बढ़ा जब जाँच कमेटी बैठी। कमेटी में वही लोग थे जिन्होंने पाइपलाइन बिछाने का कमीशन खाया था। यह तो वही बात हुई कि 'बकरे की अम्मा कब तक खैर मनाएगी'। जो गुनहगार थे, वही जज बनकर बैठ गए। परसाई जी की आत्मा कहीं कोने में बैठकर मुस्कुरा रही होगी कि देखो, मैंने तो सिर्फ कागज़ के घोड़ों की बात की थी, यहाँ तो गटर के पानी से इतिहास लिखा जा रहा है।

जब शोर थमा और मीडिया की गाड़ियाँ दूसरे शहर की ओर मुड़ गईं, तो उस बस्ती में सिर्फ सन्नाटा और सिसकियाँ बची थीं। वह 'घंटा' अभी भी हवा में गूँज रहा था, पर अब वह सत्ता का अहंकार नहीं, बल्कि मौत की चेतावनी दे रहा था। बुजुर्ग ने अपनी बीड़ी सुलगाई और धुएँ का गुबार छोड़ते हुए कहा— "अरे भई, 'हाथ को कंगन ने आरसी कई', सब दीखी रियो है की कुण कतरो पानी में है। ई दुनिया में भगवान के घर देर है, अंधेर नी। ये जो 'घंटा-घंटा' करी रिया है नी, एक दिन इणकी ई लंका में डंका बाजेगा। जो गंदा पानी आज म्हारा घर में आयो है, वो काल थारे महलां की नींव खोखली करी देगा।" क्या अगली रैंकिंग में फिर यह शहर नंबर वन आएगा? क्या फिर किसी नेता का 'घंटा' जनता के जख्मों पर नमक छिड़केगा? सच सबके सामने है, पर देखने वाली आँखें भ्रष्टाचार की पट्टी से ढकी हैं। यह व्यंग्य उस हर शख्स के नाम है जिसने वह पानी पिया और जो आज एक आंकड़ा बनकर रह गया है। यह कहानी खत्म नहीं हुई है, क्योंकि जब तक व्यवस्था के फेफड़ों में भ्रष्टाचार की सड़न रहेगी, तब तक नलों से 'अमृत' नहीं, बल्कि मौत ही टपकेगी।

नेशनल हाइवे किनारे अब नहीं लगेगी दुकानें, होगी पार्किंग व्यवस्था

# साप्ताहिक बाजार स्थल में की गई तार फेंसिंग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**गीदम। 5 जनवरी।** जिले के गीदम नगर में स्थित साप्ताहिक बाजार को व्यवस्थित करने नपं अमला लगातार प्रयासरत है । इन दिनों बाजार स्थल में तार फेंसिंग करवा दी गई है जिसके बाद अब नेशनल हाईवे के किनारे दुकाने नही लगेगी । यहाँ अब बाजार आने वाले लोगो के लिए पार्किंग व्यवस्था की गई है। बता दे कि गीदम के साप्ताहिक बाजार में लंबे समय से नेशनल हाईवे के किनारे भी दुकानें संचालित हो रही थी जबकि बाजार स्थल पर पर्याप्त मात्रा में बाजार शेड खाली पड़े है । हाईवे के किनारे दुकानें संचालित होने पर सड़क हादसे का खतरा तो बन ही रहा था इसके साथ-साथ यातायात व्यवस्था भी यहाँ चरमरा रही थी। पार्किंग व्यवस्था भी एक तरफ प्रभावित होती थी । दैनिक तरुण छग ने बीते दिनों बाजार की अव्यवस्था पर खबर प्रकाशित की थी जिसके बाद नपं अमले द्वारा बाजार स्थल में तारबंदी करवाई गई, अब दुकानें तार फेंसिंग के अंदर ही लगेगी, तारबंदी के बाहर पार्किंग व्यवस्था होगी, इसके लिए नपं अमले द्वारा रविवार को बाजार पहुचने वाले व्यापारियों को समझाइस भी दिया गया है । इस मामले में नपं सीएमओ श्रीमती हुलसी प्रधान ने कहा कि बाजार स्थल धीरे-धीरे व्यवस्थित हो रहा है आने वाले समय मे और बेहतर होगा। खाली पड़े बाजार शेड भी इस्तेमाल होंगे। पहले सड़क किनारे दुकाने लगती थी तो दुर्घटना का खतरा बना रहता था, इसलिए तार फेंसिंग कराया गया है ताकि दुकाने अंदर लग सके और छोटी-बड़ी वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था बेहतर बनी रहे।

# तारसगांव के पास दिन में दो भालू खेतों में घूमते हुए देखे गए



कांकेर, 5 जनवरी । जिले के चारामा वन परिक्षेत्र के तारसगांव के पास दिन के उजाले में दो भालू खेतों में घूमते हुए देखे गए । यह इलाका गांव से सटा हुआ है, और घनी आबादी वाला क्षेत्र है। जंगली जानवर अक्सर भोजन और पानी की तलाश में शहरी क्षेत्रों की ओर बढ़ते हैं। कांकेर जिले में भालू और तेंदुए जैसे जंगली जानवरों का शहरी क्षेत्रों में दिखना आम हो गया है। ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें इन जानवरों ने मनुष्यों और पालतू जानवरों को नुकसान पहुंचाया है। ग्रामीणों के लिए खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

विदित हो कि हाल ही में चारामा के तेलगुड़ा गांव में एक महिला पर 2 भालुओं ने हमला कर दिया था। सुबह झाड़ू लगाते समय हुए इस हमले में महिला के सिर, कमर और पीठ पर गंभीर चोटें आईं। वह अभी भी चारामा अस्पताल में भर्ती है। इन घटनाओं को देखते हुए वन विभाग से ठोस कदम उठाने की मांग की जा रही है। जंगली जानवर भोजन और पानी की तलाश में लगातार आबादी वाले क्षेत्रों की ओर बढ़ रहे हैं, जिससे ग्रामीणों के लिए खतरा बढ़ गया है । रात के साथ-साथ अब दिन में भी ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं । इसे देखते हुए वन विभाग ने निर्देश जारी किए हैं कि शाम 6 बजे के बाद लोग घर से बाहर न निकलें और अपने पालतू जानवरों का भी ध्यान रखें ।

## एक नजर

### तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आए ट्रैक्टर चालक की मौके पर मौत

**जगदलपुर, 5 जनवरी ।** जिले के बस्तर थाना क्षेत्र अंतर्गत बालेंगा हाईस्कूल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर आज रविवार सुबह एक हुए सड़क हादसे में रायपुर की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक ट्रैक्टर को अपनी चपेट में लिया, जिसमें ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक को बस्तर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, वहीं मृतक ट्रैक्टर चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया गया।बस्तर थाना प्रभारी सुरेश जांगड़े ने बताया कि बागबाहरा निवासी एक युवक अपने ट्रैक्टर से काकड़ीघाट रेत भरने जा रहा था। इसी दौरान बालेंगा हाईस्कूल के पास रायपुर की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी, कि ट्रैक्टर चालक की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने घायल युवक को अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने एक बार फिर राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज गति से दौड़ने वाले वाहनों की रफ्तार पर अंकुश लगाने की मांग उठाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

### दिव्यांग प्रोत्साहन राशि के लिए दावा-आपत्ति आमंत्रित

**कांकेर,5 जनवरी।** समाज कल्याण विभाग अंतर्गत 'क्षितिज अपार संभावनाएं' के तहत मार्च-अप्रैल 2025 में आयोजित कक्षा 10वीं व 12वीं में दिव्यांगजनों की श्रेणी में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप राशि प्रदाय की जानी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 12वीं के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अभनपुर की छात्रा कु. समरिका नेताम को 68.4 प्रतिशत तथा कक्षा 10वीं हेतु शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोड़गांव की छात्रा कु. लिजिया को 90.5 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं, जिन्हें जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से दी गई प्रावीण्यता की जानकारी के आधार पर उक्त योजनांतर्गत राशि प्रदाय करने हेतु नामित किया गया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को दावा-आपत्ति हो तो आवश्यक दस्तावेजों के साथ आगामी 15 जनवरी तक कार्यालय समाज कल्याण जिला कांकेर में दावा अथवा आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### अंत्योदय स्वरोजगार योजना के तहत ऋण के लिए आवेदन 20 जनवरी तक

**कांकेर,5 जनवरी।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कांकेर द्वारा स्वरोजगार स्थापित करने हेतु अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों से आवेदन आगामी 20 जनवरी तक आमंत्रित किए गए हैं। कार्यपालन अधिकारी अंत्यावसायी विकास निगम ने बताया कि अंत्योदय स्वरोजगार योजना के तहत ऋण के लिए जिले के मूल निवासीयुवक-युवती जो अनुसूचित जाति वर्ग से हैं तथा उनकी आयु 18 से 50 वर्ष के बीच है, आवेदन मंगाए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि आवेदक की पारिवारिक वार्षिक आय एक लाख 50 हजार से अधिक न हो। इच्छुक युवक युवती आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र तथा बैंक पास बुक आदि वांछित दस्तावेजों के साथ कार्यालय जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास निगम, कलेक्टोरेट परिसर कम्पोजिट भवन के प्रथम तल कक्ष क्रमांक 06 में 20 जनवरी 2026 तक कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं, साथ ही इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित 2 परिवारों को दी 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि

**जगदलपुर, 5 जनवरी ।** कलेक्टर श्री हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित 02 परिवार को 08 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

कलेक्टर द्वारा दरभा तहसील के ग्राम निलेगोदी बोदेनार निवासी महेश कवासी की मृत्यु सांप काटने से पिता श्री देवलु को, तहसील तोकापाल के ग्राम करेंगा निवासी तेटकू की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नि श्रीमती जाना बघेल को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

# 3 धर्मांतरित परिवार के 11 लोगों 22 वर्ष बाद हिंदू धर्म में घर वापसी की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर ,5 जनवरी ।** बस्तर जिला मुख्यालय के निगम क्षेत्र अंतर्गत विजय वार्ड में आज रविवार को एक महत्वपूर्ण सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ईसाई समाज से जुड़े 11 लोगों ने अपने मूल धर्म हिंदू धर्म में घर वापसी की। यह घर वापसी कार्यक्रम अविनाश सिंह गौतम के मार्गदर्शन में एवं डालेश्वर नाग के नेतृत्व में संपन्न हुआ । जिसमें अविनाश सिंह गौतम और विहिप के नगर अध्यक्ष प्रतीक सिंह ने पैर धोकर भगवा गमछा व श्रीमद भगवत गीता भेंट स्वरूप देकर मूल धर्म में वापसी करवाई। अविनाश सिंह गौतम ने बताया विजय वार्ड के ढालेश्वर नाग व उनके युवा साथियों के अथक प्रयास के बाद लच्छिन बघेल, सोमेश बघेल, मंगल दाई बघेल, फूल बघेल, आशीष बघेल, असीमा बघेल, विलेशी बघेल, सुप्रिया बघेल, गोमती बघेल ,भगवती बघेल एवं पार्वती इन ग्यारह लोगों के परिवार ने 22 वर्ष बाद अपने मूल धर्म में वापसी की और कहा 22 वर्षों बाद श्रीराम ने बुलाया है, तो आना ही पड़ेगा।

इस अवसर पर धार्मिक वातावरण अत्यंत श्रद्धामय रहा। कार्यक्रम के दौरान बहन संगीता साहू जी एवं उनकी भजन मंडली द्वारा सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके पश्चात सभी उपस्थितजनों के लिए राम भोज का आयोजन भी किया गया।घर वापसी करने वाले सभी परिवारों का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत किया गया तथा उन्हें हिंदू संस्कृति, परंपराओं एवं मूल्यों से पुनः जोड़ने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि हिंदू धर्म सनातन, सहिष्णु और सभी को अपनाने वाला धर्म है, जिसमें सभी के लिए समान स्थान है। इस आयोजन से विजय वार्ड क्षेत्र में सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक एकता का संदेश गया। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज को जोड़ने वाला कदम बताया।इस दौरान अविनाश सिंह गौतम, ढालेश्वर नाग, विहिप नगर अध्यक्ष प्रतीक सिंह, अजय सेठिया, कन्हैया सोना, अरुण बघेल, सोमेश नाग, मंजय जाल, मोहन बघेल, ब्रजेश शर्मा, मुन्ना बजरंगी, बंटू पांडे, देवेंद्र कश्यप, शुभम गुप्ता एवं वार्ड के सम्माननीय जन बजरंगदल एवं सक्षम के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### धान खरीदी केन्द्र के निरीक्षण में निर्धारित मात्रा से कम धान मिलने पर हुई कार्रवाई

**जगदलपुर, 5 जनवरी।** कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार तहसीलदार बस्तर द्वारा विगत दिनों धान खरीदी केंद्र रेटावण्ड का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, साथ ही उक्त धान खरीदी केन्द्र में भौतिक सत्यापन के दौरान उपार्जित धान के लगभग 50 बोरे का रेण्डम जांच सहित तौल करवाया गया, जिसमें 20 प्रतिशत धान से भरे बारदाने में निर्धारित वजन से कम धान पाया गया। तहसीलदार बस्तर के प्रतिवेदन के आधार पर उक्त लापरवाही बरतने के कारण सम्बंधित समिति प्रबंधक की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए उपायुक्त सहकारिता संस्थाएं द्वारा प्रभारी समिति प्रबंधक रेटावण्ड को नोटिस जारी किया गया।

# पुनर्वासित युवाओं को जैविक खेती और पर्यटन से जुड़े अवसरों की दी गई जानकारी



**दंतेवाड़ा, 5 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ में पुनर्वासित युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य शासन लगातार प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में दंतेवाड़ा जिले में 134 पुनर्वासित युवाओं के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक, कृषि और पर्यटन भ्रमण का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सोसाइटी के माध्यम से संपन्न हुआ।

दरअसल, हाल ही में पुनर्वासित युवाओं ने जिला प्रशासन के समक्ष कृषि और पर्यटन क्षेत्रों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने की इच्छा जताई थी। उनकी इस मांग को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन की पहल पर यह भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया, ताकि युवाओं को आजीविका के नए विकल्पों से रूबरू कराया जा सके।

भ्रमण के दौरान युवाओं को जैविक खेती की उन्नत तकनीकों की जानकारी दी गई। कृषि विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और भूमगादी जैविक क्लस्टर के समन्वयकों ने कम लागत में अधिक उत्पादन, रासायनिक उर्वरकों के बिना खेती, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और जैविक उत्पादों के विपणन से जुड़े पहलुओं को व्यावहारिक रूप से समझाया। लाइवलीहुड कॉलेज के प्रशिक्षक भी इस दौरान मौजूद रहे। कृषि के साथ-साथ युवाओं को जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण भी कराया गया। यहां उन्हें स्थानीय पर्यटन की संभावनाओं, होम-स्टे संचालन, गाइड सेवाओं, हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों के माध्यम से रोजगार सृजन के अवसरों की जानकारी दी गई। इससे युवाओं को यह समझने का मौका मिला कि पर्यटन क्षेत्र भी आय का सशक्त माध्यम बन सकता है।

भ्रमण से उत्साहित युवाओं ने लाइवलीहुड कॉलेज प्रशासन से दो से तीन दिवसीय विशेष आवासीय कृषि प्रशिक्षण आयोजित करने की मांग रखी। उनका कहना है कि इस तरह के गहन प्रशिक्षण से वे अपने गांव लौटकर उन्नत जैविक खेती को अपनाते हुए स्थायी आजीविका विकसित कर सकेंगे। जिला प्रशासन ने युवाओं की इस सकारात्मक पहल की सराहना करते हुए भविष्य में कौशल विकास और स्वरोजगार से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रमों को और मजबूत करने का भरोसा दिलाया है।

# सुशासन से समृद्धि के सफर पर केन्द्रित सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित मनोरंजक खेल एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**जगदलपुर,5 जनवरी।** जनसंपर्क विभाग द्वारा शनिवार की शाम को स्थानीय बस्तर आर्ट गैलरी में राज्य के रजत जयंती वर्ष तथा राज्य शासन की सेवा और विकास के दो साल सुशासन से समृद्धि का सफर पर केंद्रित सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित मनोरंजक खेल एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आकर्षक लोक नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों को तन्मयता के साथ देखा। साथ ही मनोरंजक खेल एवं क्विज स्पर्धा में सक्रिय सहभागिता निभाई। इस दौरान कला जत्था दल द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक गीतों की सुरमयी प्रस्तुति दी गई, साथ ही एलईडी प्रोजेक्टर के माध्यम से शासन की जनहितकारी योजनाओं पर आधारित वृत्तचित्र का प्रदर्शन कर नागरिकों को इन योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अवसर पर जनसंपर्क विभाग के नोडल अधिकारी संयुक्त संचालक सुश्री इस्मत दानी, मंच संचालन माय एफ़एम के रेडियो जॉकी अनिमेष के द्वारा किया गया ।

इस कार्यक्रम में वहीं क्विज स्पर्धा के अंतर्गत बस्तर की आराध्य देवी मां दन्तेश्वरी के मंदिर, विश्वप्रसिद्ध बस्तर दशहरा, शासन की विभिन्न योजनाओं सहित प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा मन की बात, बस्तर के पर्यटन स्थल धुड़मारास, कांगेर घाटी नेशनल पार्क, कुटुम्बसर गुफा, चित्रकोट, तीरथगढ़, बारसूर, ऐतिहासिक सरोवर दलपत सागर आदि के साथ ही बस्तर की समृद्ध लोक संस्कृति, लोक गीत एवं लोक नृत्य, स्थानीय व्यंजन, पारम्परिक वेशभूषा एवं आभूषण से जुड़े रोचक प्रश्नों का प्रतिभागियों ने त्वरित जवाब दिया। साथ ही कृषक उन्नति योजना, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना इत्यादि योजनाओं पर आधारित सवालों का आसानी से जवाब दिया। इस दौरान उक्त मंनोरंजक खेल और क्विज स्पर्धा के प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए जनसंपर्क विभाग की पत्रिका सहित जनकल्याणकारी योजनाओं को रेखांकित ब्रोसर-फोल्डर प्रदान किया गया। वहीं विजयी प्रतिभागियों को इन प्रचार साहित्य के साथ फूड व्हाउचर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर बादल अकादमी से संबंधित अमला और विद्यार्थी, नेहरू हॉस्टल के छात्रों ने भी की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए उक्त आयोजन को प्रेरक पहल निरूपित किया। इसके अलावा रायपुर में 23-25 जनवरी को आयोजित होने वाले साहित्य उत्सव आदि से अनादि तक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जानकारी दी गई ।

# छत्तीसगढ़ के खेल इतिहास में स्वर्णिम अध्याय, प्रदेश को मिली पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की मेजबानी

**जगदलपुर, 5 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के खेल जगत के लिए यह एक अत्यंत गौरवशाली क्षण है, जब भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने राज्य को खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2025-26 के प्रथम संस्करण की मेजबानी का दायित्व सौंपा है। यह ऐतिहासिक आयोजन विशेष रूप से देश भर की जनजातीय प्रतिभाओं को तराशने और उन्हें एक सशक्त राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। बस्तर जिला प्रशासन और खेल विभाग के लिए यह दोहरी खुशी का विषय है, जहां एक ओर पूरे प्रदेश में खेलों का माहौल बनेगा, वहीं जगदलपुर शहर को एथलेटिक्स और तीरंदाजी जैसी प्रमुख स्पर्धाओं के साथ-साथ डेमो स्पोर्ट्स के रूप में मल्लखम्भ की मेजबानी का जिम्मा भी मिला है।

बस्तर एक आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है जहां के युवाओं में नैसर्गिक खेल प्रतिभा विद्यमान है। यहां के युवाओं ने हाल ही में संपन्न हुए बस्तर ओलंपिक 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था, और अब यह राष्ट्रीय आयोजन उन्हें अपनी क्षमता सिद्ध करने का एक और बड़ा मौका देगा। इस खेल महाकुंभ में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम को चुनने के लिए राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है, जो 6 जनवरी से 8 जनवरी 2026 तक रायपुर और बिलासपुर के विभिन्न खेल मैदानों पर आयोजित किए जाएंगे। चयन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए अलग-अलग खेलों के लिए स्थान और तिथियां निर्धारित की गई हैं। बिलासपुर के बहतराई स्थित स्वर्गीय बीआर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र में 7 जनवरी को प्रातः 9 बजे से तीरंदाजी और एथलेटिक्स के खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, जबकि इसी दिन बिलासपुर के सरकंडा स्थित तैराकी परिसर में तैराकी के ट्रायल होंगे। दूसरी ओर राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम (कोटा) में 6 जनवरी को वेटलिफ्टिंग और 7 जनवरी को कुश्ती व फुटबॉल के ट्रायल आयोजित होंगे। हॉकी के खिलाड़ियों को अपना हुनर दिखाने का मौका 7 और 8 जनवरी को रायपुर के सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में मिलेगा।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि चूंकि यह आयोजन विशेष रूप से ट्राइबल गेम्स है, इसलिए चयन ट्रायल में केवल अनुसूचित जनजाति वर्ग के खिलाड़ी ही भाग लेने के पात्र होंगे। इन ट्रायल्स से चयनित खिलाड़ी आगामी 14 फरवरी 2026 से संभावित मुख्य आयोजन में हिस्सा लेंगे, जिसमें देश भर के लगभग 2500 खिलाड़ियों के शामिल होने की सम्भावना है। बस्तर जिला प्रशासन ने जिले के सभी पात्र खिलाड़ियों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपने जिले एवं क्षेत्र का नाम रोशन करें।

# बस्तर के स्कूलों में अब विद्या समीक्षा केंद्र एप से लगेगी हाजिरी

**जगदलपुर, 5 जनवरी।** बस्तर जिले की शासकीय शिक्षण संस्थाओं में शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज करने की प्रक्रिया को अब पूरी तरह से हाईटेक किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों और प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि अब से शासकीय स्कूलों में उपस्थिति राज्य शासन द्वारा तैयार किए गए विद्या समीक्षा केंद्र मोबाइल ऐप के माध्यम से अनिवार्य रूप से दर्ज की जाएगी। इस कवायद का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार के निर्देशों के अनुरूप प्रतिदिन की उपस्थिति का डेटा शिक्षा मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय विद्या समीक्षा केंद्र को भेजना है, जहां इसकी नियमित समीक्षा की जा सकेगी।

इस नई व्यवस्था को लागू करते हुए विभाग ने एक बेहद महत्वपूर्ण तकनीकी निर्देश भी दिया है, जिसकी अनदेखी करने पर शिक्षकों की उपस्थिति मान्य नहीं होगी। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि शिक्षकों को यह मोबाइल ऐप विद्यालय परिसर में पहुंचने के बाद ही अपने फोन में इंस्टॉल और पंजीकृत करना होगा। दरअसल, पंजीकरण के समय ऐप जीपीएस तकनीक का उपयोग कर विद्यालय की लोकेशन को सेव कर लेता है।

# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की प्रचार वैन को कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया






**कांकेर,5 जनवरी।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में 'खेलो इंडिया' ट्राइबल गेम्स के लिए चयन ट्रायल 6 से 8 जनवरी को रायपुर और बिलासपुर में किया जाएगा। इसके व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु वैन को कांकेर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आज हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने इसके लिए जिले के अधिकाधिक युवक-युवतियों को पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं।

जिला खेल अधिकारी ने बताया कि 'खेलो इंडिया' ट्राइबल गेम्स में हिस्सा लेने के लिए क्यूआर कोड और रजिस्ट्रेशन लिंक से किया जा सकता है। ऑनलाइन पंजीयन, ट्रायल स्थल पर ऑफलाइन पंजीयन भी होगा। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के मूल निवासी जनजातीय खिलाड़ी इसमें भाग ले सकते हैं। चयन ट्रायल में हिस्सा लेने हेतु अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र और आधार कॉर्ड की मूल कॉपी के साथ उपस्थित होना होगा। देश में पहली बार छत्तीसगढ़ की मेजबानी में हो रहे है। यह भी बताया गया कि खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स में राज्य की ओर से खेलने वाली टीमों के चयन के लिए ट्रायल 6 जनवरी से 8 जनवरी तक रायपुर और बिलासपुर में आयोजित किए जा रहे हैं।

### सात खेल विधाओं में किया जाएगा ट्रायल

इस संबंध में बताया गया कि नेशनल ट्राइबल गेम्स में सात खेलों को शामिल किया गया है। इसमें भागीदारी के लिए वेट-लिफ्टिंग, कुश्ती, फुटबॉल और हॉकी के खिलाड़ियों का ट्रायल रायपुर में आयोजित किया गया है। वहीं तीरंदाजी, एथलेटिक्स और तैराकी के खिलाड़ियों के ट्रायल बिलासपुर में होंगे। चयन ट्रायल में शामिल होने के लिए खिलाड़ी अपना ऑनलाइन पंजीयन क्यूआर कोड और रजिस्ट्रेशन लिंक से कर सकते हैं। सभी ट्रायल स्थलों पर ऑफलाइन पंजीयन भी किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ के स्थायी निवासी अनुसूचित जनजाति वर्ग के खिलाड़ी ही चयन ट्रायल में भाग लेने के पात्र होंगे। महिला एवं पुरूष दोनों वर्गों में पात्र खिलाड़ियों के लिए आयु सीमा का कोई बंधन नहीं है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने ट्रायल में हिस्सा लेने पहुंचने वाले सभी खिलाड़ियों से अपने अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र और आधार कॉर्ड/स्थानीय प्रमाण पत्र की मूल कॉपी साथ लाने कहा है। रायपुर में वेट-लिफ्टिंग, कुश्ती, फुटबॉल और हॉकी के ट्रायल रायपुर के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा में 6 जनवरी को सवेरे 9 बजे से वेट-लिफ्टिंग, 7 जनवरी को सवेरे 9 बजे से कुश्ती तथा 7 जनवरी और 8 जनवरी को सवेरे नौ बजे से फुटबॉल के लिए ट्रायल होंगे। इसी प्रकार 7 जनवरी और 8 जनवरी को सवेरे 09 बजे से रायपुर के सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में हॉकी खिलाड़ियों का ट्रायल होगा। बिलासपुर में 7 से 8 जनवरी तक एथलेटिक्स, तीरंदाजी एवं तैराकी खेलो के लिए चयन ट्रायल होंगे।

## एक नजर

### एटीएम को उखाड़ कर पैसे लूटने का था प्लान लेकिन पहुंच गई पुलिस

**जशपुर,5 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ के जशपुर में पुलिस की मुस्तैदी ने बड़ी चोरी की वारदात (ATM Loot Attempt) को होने से पहले ही नाकाम कर दिया. कुनकुरी के नेशनल हाइवे-43 पर स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम को निशाना बनाने पहुंचे नकाबपोश बदमाशों की पूरी प्लानिंग उस वक्त धरी रह गई, जब गश्त पर निकली पुलिस टीम अचानक मौके पर पहुंच गई।जानकारी के मुताबिक, कुनकुरी के नेशनल हाइवे-43 स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम को पीकअप की मदद से उखाड़ दिया. उन्होंने सीसीटीवी कैसरे से बचने लिए उसपर ब्लैक स्प्रे कर दिया. इस बीच गश्त पर निकली पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई. पुलिस को देख नकाबपोश चोरों में हड़कंप मच गया और वह भागने लगे. हालांकि उनके हौसंले बुलंद थे कि पुलिस टीम की टीम पर पथराव कर दिया. राहत की बात रही कि किसी पुलिसकर्मी को चोट नहीं आई.पुलिस की तत्परता से बदमाश एटीएम से कोई भी रकम ले जाने में सफल नहीं हो सके. वह पिकअप वाहन को आधे रास्ते में छोड़कर फरार हो गए. पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में नाकाबंदी कर जांच शुरू कर दी है.जांच में जुटी पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों के आधार पर अज्ञात आरोपियों की तलाश की जा रही है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और गश्त बढ़ा दी गई है।

### दोगुना मुनाफा दिलाने के नाम पर 1.31 करोड़ रुपये की ऑनलाइन ठगी

**बिलासपुर,5 जनवरी ।** दोगुनी रकम कमाने का लालच देकर एक व्यक्ति से 1 करोड़ 31 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह मामला तोरवा थाना क्षेत्र का है।जानकारी के अनुसार, हेमूनगर निवासी कुलवीर सिंह भट्टी पहले हैवंस कंपनी में कार्यरत थे। बाद में उन्होंने नौकरी छोड़ दी। मई 2025 में उनके मोबाइल पर अनजान मोबाइल नंबर से एक लिंक आया। उन्होंने लिंक सर्च किया तो मैसेज आया। उसमें पैसा लगाने पर दोगुना कमाने की बात कही गई थी।ठगों की बातों में आकर कुलवीर सिंह भट्टी ने पैसे जमा करना शुरू कर दिया। मोबाइल धारकों ने अलग-अलग तरीकों से झांसा देकर उनसे लगातार रकम जमा करवाई। इसके लिए उन्होंने घर के जेवरात गिरवी रखे और रिश्तेदारों से उधार लेकर भी पैसे जमा किए। करीब 8 माह के भीतर उन्होंने कुल 1 करोड़ 31 लाख रुपये निवेश कर दिए।जब उन्होंने जमा राशि की दोगुनी रकम की मांग की तो आरोपियों ने 85 हजार रुपये और जमा करने पर भुगतान करने की बात कहकर उन्हें टालते रहे। इसके बाद संबंधित मोबाइल नंबर बंद कर दिए गए। इसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी परिजनों और रिश्तेदारों को दी, तब उन्हें ऑनलाइन ठगी का शिकार होने का एहसास हुआ।इसके बाद पीड़ित थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारकों के खिलाफबीएनएस की धारा 66(घ), 318(4) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मोबाइल में ठगी से बचने के लिए व्हाट्सएप में (एपीके) फाइल न खोलें

**सारंगढ़ बिलाईगढ़, 4 जनवरी।** राज्य में आरटीओ ईचालान से संबंधित स्कैम सामने आ रहे हैं, जिसमें नकली ईचालान के माध्यम से लोगों को ट्रैफिक नियम तोड़ने के बारे में फर्जी तरीके से डराने वाले संदेश व्हाट्सएप के माध्यम से एपीके फाईल का लिंक भेजकर नागरिकों के बैंक खाते से पैसे ठगी करते हैं। ऐसी धोखाधड़ी से बचने के लिए (डॉट एपीके) फाईल पर क्लिक कर ओपन न करें। अपने वास्तविक चालान की जांच करने के लिए अधिकारिक विभागीय वेबसाईट ईचालान परिवहन डॉट जीओवी ई-चालान के पेज पर पर क्लिक कर चालान नंबर एवं कैप्चा कोड डालकर गेट डिटेल पर क्लिक कर मोबाईल ओटीपी डालकर चालान विवरण संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।पुलिस एवं परिवहनके अमले द्वारा जब भी ईचालान भेजा जाता है, तो पंजीकृत मोबाईल में संबंधित को टेक्स्ट मैसेज अधिकारिक वेबसाईट के माध्यम से ही भेजे जाते हैं। आम नागरिकों को किसी ईचालान मैसेज के साथ कोई लिंक मिलता है, तो उस पर कभी क्लिक न करें। कभी भी किसी अजनबी को ऑनलाईन पैसे का भुगतान न करें और अपने खाते से किसी भी लेने देन से सावधान रहें। किसी भी धोखेबाज कॉल, संदेश या ऐप के संबंध में निकट पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

### राम मंदिर के पास बुजुर्गों पर जानलेवा हमला

**सक्ति,5 जनवरी ।** शहर में रविवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसने पूरे मोहल्ले को झकझोर कर रख दिया। राम मंदिर के पास सत्संग में लीन बुजुर्ग महिलाओं पर नशे में धुत्त एक युवक ने जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में दो बुजुर्ग महिलाओं की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें तत्काल सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका प्राथमिक उपचार जारी है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी युवक नशे की हालत में सत्संग स्थल पर पहुंचा और बुजुर्ग महिलाओं से शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। जब महिलाओं ने पैसे देने से इनकार किया तो युवक आपा खो बैठा। उसने वहीं पड़े महिलाओं के डंडे को उठाकर उन पर ताबड़तोड़ वार करना शुरू कर दिया। अचानक हुए इस हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई।हमले की सूचना मिलते ही मोहल्लेवासियों ने तत्परता दिखाते हुए बीच-बचाव किया और घायलों को तुरंत सरकारी अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और हालात को काबू में लिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है!

डोंगीतराई में 70 लाख की लागत से स्कूल अतिरिक्त कक्ष निर्माण का भूमिपूजन

# शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ :ओ.पी.चौधरी





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 5 जनवरी।** वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने डोंगीतराई स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में 70 लाख रुपये की लागत से बनने वाले अतिरिक्त कक्षों के निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। इसके अंतर्गत 06 अतिरिक्त कक्ष, 02 स्टाफ रूम, 01 प्राचार्य कक्ष तथा बालक-बालिका शौचालय का निर्माण किया जाएगा। अतिरिक्त कक्षों के निर्माण से विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध होगा तथा विद्यालय में बढ़ती छात्र संख्या की समस्या का समाधान संभव हो सकेगा।

इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है और सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरी स्तर की शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य में सरकार के गठन के बाद से जनहित में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं, जिससे आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। सरकार की प्राथमिकता है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे और समाज के प्रत्येक वर्ग को सशक्त बनाया जाए। उन्होंने महतारी वंदन योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि डोंगीतराई पंचायत की 502 महिलाओं को अब तक लगभग 1 करोड़ 54 लाख रुपये की सहायता राशि सीधे उनके खातों में अंतरित की जा चुकी है। वहीं महतारी शक्ति ऋण योजना के माध्यम से महिलाओं को कम ब्याज दर पर 25 हजार रुपये तक ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे वे स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि डोंगीतराई एवं भरारीडीह पंचायत में 502 हितग्राहियों को पक्के आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिसके लिए करोड़ों रुपए की राशि जारी की गई है। उन्होंने अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण, रामलला दर्शन योजना एवं तीर्थ यात्रा योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार अपने संकल्पों को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। वित्त मंत्री ने बताया कि विद्यालय परिसर के समग्र विकास एवं बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए डीएमएफ मद से भी आवश्यक राशि उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष निर्माण की स्वीकृति पर शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सांसद श्री राधेश्याम राठिया, नगर निगम महापौर श्री जीवर्धन चौहान, नगर निगम सभापति डिग्रीलाल साहू, महेश साहू, जनपद अध्यक्ष सुजाता चौहान, सनत नायक, जिला पंचायत सदस्य गोपाल अग्रवाल एवं मधु पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## रायगढ़ जेल अधीक्षक को तत्काल हटाने की मांग मोनू केसरी ने की

**खरसिया,5 जनवरी।** केन्द्रीय जेल में सजा काट कर बंदियों के परिजनों को जेल में बंद अपने परिजनों से मेल मुलाकात करने में जहां भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं जेल में सजा काट रहे बंदियों को पर्याप्त मात्रा में भोजन भी नहीं मिल रहा है। युवा नेता मोनू केसरी ने जेल अधीक्षक सोरी पर आरोप लगाते हुए इनको शीघ्र रायगढ़ जेल से हटाने की मांग की है।



विदित हो कि केन्द्रीय जेल रायगढ़ में जब से जेल अधीक्षक श्री सोरी की पदस्थापना हुई है तब से उनके अड़ियाल कार्यप्रणाली से केंद्रीय जेल रायगढ़ में सजायाफ्ता बंदियों के परिजनों को मेल मुलाकात करने में जहां एक ओर भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं दुसरी ओर जेल में निरूद्ध कैदियों को शासन द्वारा निर्धारित मात्रा एवं प्रोटीन अनुसार भोजन भी प्रदाय नहीं किया जा रहा है और न ही उनको पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान किया जा रहा है। जिस कारण से जेल में निरूद्ध बंदियों का बार बार स्वास्थ्य खराब होना आम बात हो गई हैं। इस बारे में कोई बंदी यदि आवाज उठाता है तो जेल अधीक्षक उस बंदी को कई तरह से प्रताड़ित करना प्रारंभ कर देता है। बंदियों से मिलने वाले स्थान तक पहुंचने से 1 किलोमीटर पहले परिजनों को काफी दूर रोका जाता है फिर उनका जांच पड़ताल किया जाता है जिससे परिजनों को समय खराब होता है और परिजन जेल में बंद बंदियो से बहुत कम समय मिल पाता है। मुलाकात करने आये परिजनों द्वारा कोई सामान बंदियों के लिये दिया जाता है उस सामान को संबंधित बंदियों को या तो प्राप्त नहीं होता है और यदि भूले भटके प्राप्त हो भी गया तो बहुत कम मात्रा में प्राप्त होता हैं। युवा नेता मोनू केसरी ने प्रदेश के केबिनेट मंत्री ओपी चौधरी, गृहमंत्री विजय शर्मा एवं जेल डीजीपी से मांग की है कि इस तरह के जेल अधीक्षक को तत्काल रायगढ़ जेल से अन्य किसी जेल में भेजा जावे।

### कोयला उत्खनन के लिए हैवी ब्लास्टिंग से बढ़ी परेशानी

**कोरबा,5 जनवरी ।** जिले के कोयला खदानों में कोल उत्खनन के लिए एसईसीएल प्रबंधन हैवी ब्लास्टिंग का उपयोग कर रहा है। इसका खदान व उसके निकट स्थित गांव के लोगों द्वारा विरोध करते हुए इस पर तत्काल रोक लाने की मां-की जा रही है। लेकिन प्रबंधन की मनमानी जारी है। जिससे ग्रामीणों की परे्यानी बढ़ -ई है।कोरबा-पयि्चम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की दीपका मेगा परियोजना पर आरोप लगाते हुए हरदीबाजार क्षेत्र की स्थानीय ग्रामीणों ने कहा हैं कि इसके विस्तार और भारी ब्लास्टिं- ने स्थानीय निवासीयो का जीना मुहाल कर दिया है। खदान की -हराई बढने से क्षेत्र का भू-जल स्तर भी है, जिससे पंचायत के दो मुख्य बोर पंप पूरी तरह सूख रहा हैं। इसका सीधा असर हॉस्पिटल मोहल्ला, और कॉलेज रोड सहित करीब 100 परिवारों पर पड़ा है। ग्रामीणों का आरोप है कि नल सूखने के बाद अब उन्हें मीटर दूर से बाल्टी में पानी ढोना पड़ रहा है।

## अवैध खनन एवं परिवहन करने के मामलों में 31 वाहन जब्त

### कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग का सघन अभियान



**रायगढ़, 5 जनवरी।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध खनिज विभाग द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला खनिज अमला रायगढ़ द्वारा विगत एक सप्ताह के दौरान सघन अभियान चलाकर अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान अवैध परिवहन के प्रकरणों में खनिज रेत के 27 ट्रैक्टर एवं 1 हाईवा, निम्न श्रेणी चूनापत्थर के 2 हाईवा तथा बोल्डर परिवहन में संलिप्त 1 ट्रैक्टर को जप्त किया गया। इस प्रकार कुल 31 वाहनों को जप्त कर कलेक्ट्रेट परिसर, थाना खरसिया एवं रैरूमाचौकी में सुरक्षार्थ रखा गया है।

खनिज मुरूम एवं मिट्टी के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की लगातार प्राप्त शिकायतों पर कलेक्टर के निर्देशानुसार 02 जनवरी की रात्रि में ग्राम पंचायत संबलपुरी तहसील रायगढ़ में खनिज अमले द्वारा आकस्मिक जांच की गई। जांच के दौरान मौके पर एक जेसीबी एवं तीन टिपर वाहनों के माध्यम से खनिज मुरूम का अवैध उत्खनन एवं परिवहन किया जाना पाया गया। जांच के दौरान वाहन चालक के कथनानुसार उक्त अवैध उत्खनन कार्य रायगढ़ निवासी हरिओम अग्रवाल द्वारा कराया जाना बताया गया। प्रकरण में संलिप्त सभी वाहनों को जप्त कर कलेक्ट्रेट परिसर रायगढ़ में सुरक्षार्थ रखा गया है।

जिला खनिज अधिकारी श्री रामाकांत सोनी ने बताया कि अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 एवं 23(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध आगे भी इसी तरह सख्त एवं निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी। उक्त कार्रवाई में खनिज निरीक्षक श्री सोमेश्वर सिन्हा सहित जिला खनिज अमले की सक्रिय भूमिका रही।

## नियमों के उल्लंघन पर 3 कारखानों के विरुद्ध श्रम न्यायालय में आपराधिक प्रकरण दर्ज

**रायगढ़, 5 जनवरी।** जिला प्रशासन द्वारा जिले में औद्योगिक इकाइयों में श्रमिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यस्थल पर सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सम्भाग रायगढ़ द्वारा निरंतर निरीक्षण एवं आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। निरीक्षण के दौरान कारखाना अधिनियम एवं छत्तीसगढ़ कारखाना नियमावली के प्रावधानों की अवहेलना करने वाले कारखानों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रायगढ़ जिले में स्थापित कारखानों में घटित औद्योगिक दुर्घटनाओं की जांच एवं निरीक्षण के दौरान पाए गए गंभीर उल्लंघनों के आधार पर कारखाना अधिनियम, 1948 एवं छत्तीसगढ़ कारखाना नियमावली 1962 के अंतर्गत कुल 03 कारखानों के विरुद्ध श्रम न्यायालय रायगढ़ में आपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सम्भाग रायगढ़ के उप संचालक श्री राहुल पटेल ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जाना पाया गया, जिससे श्रमिकों की जान एवं स्वास्थ्य को खतरा उत्पन्न हुआ। इन परिस्थितियों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कारखानों के अधिभोगियों एवं प्रबंधकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई है। दायर प्रकरणों में मेसर्स सुनील इस्पात एंड पावर प्रा. लि., ग्राम चिरईपानी, पोस्ट लाखा के अधिभोगी एवं कारखाना प्रबंधक श्री प्रमोद कुमार तोला के विरुद्ध कारखाना अधिनियम की धारा 7ए(2)(ए) एवं 7ए(2)(सी) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है। इसी प्रकार मेसर्स आर.एस. इस्पात (रायगढ़) प्रा. लि., ओ.पी. जिंदल इंडस्ट्रियल पार्क, पूंजीपतरा के अधिभोगी एवं कारखाना प्रबंधक श्री विवेक चंद्र उपाध्याय के विरुद्ध कारखाना अधिनियम, 1948 की धारा 7ए(2)(ए) एवं धारा 21(1)(4) के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं मेसर्स एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड, ग्राम एवं पोस्ट जामगांव के अधिभोगी श्री प्रदीप कुमार डे के विरुद्ध कारखाना अधिनियम की धारा 7ए(2)(डी) एवं 7ए(2)(ए) के अंतर्गत आपराधिक प्रकरण दायर किया गया है। उप संचालक श्री पटेल ने बताया कि श्रमिकों की सुरक्षा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और भविष्य में भी कारखाना अधिनियम का उल्लंघन करने वाले किसी भी कारखाने के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### जिले में पहली बार होगा मिलेट्स महोत्सव

**धमतरी,5 जनवरी ।** जिले में पोषण सुरक्षा, किसान समृद्धि एवं सतत कृषि को बढ़ावा देने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए जिला प्रशासन द्वारा पहली बार मिलेट्स महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की विशेष पहल पर यह आयोजन 5 जनवरी 2026 को प्रातः 10 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होगा।इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य किसानों, महिला स्व-सहायता समूहों एवं आम नागरिकों को मिलेट्स (श्रीअन्न) की खेती, पोषण मूल्य, स्वास्थ्य लाभ एवं विपणन संभावनाओं से व्यापक रूप से अवगत कराना है।

## 20 मवेशियों को कत्लखाना ले जाते आरोपी पकड़ाया

**कवर्धा, 5 जनवरी ।** थाना -पाण्डातराई पुलिस को थाना क्षेत्राअंतर्गत अपराध पर अंकुश लगाने धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) के दिशा निर्देश में अति. पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल (रा.पु.से.) व अमित कुमार पटेल (रा.पु.से.) व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अखिलेश कुमार कौशिक (रा.पु.से.) बोडला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पाण्डातराई कमलाकांत शुक्ला के नेतृत्व में पाण्डातराई पुलिस द्वारा वर्षभर अवैध शराब,जुआ,सट्टा व अन्य अपराधिक गतिविधियों के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही किया गया। अपराध में पूरी तरह अंकूश रहा । आज दिनांक 04.01.2026 को प्रार्थी- रोहित यादव निवासी ग्राम डोंगरिया कला थाना थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 03.01.2026 के दरम्यानी रात्रि इसके घर कोठा में खुंटे से बंधे एक नग मवेशी भैसा को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना पाण्डातराई में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ?लिया गया विवेचना दौरान चोरी गये मवेशी एवं आरोपी की पतातलाश किया गया पतातलाश दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि चोरी गये एक नग मवेशी को आरोपीगण द्वारा क्ररुता पूर्वक हाकते हुये पैदल बिना पानी चारा दिये डोंगरिया कला से खरहट्टा कला की ओर लेकर जा रहे है कि सूचना पर थाना पाण्डातराई पुलिस प्रार्थी एवं गवाहों को साथ लेकर गये जहां ग्राम डोंगरिया कला के बगीचा के पास चोरी गये मवेशी को देखकर प्रार्थी ने स्वयं का मवेशी होना पहचान किया आरोपीयों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो आरोपी 1.किशन कुमार डाहिरे, 2. विजय कुमार टंडन सभी निवासी ग्राम कुई थाना कुकदूर जिला कबीरधाम एवं दो अन्य नाबालिक कुल 20 नग मवेशियों को पैदल क्ररुता पूर्वक हाकते पैदल कत्ल खाना ले जाना एवं ग्राम डोंगरिया कला से एक मकान कोठा के अंदर से 01 नग भैसा को चोरी कर साथ में लेकर जाना अपराध स्वीकार किये जिनसे मवेशियों को ले जाने के संबंध में वैध दस्तावेज पेश करने नोटिस देकर मांग किया जो नोटिस में कोई दस्तावेज नहीं होना लिखित में दिये से 20 नग भैंसा कीमती 200000 रूपये एवं चोरी गये एक नग भैसा कीमती-40,000 रूपये को जप्त किया उपरोक्त आरोपीयों का कृत्य धारा-331(4),305(क) क्र्हस् छ.ग. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा-4,6,10 एवं पशु क्ररुता निवारण अधिनियम 1960 की धारा-11 का घटित करना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर आरोपीयों को गिर. कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहां से जेल वारंट बनने से दोनो आरोपीयों को जिला जेल कवर्धा एवं दोनो नाबालिकों को बाल संप्रेक्षण गृह दाखिल किया गया।

## पूर्वांचल विकास समिति भवन की बाउंड्री वॉल का मंत्री ने किया भूमिपूजन

**कोरबा,5 जनवरी।** पूर्वांचल विकास समिति की मां- पर भवानी मंदिर कौ्याल्या धाम परिसर के समीप स्थित पूर्वांचल विकास समिति भवन की सुरक्षा के लिए निर्मित की जाने वाली बाउंड्री वॉल का भूमि पूजन प्रद्ेया के 'कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन एवं कोरबा महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत' के कर-कमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवां-न ने कहा कि भाजपा सरकार और उसके जनप्रतिनिधि निरंतर सेवा कार्यों में संलग्न हैं तथा किसी भी जकृरतमंद को निरा्या नहीं होने दिया जाए। उन्होंने बताया कि मंत्री बनने के बाद से वे विभिन्न समाजों की मां- के अनुकृप भवन निर्माण एवं विकास कार्यों में लगातार सहयो- कर रहे हैं। पूर्वांचल विकास समिति की मां- पर ल-भ- लाख रुपये की ला-त से बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है।मंत्री देवांगन ने कहा कि पूर्वांचल विकास समिति एवं उससे जुड़े लोग सदैव जनसेवा को प्राथमिकता देते आए हैं। उन्होंने वि्वास व्यक्त किया कि अंततकृ सत्य और सेवा की ही जीत होती है।महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि न-र नि-म क्षेत्र के सभी क्ष्य वार्डों में समान कृप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने आ्वासन दिया कि पूर्वांचल विकास समिति की अपेक्षाओं की पूर्ति में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। 'भाजपा जिला अध्यक्ष -गोपाल मोदी' ने कहा कि पूर्वांचल के लो- जहां भी -ए, उस क्षेत्र को अपनी मेहनत, संस्कार और परिश्रम से समृद्ध किया है। उन्होंने छत्तीस-ढ़ के सम- विकास में निरंतर यो-दान देने की प्रतिबद्धता दोहराई।भूमि पूजन समारोह को क्षेत्रीय पार्षद नरेंद्र देवां-न, पूर्वांचल विकास समिति के अध्यक्ष रामाश्रय पांडे एवं अ्याोक भार्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, सह-कोषाध्यक्ष नवीन अरोड़ा, तुलसी ठाकुर, नीरज ठाकुर, नारायण सिंह ठाकुर,अनिल ि-री,नीरज सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन समिति के सं-ठन मंत्री वेद प्रका्या यादव ने किया, जबकि भौलेंद्र यादव ने आभार प्रद्यान किया।समारोह में समिति के संरक्षक कमल्ेया यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्येंद्र दुबे, उपाध्यक्ष हरे राम सिंह, सुमन कुमार, सचिव विनय कुमार राय, लल्लन सिंह, सुरेंद्र बहादुर सिंह एवं मनोज सिंह सहित बड़ी संख्या में सदस्यहगण उपस्थित रहे।

### बंगाली समाज ने 'फूड फेस्टिवल'आयोजित किया

**कोरबा,5 जनवरी ।** भाहर के मुड़ापार स्थित ऐतिहासिक कालीबाड़ी प्रां-ण में बीते दिनों बंगाली संस्कृति और लजीज व्यंजनों का अनूठा संगम देखने को मिला। बंगाली समाज द्वारा आयोजित एक दिवसीय 'फूड फेस्टिवल' में शहरवासियों ने पारंपरिक बंगाली व्यंजनों का जमकर लुत्फ उठाया।

## बैंकों ने किए 10 करोड़ रुपये से अधिक के 15 प्रकरण स्वीकृत

**धमतरी, 5 जनवरी।** कभी पशुपालन को गांवों में खेती का केवल सहायक माना जाता था—घर के लिए दूध, अंडा या कुछ अतिरिक्त आमदनी तक सीमित। लेकिन आज धमतरी जिले में पशुपालन सिर्फ सहायक गतिविधि नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की रीढ़ बन चुका है। यह वह बदलाव है, जिसने ग्रामीण जीवन की दिशा और दशा दोनों बदल दी हैं। आज धमतरी के गांवों में खेतों के साथ-साथ गोठान, पशु शेड और पोल्ट्री फार्म किसानों की मेहनत और सपनों के प्रतीक बन चुके हैं। पशुपालन अब रोजगार, सम्मान और आर्थिक स्थिरता का मजबूत आधार बन रहा है। जिले में पशुपालन को संगठित और उद्यम आधारित स्वरूप देने के लिए राष्ट्रीय पशुधन मिशन (ह्रस्रू) के अंतर्गत उद्यमिता विकास कार्यक्रम (श्वष्ठक्क) में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। बैकयार्ड पोल्ट्री एवं हैचरी, भेड़-बकरी पालन तथा पिगरी (सूकर पालन) जैसे क्षेत्रों में कुल 37 ऑनलाइन प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 28 प्रकरण स्वीकृत किए जा चुके हैं। भेड़-बकरी पालन के 28 प्रकरणों में से 24 प्रकरण स्द्ग स्तर पर लंबित रहे, वहीं 15 प्रकरणों को बैंकों द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। इन स्वीकृत प्रकरणों की कुल लागत लगभग 10 करोड़ रुपये है, जो यह दर्शाती है कि पशुपालन अब छोटे स्तर का कार्य नहीं, बल्कि ग्रामीण उद्यमिता का सशक्त मॉडल बन चुका है। पशुपालन क्षेत्र में इतनी बड़ी राशि का ऋ्रण स्वीकृत कराने वाला धमतरी जिला प्रदेश में अग्रणी बनकर उभरा है। यह आंकड़े केवल फाइलों में दर्ज संख्याएं नहीं हैं, बल्कि गांव-गांव में उम्मीद की नई कहानियां लिख रहे हैं। कहीं कोई किसान आधुनिक डेयरी यूनिट स्थापित कर दुग्ध उत्पादन बढ़ा रहा है, तो कहीं महिलाओं का समूह बकरी पालन के जरिए आर्थिक रूप से सशक्त हो रहा है। ये प्रकरण व्यक्तिगत भी हैं और सामूहिक भी, लेकिन हर स्वीकृति ने ग्रामीण जीवन को नई दिशा दी है। किसानों की सुविधा और आर्थिक संबल के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (चष्ट्ट) योजना भी प्रभावी रूप से गांवों तक पहुंचाई गई है। जिले में 1700 आवेदन तैयार किए गए, जिनमें से 180 किसानों को स्वीकृति मिल चुकी है। यह केवल ऋ्रण नहीं, बल्कि किसान की मेहनत को पहचान और उसके सपनों को उड़ान देने का माध्यम है—चाहे वह फसल की तैयारी हो या पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था। राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत बैकयार्ड पोल्ट्री, भेड़-बकरी पालन और पिगरी जैसी गतिविधियों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिली है। कल्पना कीजिए—जिस किसान के पास कभी दो-तीन बकरियां थीं, आज वही किसान दर्जनों पशुओं के साथ न केवल अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा है, बल्कि बाजार में अपनी अलग पहचान भी बना रहा है। धमतरी जिले की यह पहल केवल आर्थिक सशक्तिकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक बदलाव की मिसाल भी है। महिलाएं अब आत्मनिर्भर समूहों के माध्यम से आगे बढ़ रही हैं, युवाओं को अपने ही गांव में रोजगार मिल रहा है और शहरों की ओर पलायन पर अंकुश लग रहा है। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा बताते है कि धमतरी जिले में पशुपालन को केवल पारंपरिक गतिविधि न मानकर इसे रोजगार और उद्यमिता से जोड़ने का सुनियोजित प्रयास किया गया है। राष्ट्रीय पशुधन मिशन एवं अन्य योजनाओं के माध्यम से किसानों को प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और बैंक ऋ्रण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। बैंकों द्वारा लगभग 10 करोड़ रुपये के 15 प्रकरणों की स्वीकृति यह दर्शाती है कि अब किसान पशुपालन को व्यवसाय के रूप में अपनाने के लिए आगे आ रहे हैं। यह जिले के लिए गर्व का विषय है कि पशुपालन क्षेत्र में इतनी बड़ी राशि का ऋ्रण स्वीकृत कराने में धमतरी जिला प्रदेश में अग्रणी बन रहा है। कलेक्टर ने आगे बताया कि पशुपालन के साथ किसान क्रेडिट कार्ड योजना को भी प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि किसानों को समय पर वित्तीय सहायता मिल सके। इससे किसानों की उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और उनकी आय में स्थायी वृद्धि होगी। उन्होंने यह भी बताया कि धमतरी जिले का लक्ष्य है कि पशुपालन को कृषि का मजबूत पूरक बनाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाया जाए। महिलाओं और युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देकर गांवों में ही रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और किसानों की मेहनत से आने वाले समय में धमतरी जिला पशुपालन के क्षेत्र में प्रदेश के लिए एक आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित होगा। इस परिवर्तन के केंद्र में कलेक्टर के मार्गदर्शन, बैंक अधिकारियों की सक्रिय भूमिका और पंचायतों एवं समितियों के समन्वित प्रयास हैं। जब कोई किसान अपने पशु शेड से निकलते दूध के कनस्तरों को देखता है या कोई महिला समूह अपने पोल्ट्री फार्म में चूजों की चहचहाहट सुनता है—तो उनके चेहरे की मुस्कान ही इस योजना की असली सफलता है। धमतरी जिले ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन सही दिशा में हो और उन्हें किसानों की मेहनत से जोड़ा जाए, तो गांव आत्मनिर्भर बन सकते हैं और किसान समृद्धि की नई गाथा लिख सकते हैं।

## विधायक इंद्र साव बोले- डिप्टी सीएम अरुण साव साहू समाज को आगे कर अपनी खोई प्रतिष्ठा बचाने कर रहे हैं राजनीति

# साहू समाज ही नहीं सभी समाज का सम्मान करते हैं पूर्व सीएम बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 5 जनवरी।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपनी स्पष्ट और स्वच्छ राजनीति के चलते आज देश के प्रमुख राजनेता के रूप में जाने जाते है और वे कभी भी किसी समाज को लेकर अमर्यादित टिप्पणी नहीं करते, ऐसे में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव अपनी पार्टी की राजनीति छोड़ कर साहु समाज को आगे कर अपनी राजनीतिक रोटी सेकने का प्रयास कर रहे है, जिसे ना केवल प्रदेश की जनता समझ चुकी है बल्कि अब साहु समाज भी उनकी मंशा और भावना को अच्छे से समझ गया है, उक्त बाते विधायक इन्द्र साव ने प्रेस को जारी अपने बयान में कही। वही समाज के कांग्रेस विधायकों ने समाज के प्रदेश अध्यक्ष को एक पत्र प्रेषित करते हुए समाज को इससे दूरी बनाकर रखने का निवेदन किया है, क्योंकि ये विशुद्ध रूप से राजनीति से जुड़ा विषय है।

विधायक इन्द्र साव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने बिलासपुर लिंगियाडीह प्रवास के दौरान अपने भाषण में ऐसा कोई अमर्यादित शब्द का उल्लेख नहीं किया, जिससे किसी समाज को आहत हो। विधायक साव ने कहा कि डिप्टी सीएम अरुण साव से उनका कोई विभाग तो संभल नहीं रहा है और उनके क्षेत्र में भी उनका विरोध का स्वरूप धीरे धीरे सुलग रहा है, ऐसे में अपनी डूबती नैया को पार लगाने अब समाज को आगे कर अपनी खोई प्रतिष्ठा को बचाने का कुंठित प्रयास कर रहे है, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने लिंगियाडीह में अपने भाषण में जंगल की कहानी का सार सुनाया था, जो पूरा वीडियो देखने, सुनने से स्पष्ट है, उन्होंने अपने भाषण में ना तो कोई अमर्यादित टिप्पणी की और ना ही असंसदीय भाषा का उल्लेख किया। उनके भाषण का पूरा वीडियो देखने के बाद पूरी तरह स्पष्ट है कि ना तो उन्होंने किसी जाति, धर्म या संप्रदाय का नाम लेकर कोई बात कही।

एक जंगल की कहानी का सार बात डिप्टी सीएम को इतनी चुभ गई वे अब प्रदेश साहु समाज को आगे कर अपनी आगे की राजनीति और पद सुरक्षित रखने पर आ गए है। विधायक इन्द्र साव ने कहा कि डिप्टी सीएम अपनी पार्टी की राजनीति करे बे वजह समाज को बदनाम करने की नियत से समाज को राजनीति में घुसेड़ने की कोशिश ना करे।



### साहू समाज के विधायकों ने लिखी चिट्ठी...

इस बीच कांग्रेस पार्टी में साहु समाज का प्रतिनिधित्व कर रहे विधायकों ने प्रदेश साहु समाज के मुखिया को एक पत्र प्रेषित करते हुए डिप्टी सी एम अरुण साव और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मामले को पूरी तरह राजनीतिक विषय बताया है और कहा कि राजनीति में विपक्षी नेताओं के ऊपर इस प्रकार की टिका टिप्पणी होते रहती है।समाज के लोग विभिन्न राजनीतिक पार्टी से जुड़े होते है और वे लोग भी कांग्रेस पार्टी के प्रति उतने ही जवाबदेह है जितने अपने समाज के प्रति है, अतः आपके द्वारा सभी जिला अध्यक्षों को प्रेषित पत्र को वापस लेते हुए सामाजिक व्यवस्था को बनाए रखने की कृपा करेंगे ताकि समाज का झुकाव किसी एक राजनीतिक पार्टी की ओर ना झुका रहे।

## समाचार संक्षेप

# नया बस स्टैंड परिसर में साफ-सफाई व दुकानदारों को डस्टबिन रखन के निर्देश





■ लापरवाही बरतने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 5 जनवरी।** नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ द्वारा बस स्टैंड की सफाई, पेयजल और शौचालय जैसी सुविधाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दे रहे हैं, ताकि यात्रियों को परेशानी न हो. कई दुकानों पर डस्टबिन नहीं रखे जा रहे हैं और दुकानदार कचरा इधर-उधर फेंक रहे हैं, जिससे गंदगी फैल रही है. लापरवाही बरतने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी गई है और जेसीबी से कचरा उठवाया जा रहा है, स्थिति सुधर करने पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने बेड़ा उठाया है।

**यात्रियों की असुविधा:** खराब सफाई और सुविधाओं की कमी (जैसे ठीक से काम न करने वाले शौचालय) के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुरक्षा व्यवस्था: भविष्य में सीसीटीवी लगाने और सुरक्षा संसाधनों की व्यवस्था पर भी ध्यान दिया जा रहा है। नया बस स्टैंड परिसर में सफाई को लेकर लगातार शहर से मांग आ रही थे जिसे गंभीरता से लेते हुए पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने आज पूरा पालिका अधिकारी कर्मचारियों के साथ बस स्टैंड परिसर पहुंचे और सफाई पानी सुरक्षा को लेकर प्रशासन को सख्त हिदायत दी जहाँ प्रशासन सुधार के प्रयास कर रहा है, वहीं कुछ दुकानदारों की सफाई रखने समझाइश दिया गया और सुविधाओं की कमी न हो गंदगी और अव्यवस्था न रहे, जिससे यात्रियों को दिक्कत न हो इसलिए पालिका को सख्त निर्देश दिए गए।

## एक नजर

### ग्राम खलारी में मेला मंडई का आयोजन 8 को

**डोंगरगढ़, 5 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम खलारी में 8 जनवरी को मेला मंडई का आयोजन रखा गया है। इस आयोजन के अवसर पर ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि के समय छत्तीसगढ़ी नाचा ग्राम भांठागांव बालोद वालो का रंगारंग कार्यक्रम रखा गया है आयोजक समिति के सदस्यों के द्वारा आस पास ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में मंडई मेला में पहुंच रंगारंग कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की है। यह जानकारी गांव के सरपंच नंदकिशोर कंवर ने दी।

### खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के लिए चयन ट्रायल 6 से 8 जनवरी तक

**बलौदाबाजार, 5 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के प्रथम संस्करण का आयोजन छत्तीसगढ़ में 14 फरवरी 2026 से किया जाना हैं। छत्तीसगढ़ राज्य की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 6 जनवरी से 8 जनवरी 2026 तक रायपुर एवं बिलासपुर में रखा गया है। चयन ट्रायल के माध्यम से महिला एवं पुरूष वर्ग की छत्तीसगढ़ राज्य दल का गठन किया जाएगा। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में अनुसूचित जनजाति वर्ग के खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय मंच पर अपनी खेल प्रतिभा के प्रदर्शन का सशक्त अवसर प्रदान करता है। छत्तीसगढ़ राज्य खेल प्रतिभाओं से समृद्ध है तथा राज्य के विभिन्न जिलों में वैलिफ्टिंग, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, कुश्ती, तैराकी, फुटबॉल एवं हॉकी जैसे खेलों में उत्कृष्ट क्षमता वाले खिलाड़ी उपलब्ध है। उक्त चयन ट्रायल में भाग लेने के लि यह आवष्यक है कि खिलाडी छत्तीसगढ़ राज्य का स्थायी निवासी हो तथा अनुसचित जनजाति वर्ग से संबंधित हो। चयन ट्रायल में समय खिलाड़ियों को अपना मूल अनुसचित जनजाति प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड या स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। खिलाड़ी अपना ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन http:/nic-forms.nic.in/ के माध्यम से कर सकते है।

## विधायक मूणत, महापौर चौबे, आयुक्त विश्वदीप ने स्थल पर कार्य की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

# इंदौर जैसी घटना रायपुर में कहीं भी ना हो



■ चिंगरी नाला, पीहर नाला की सुव्यवस्थित विशेष सफाई करवाने कहा, ताकि नालों का पूरा गन्दा पानी ओवरफ्लो ना हो और सीधे एसटीपी पहुँचे

■ सरोना डंपिंग यार्ड, सरोना शीतला माता मन्दिर के पास शासकीय भूमि का सीमांकन करवाकर जनहित कार्यों के लिए ठोस कार्ययोजना शासन को प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

**रायपुर, 5 दिसम्बर।** रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर मीनल चौबे ने नगर निगम अधिकारियों को कड़ी हिदायत दी है कि इंदौर जैसी घटना रायपुर शहर में कहीं भी ना होने पाए, इस हेतु अधिकारीगण विशेष सतर्कता रखकर सजग और जागरूक होकर कार्य करें.

आज महापौर मीनल चौबे ने प्रदेश के पूर्व केबिनेट मन्त्री रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत और नगर निगम आयुक्त विश्वदीप सहित अधिकारियों की उपस्थिति में लगातार 5 घण्टे तक फील्ड में पसीना बहाया और जनहित से सम्बंधित योजनाओं की प्रगति का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर स्थल समीक्षा करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को जनहित में आवश्यक निर्देश दिए.

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत और महापौर मीनल चौबे और आयुक्त विश्वदीप ने नगर निगम जोन 8 क्षेत्र अंतर्गत सरोना शीतला मन्दिर के समीप गार्डन के आसपास के स्थल का निरीक्षण कर रिक्त शासकीय भूमियों का शीघ्र सीमांकन करवाकर जनहित में शासन को कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए.

रायपुर पश्चिम विधायक, महापौर, आयुक्त ने सरोना डंपिंग यार्ड के कार्य की प्रगति का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया यहां स्थल पर लगभग 80 प्रतिशत क्षेत्र में कचरे को हटाने का कार्य हो चुका है कार्य तेजी से पोकलेन मशीन की सहायता से निरन्तर प्रगति पर है, जिसे शीघ्र पूर्ण करने सम्बंधित ठेकेदार और अधिकारियों को निर्देशित किया गया है. सरोना डंपिंग यार्ड क्षेत्र और आसपास की शासकीय भूमियों का शीघ्र सीमांकन करवाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जनहित में ठोस कार्ययोजना शासन को प्रस्तुत की जा सके.

रायपुर पश्चिम विधायक, महापौर, आयुक्त ने चंदनीडीह में 75 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यप्रणाली, स्काडा सिस्टम कण्ट्रोल रूम का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर ऐसी ठोस कार्ययोजना बनाकर शासन को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, जिसके क्रियान्वयन से नालों का गन्दा पानी कहीं से भी खारून नदी में ना मिले.

प्रदेश के पूर्व केबिनेट मन्त्री रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, महापौर मीनल चौबे, आयुक्त विश्वदीप ने चिंगरी पीहर नाला का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर वहाँ अभियान चलाकर सुव्यवस्थित सफाई करवाने निर्देशित किया, ताकि व्यवस्था के तहत नाले से गन्दा पानी ओवरफ्लो ना हो और पूरा गन्दा पानी सीधे एसटीपी में जाये. एसटीपी में नालों का पूरा सीवेज का ट्रीटमेंट हो सके और यह रा वाटर के रूप में रायपुर नगर निगम द्वारा उद्योग समूहों को पूरा विक्रय किया जा सके, जिससे रायपुर नगर निगम की आर्थिक आय का नया साधन स्थायी रूप से विकसित हो सके.

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, महापौर मीनल चौबे, आयुक्त विश्वदीप द्वारा किये गए निरीक्षण के दौरान नगर निगम जोन 8 जोन अध्यक्ष प्रीतम सिंह ठाकुर, वार्ड 69 पार्षद महेन्द्र औसर सहित नगर निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, अधीक्षण अभियंता पी. राजेश नायडू, इमरान खान, जोन 8 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, सहायक नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन योगेश कडु, सहायक अभियंता अमन चंद्राकर, जोन 8 जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन, उप अभियंता रमेश पटेल सहित अन्य सम्बंधित नगर निगम अधिकारियों की उपस्थिति रही.

# करंट से जंगली सुअर शिकार के मामले में दो आरोपी किए गए गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 5 जनवरी।** ज़ी.आई.तार में विद्युत प्रवाह कर जंगली सुअर का शिकार के मामले में वन विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। न्यायिक रिमांड पर आरोपियों को जिला जेल बलौदाबाजार भेजा गया है। वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार एवं उप वनमण्डलाधिकारी कसडोल अनिल वर्मा के नेतृत्व में 31 दिसम्बर की रात्रि गश्त के दौरान सोनाखान परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 238 में 11 के.व्ही. विद्युत लाइन से जी.आई. तार द्वारा अवैध हुकिंग किया जाना पाया गया। मौके का निरीक्षण किए जाने पर लहुरसिंग के खेत में एक जंगली सुअर मृत अवस्था में पाया गया। मृत जंगली सुअर के समीप से ही जी.आई. तार गुजरता हुआ पाया गया। उक्त प्रकरण में संदिग्ध अभियुक्त सुरेश पिता गोसाईराम बरिहा, उम्र 37 वर्ष, ग्राम वीरनारायणपुर तथा अंजोर सिंह पिता रामसिंह बिंझवार, उम्र 35 वर्ष, ग्राम सोनाखान से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान दोनों अभियुक्तों द्वारा वन्यप्राणी के शिकार हेतु विद्युत करंट लगाए जाने की बात स्वीकार की गई।

उक्त कृत्य के लिए वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 (यथा संशोधित अधिनियम, 2022) की धाराओं के उल्लंघन अंतर्गत पी.ओ.आर. क्रमांक 16440/04 एक जनवरी दर्ज किया गया। मृत जंगली सुअर का शव परीक्षण योगेश कुमार साहू, पशु चिकित्सा अधिकारी, हसुआ द्वारा कराए जाने के पश्चात पंचनामा तैयार कर अग्रिम कार्रवाई की गई।दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कसडोल न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड पर जिला जेल बलौदाबाजार भेजा गया। कार्रवाई में वन परिक्षेत्र अधिकारी सोनाखान दीपक कौशिक, प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल मुकेश कश्यप, वनरक्षक मुकुल बघेल, खगेश्वर ध्रुव, बुद्धेश्वर दिवाकर सहित सुरक्षा श्रमिक में शामिल रहे।

# सावित्रीबाई फुले जयंती पर बौद्ध महासभा ने 90 शिक्षिकाओं को किया सम्मानित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 5 जनवरी।** आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बुद्धविहार ट्रस्ट समिति, डोंगरगढ़ द्वारा 90 शिक्षिकाओं को उनके कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात माता सावित्रीबाई फुले व माता फातिमा शेख के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलन से हुई, इस अवसर पर भदंत नागरत्न द्वारा माता सावित्रीबाई फुले के जीवन संघर्ष, शिक्षा में योगदान सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष पर प्रकाश डाला गया। अतिथि वक्ता डॉ संगीता रंगारी द्वारा माता सावित्रीबाई फुले व माता फातिमा शेख के संघर्षों, वजूदों व आत्मसम्मान पर अपने विचार व्यक्त किया गया।

तत्पश्चात छात्रा सुवर्णा एवं सामाजिक कार्यकर्ता रत्नदिप चंद्रिकापुरे द्वारा शानदार गीतों की प्रस्तुति की गई। सामाजिक चिंतक एवं विचारक नलिनी मेश्राम मैडम जी द्वारा माता फातिमा शेख के योगदान एवं जीवन परिचय को बताया गया। अतिथि वक्ता संगीता टेम्भुरकर जी द्वारा आज की शिक्षिकाओं को सावित्रीबाई फुले के मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित किया गया। विशिष्ट अतिथि पंचशीला सहारे द्वारा माता सावित्रीबाई फुले के शिक्षा में योगदान व सामाजिक संदेश एवं सद्भाव पर प्रकाश डाला गया। अतिथि वक्ता किरण मेश्राम द्वारा नारी सशक्तिकरण हेतु सावित्रीबाई फुले के द्वारा किये गये कार्यों को उजागर किया गया। सामाजिक कुरीतियों को दूर करने हेतु सावित्रीबाई फुले के द्वारा उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला गया, तत्पश्चात शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाली 90 शिक्षिकाओं को स्मृति चिन्ह भेट सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय रमन डोंगरे अध्यक्ष नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ द्वारा माता सावित्री बाई फुले एवं माता फातिमा शेख की शख्सियत पर प्रकाश डाला गया। आयुस्मती ललिता साखरे द्वारा आभार व्यक्त किया गया। आयोजन समिति, में अमिताभ दुफारे, मनीष बडोले, मुकेश कांडे, हीरालाल मोर्य, व अध्यक्ष डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर ने व्यवस्था संभाली आयुस्मती प्रज्ञा डोंगरे द्वारा संचालन किया गया।

# डोंगरगढ़ नपा परिषद की सामान्य सभा की बैठक में कई विषयों पर की गई चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 5 जनवरी।** नगर पालिका डोंगरगढ़ की परिषद की सामान्य सभा की बैठक 2 जनवरी को रखी गई थी। जिसमें नगरपालिका परिषद डोंगरगढ़ अधिनस्थ विभिन्न शाखाओं जैसे - लोक निर्माण, राजस्व शाखा, जलशाखा, विद्युत शाखा एवं अन्य शाखा से परिषद की बैठक में रखे जाने हेतु 08 विषयों पर विषय सूची प्राप्त हुई थी। जिनकों परिषद की बैठक में रखा जाना प्रस्तावित था।

बैठक प्रमुख रूप से 15 वें वित्त आयोग मद अंतर्गत पनियाजोब क्षेत्र में सक्शन पीट निर्माण कार्य वीटी मोटर स्थापना कार्य में प्राप्त न्यूनतम दर अनुमोदन के संबंध में विचार एवं निर्णय। 15 वें वित्त आयोग मद अंतर्गत निकाय के बोरवेल्स में नान इलेक्ट्रिक्लस क्लोरिनेशन यूनिट स्थापना कार्य में प्राप्त न्यूनतम दर, अनुमोदन के संबंध में विचार एवं निर्णय। 15 वें वित्त आयोग मद अंतर्गत राउलकसा क्षेत्र में इंटेकवेल, पंप हाउस एवं पंपिग निर्माण कार्य में प्राप्त न्यूनतम दर अनुमोदन के संबंध में विचार एवं निर्णय। स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन घटक अंतर्गत नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ में सुखे एवं गीले कचरे के प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना एवं स्थापित संयंत्रों के उन्नयन/विकास तथा 05 वर्ष हेतु संचालन, संधारण कार्य की निविदा आमंत्रण करने के संबंध में विचार एवं निर्णय। बंद रोपवे का उन्नयन एवं नवीनीकरण करने के संबंध में विचार एवं निर्णय। मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना अंतर्गत निर्मित दुकान आबंटन के संबंध में विचार एवं निर्णय।

गाड़ी पड़ाव एवं अन्य स्थलों से हटाये गये दुकानदारों को उचित स्थल पर व्यवस्थापन किये जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय।

वहीं अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार अन्य विषय रखें जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय लिया गया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमामहेश वर्मा, सीएमओ खिरोद्र भोई, पूर्व नपा अध्यक्ष तरुण हत्थेल सहित समस्त वार्ड पार्षद व नपा कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

### लिमहाटोला में भीषण सड़क दुर्घटना, खड़ी बस को ट्रक ने मारी टक्कर, 4 यात्री घायल

**बालोद, 5 जनवरी।** डौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम लिमहाटोला में शुक्रवार को एक गंभीर सड़क हादसा सामने आया। यात्रियों को उतारने के लिए सड़क किनारे रुकी एक यात्री बस को पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर की तीव्रता इतनी अधिक थी कि बस के आगे खड़ी दो मोटरसाइकिलें भी इसकी चपेट में आ गईं। बताया गया कि मोटरसाइकिल सवार अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी कर चिकन खरीदने गए हुए थे, तभी यह हादसा हो गया। दुर्घटना में बस में सवार तीन महिलाएं और एक पुरुष घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही यातायात पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाया गया। दादा ट्रेवल्स की यह बस भानुप्रतापपुर से दल्लीराजहरा की ओर जा रही थी, जिसमें करीब 40 से अधिक यात्री सवार थे। सौभाग्य से बड़ा हादसा टल गया। टक्कर के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी और लोगों में भारी नाराजगी देखी गई।


## कार्यालय संपदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना
चतुर्थ तल व्यवसायिक परिसर (दक्षिण पूर्व कार्नर) सेक्टर-27 नवा रायपुर अटल नगर
फोन न. 0771-4016094,
E-mail Id:- em_zone2@yahoo.com

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक 2146 दिनांक 17.03.2009 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक एफ1सी-BL-05/403 को श्री अरूप मजुमदार पिता स्व.श्री के.जी. मजुमदार एवं श्रीमती उर्मिला मजुमदार पति श्री अरूप मजुमदार के संयुक्त नाम से स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 28.06.2013 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री अरूप मजुमदार पिता स्व.श्री के.जी. मजुमदार एवं श्रीमती उर्मिला मजुमदार पति श्री अरूप मजुमदार, निवासी परशुराम नगर, माइनिंग ऑफीस के पीछे, पुरैना, तेलीबांधा, रविग्राम रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती रूपम कुमारी पति श्री धनसेठ कुमार, निवासी ग्राम बैजलपुर, पोस्ट अमैया, थाना असरगंज, जिला मुंगेर (बिहार) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक, एफ1सी-BL-05/403 के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र रायपुर अटल नगर


## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 : नगर में आयोजित की गई यातायात जागरूकता हेलमेट रैली

# स्वयं व परिवार की सुरक्षा के लिए की गई नागरिकों से हेलमेट पहनने की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 5 जनवरी।** हेलमेट के प्रति जागरूकता लाने एवं लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करने के लिए यातायात जागरूकता हेलमेट रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 कार्यक्रम के तहत 4 जनवरी को बलौदाबाजार नगर में यातायात जागरूकता हेलमेट रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सड़क मार्ग में दोपहिया वाहन चालन के दौरान सुगम एवं सुरक्षित परिवहन तथा स्वयं की सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनना अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा हेलमेट रैली में नगर का भ्रमण कर लोगों से दोपहिया वाहन चालन के दौरान हेलमेट पहनने की अपील की गई। इस रैली का मुख्य उद्देश्य हेलमेट के प्रति जागरूकता लाना एवं अधिक से अधिक लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करना है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस की अपील सुरक्षित एवं सुगम परिवहन के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन आवश्यक है, इससे आमजनों द्वारा अनुशासित होकर वाहन चालन किया जाएगा, जिले में सुरक्षित परिवहन के लिए आमजनों का भी परस्पर सहयोग अत्यंत आवश्यक है।





### यातायात नियमों का पालन करने के लिए किया गया जागरूक

**बलौदाबाजार, 4 जनवरी।** 3 जनवरी को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 कार्यक्रम के तहत बस स्टैंड बलौदाबाजार के पास यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा आमजनों को यातायात नियमों का सदैव पालन करने हेतु समझाइस दिया गया। इसके साथ ही उनके द्वारा विशेष रूप से युवा वर्ग को दोपहिया वाहन चालन करते समय सदैव हेलमेट धारण करने हेतु हिदायत दिया गया। कार्यक्रम के दौरान उनके द्वारा हेलमेट का भी वितरण किया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा यातायात नियमों की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूकता पाम्पलेट का वितरण किया गया। साथ ही सड़क मार्ग में चलने वाले समस्त चार पहिया वाहन चालकों को सदैव सीट बेल्ट लगाने के लिए लगातार समझाइस दिया गया।

## एक नजर

### कांग्रेस ने टीएस सिंहदेव को दी बड़ी जिम्मेदारी

**रायपुर, 5 जनवरी।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के पूर्व डिप्टी सीएम



टीएस सिंहदेव को एक बड़ी जिम्मेदारी दी है, जहां उन्हें तमिलनाडु और पुडुचेरी का स्क्रीनिंग कमेटी की अध्यक्ष बनाए गए हैं। वही बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर टीएस सिंह देव ने गर्व जताते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ के लिए मेरे लिए केंद्र के नेतृत्व करने के लिए एक बड़ी जिम्मेदारी दी गई है।
उन्होंने कहा कि हमारे खड़गे राहुल की तरफसे छत्तीसगढ़ के लिए एक पहचान और दिया है राष्ट्रीय स्तर में भागीदारी निभाना व्यक्तिगत मेरे लिए भी बहुत गर्व की बात है। वहां चुनौती सिर्फजीतने का होगा जहां यह जिम्मेदारी मिली है हम पूरी तरह से जिम्मेदारी को निभाएंगे।

### बच्चा चोरी के शक में महिला की पिटाई

**रायपुर, 5 जनवरी।** राजधानी रायपुर के खम्हारडीह थाना क्षेत्र में पार्वती नगर इलाके में बच्चा चोरी के शक के कारण लोगों ने एक महिला पर जमकर हमला कर दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला संदिग्ध परिस्थितियों में इलाके में घूम रही थी, जिसके चलते कुछ लोगों ने उस पर बच्चा चोरी का शक जताया। देखते ही देखते भीड़ इकट्ठा हो गई और महिला के साथ मारपीट शुरू हो गई। खम्हारडीह थाना पुलिस ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में किया और घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। महिला की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने इस घटना को लेकर लोगों से चेतावनी दी है कि बिना पुष्ट जानकारी किसी पर शक कर हमला करना खतरनाक और गैरकानूनी है। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना सीधे पुलिस को दें और अफवाहों पर ध्यान न दें।


### सेंधमुड़ा खदान से हीरादोहन करने पीएम मोदी को पत्र

**रायपुर, 5 जनवरी।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप चावला एवं महामंत्री सुभाष अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र प्रेषित कर कहा है कि मैनपुर ब्लाक, जिला गरियाबंद के सेंधमुड़ा खदान में अलेक्जेंडर व हीरा का पर्याप्त भंडार है। यहां दुनिया का उत्कृष्ट हीरा पाया जाता है। इसके दोहन के लिए हमने राज्य सरकार को पत्र लिखा था किंतु दुर्भाग्य है कि सरकार की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। शायद सरकार के सलाहकारों को हमारे पत्र में उल्लेखित बातों की अहमियत समझ में नहीं आई। यह खदान ओडिशा राज्य से लगी हुई है। ओडिशा के लोग खदान से मिट्टी ले जाकर इसमें मिले हुए हीरा की चोरी कर रहे हैं। कई लोग पकड़े भी गए हैं। फिर भी हीरा चोरी रुक नहीं रही है। आहूजा ने कहा है कि यदि राज्य सरकार इस खदान से हीरे का दोहन करती है तो सरकार को विकास कार्यों के लिए धन की कमी नहीं होगी। राज्य व केंद्र दोनों सरकारों को पर्याप्त राजस्व मिलेगा। लिहाजा आग्रह है कि राज्य सरकार को हीरा दोहन करने का आदेश प्रदान करें।

### निधन

#### श्यामसुंदर अग्रवाल

**रायपुर, 5 जनवरी।** स्वर्गीय नरसिंहलाल अग्रवाल के सुपुत्र, गौरीशंकर अग्रवाल (पूर्व



अध्यक्ष विधानसभा) के बड़े भाई एवं संजय अग्रवाल के पिताजी श्यामसुन्दर अग्रवाल का दुखद निधन हो गया है, उनकी अंतिम यात्रा 6 जनवरी मंगलवार को निवासस्थान बी-11, ऐश्वर्या विंडमिल, जैक एंड जिल स्कूल के सामने वाली रोड से मारवाड़ी श्मशान के लिए सुबह 10 बजे निकलेगी। वे अशोक, अजय, विजय के भाई संजय के पिता, नितिन, अनुराग, भावेश, अक्षत, आदित्य, विवान के चाचा, प्रज्जवल, उज्जवल, केशव, हिमांशु, अयन के दादा थे।

# छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के दावेदारों को दिल्ली बुलाया







**रायपुर, 5 जनवरी।** छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर दिल्ली में एक्सरसाइज होगी। राष्ट्रीय संगठन के बुलावे पर प्रदेश से पांच नेत्रियां शामिल होंगी। वरिष्ठ नेताओं की एक कमेटी की मौजूदगी में प्रदेश की नेत्रियों से साक्षात्कार होगा।

इनमें विधायक संगीता सिन्हा और पूर्व विधायक छन्नी साहू के अलावा पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव, ममता चंद्राकर और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा शामिल हैं। प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियों और संगठनात्मक मसलों पर चर्चा के बाद अध्यक्ष के नाम पर फैसला लिया जाएगा।

संगीता सिन्हा और छन्नी साहू दौड़ में आगे हैं। प्रदेश अध्यक्ष के दावेदारों में संगीता सिन्हा दूसरी बार बालोद क्षेत्र से विधायक चुनी गई हैं। इधर छन्नी साहू, लक्ष्मी ध्रुव और ममता चंद्राकर पूर्व विधायक रही हैं। इनमें छन्नी साहू के नाम का प्रस्ताव तो करीब साल भर पहले ही प्रदेश अध्यक्ष के लिए पीसीसी से भेजा जा चुका है, लेकिन यह प्रस्ताव अभी भी एआईसीसी में लंबित पड़ा हुआ है। सदस्यता अभियान में प्रदर्शन और संगठनात्मक सक्रियता चयन का आधार बनेगी। ओबीसी समीकरण के चलते महिला कांग्रेस में नेतृत्व बदलाव की संभावना।

सदस्यता और सक्रियता बनेगी आधारः राज्य से इन पांच नेत्रियों के चयन का आधार संगठन में मेंबरशिप में भागीदारी को माना जा रहा है। महिला कांग्रेस संगठन के सदस्यता अभियान में पांचों नेत्रियों का परफॉर्मेंस प्रदेश में बेहतर माना गया था। इसी रिपोर्ट के आधार पर साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है। दूसरी तरफ वर्तमान और पूर्व जनप्रतिनिधि होना भी दूसरा आधार माना गया है। हालांकि इन नेत्रियों को प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं का भी वरदहस्त हासिल है। इनमें तुलिका कर्मा को झारखंड और ओडिशा में बतौर ऑब्जर्वर बेहतर परफॉर्मेंस के चलते मौका मिला है। पांचों दावेदार जातीय समीकरणों में भी फिट बैठते हैं।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष का पद वर्तमान में आदिवासी कोटे में था। अब इसमें ओबीसी समीकरण हावी नजर आ रहा है। मोर्चा संगठनों में युवा कांग्रेस और एनएसयूआई में सामान्य वर्ग को मौका मिला था। इसके चलते भी महिला कांग्रेस में इस बार पिछड़ा वर्ग को जिम्मेदारी मिलने की संभावना है।

# ब्रश करते समय फटी गर्दन की नस अंबेडकर के डॉक्टरों ने दी नई जिंदगी

**रायपुर, 5 जनवरी।** राजधानी स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय ने चिकित्सा जगत में एक ऐसी उपलब्धि हासिल की है, जिसने न केवल राज्य बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। अस्पताल के हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग ने एक 40 वर्षीय व्यक्ति की जान बचाकर 'स्पॉन्टेनियस कैरोटिड आर्टरी रप्चर' का सफल ऑपरेशन किया है। यह छत्तीसगढ़ का पहला और दुनिया के दुर्लभतम मामलों में से एक है।



रायपुर के रहने वाले एक 40 वर्षीय दुकानदार सुबह घर पर ब्रश कर रहे थे, तभी अचानक उनके गले में असहनीय दर्द हुआ और देखते ही देखते गर्दन में भारी सूजन आ गई। कुछ ही मिनटों में मरीज बेहोश हो गया। परिजन उन्हें तत्काल अंबेडकर अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में जब मरीज की सीटी एंजियोग्राफी की गई, तो डॉक्टर भी दंग रह गए। जांच में पता चला कि मरीज की दायीं कैरोटिड आर्टरी (मस्तिष्क तक खून ले जाने वाली मुख्य धमनी) स्वतः ही फट चुकी थी और वहां खून का गुब्बारा बन गया था।

विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू ने बताया कि आमतौर पर यह धमनी किसी चोट, संक्रमण या ट्यूमर के कारण फटती है, लेकिन बिना किसी बीमारी के इसका अपने आप फट जाना अत्यंत दुर्लभ है। मेडिकल जर्नल के आंकड़ों के अनुसार, पूरे विश्व में अब तक ऐसे केवल 10 मामले ही दर्ज हुए हैं। इस अभूतपूर्व सफलता पर मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. विवेक चौधरी और मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. संतोष सोनकर ने पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने इसे संस्थान के लिए एक मील का पत्थर बताया।

जोखिम भरी थी सर्जरी, लकवे का था खतरा
डॉ. साहू के नेतृत्व में टीम ने इस जटिल ऑपरेशन को हाथ में लिया। इस सर्जरी में सफलता की दर मात्र 50 से 60% होती है। सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि ऑपरेशन के दौरान मस्तिष्क में खून का थक्का पहुंचने से मरीज को लकवा मार सकता था या उसकी मौत हो सकती थी।

ऑपरेशन में विशेषज्ञ डॉ. कृष्णकांत साहू (विभागाध्यक्ष), एनेस्थेटिस्टः डॉ. संकल्प दीवान, डॉ. बालस्वरूप साहू, जूनियर डॉक्टर्सः डॉ. आयुषी, डॉ. अंशिका, डॉ. ख्याति, डॉ. आकांक्षा, डॉ. संजय, डॉ. ओम प्रकाश, नर्सिंग एवं तकनीकी स्टाफ राजेन्द्र, नरेन्द्र, चोवा, भूपेन्द्र, हरीश व अन्य शामिल थे।

# भाजपा विधायक के बेटे ने कार से बाइक सवार युवक को कुचला

## हिट एंड रन : पुलिस हिरासत में आरोपी

**रायपुर, 5 जनवरी।** देर रात हिट एंड रन का सनसनीखेज मामला सामने आया है। तेलीबांधा थाना इलाके के अग्रसेन धाम के पास तेज रफ्तार कार ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार में सवार युवक-युवतियां मौके से फरार हो गए।

मामले में नया मोड़ तब आया जब पुलिस ने महिला विधायक रेणुका सिंह के बेटे को हिरासत में लिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, उनसे थाने में पूछताछ जारी है। वहीं, थाने के अंदर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक पुलिसकर्मी महिला विधायक के बेटे से यह कहते हुए सुनाई दे रहा है अगर वीडियो वायरल करना होता तो बचा के नहीं लाते वहाँ से। इस बयान के सामने आते ही कानून व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। लोगों का कहना है कि क्या कानून आम लोगों के लिए अलग और खास लोगों के लिए अलग है? वीडियो ने पुलिस की कार्यप्रणाली और निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और हादसे से जुड़े सभी पहलुओं को खंगाला जा रहा है।




### सरकार सभी निकाय एवं पंचायत क्षेत्रों में पेयजल की जांच करवाये : बैज

रायपुर, 5 जनवरी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा इंदौर में दूषित पानी के कारण दर्जन भर से अधिक लोगो की मौत हो गई है सेकड़ो लोग जलजनित



गम्भीर बीमारी से ग्रषित है।ये बेहद चिंता का विषय है।प्रदेश में इस प्रकार की घटना न हो सरकार यह सुनिश्चित करे के सभी निकाय एवं पंचायत क्षेत्रो में आम लोगो के द्वारा पीने के लिए जो पानी उपयोग किया जा रहा है।वह दूषित नही है स्वच्छ है स्वास्थ के लिए हानिकार नही है।इसके लिए सरकार को सभी निकायों एवं पंचायतों को निर्देश जारी कर घर घर पहुँच रहे है पेयलज की जांच करवानी चाहिये।निकाय क्षेत्रो में नदी, बांध एवं अन्य जल स्त्रोत से पानी सप्लाई हो रहा है पंचायत क्षेत्रो में कुंआ नलकूप व अन्य स्त्रोत से पानी पहुँचाया जा रहा है।लगातार गन्दा पानी एवं दूषित पानी की शिकायत प्रदेश में मिल रहा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश में खनन कार्य होने के कारण खनन क्षेत्र के नागरिक लाल पानी, बदबुदार मटमैला पानी कुंआ बोरवेल से निकलने की शिकायत कर रहे है निकाय क्षेत्रो में नदी में नाले का पानी बिना रिसाइकल किये डालने की शिकायत हो रही है फेक्ट्री की भी वेस्टेजवाटर को रिसाइकिल किये बिना सीधा नदी में बहा दिया जा रहा है जिसके कारण जलीय जीव जंतु मारे जा रहे है किसानों की फसल खराब हो रही है नदियों का पानी दूषित उसी पानी को पीने लोग मजबूर है बीमार हो रहे है।दूषित पानी प्रदूषण रोकने की जिम्मेदारी जिन विभागो पर है वो आंखे मूंदे बैठा है।जलस्त्रोत को साफकरने कोई उपाय नही किया जा रहा है जो आने वाले कल में गम्भीर बीमारी को न्योता है ऐसे में सरकार को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिये।घर घर पेयलज की जांच की जानी चाहिए।

# नारायणी बहुभाषी संग्रहालय का लोकार्पण



**रायपुर, 5 जनवरी।** नारायणी साहित्यिक संस्थान द्वारा नारायणी बहुभाषी संग्रहालय का लोकार्पण को किया गया। संग्रहालय के राजेंद्र और डॉ. मृणालिका ओझा ने बताया कि इस विशिष्ट संग्रहालय में न केवल छत्तीसगढ़ की छत्तीसगढ़ी, हल्बी, गोंडी, भथरी, सरगुजिहा, दोरली, धुर्वी आदि बोलियों की पुस्तकें रखी गई है अपितु छत्तीसगढ़ी, हल्बी, गोंडी भाषा के कैलेंडर एवं छत्तीसगढ़ी तथा सरगुजिहा भाषा की पत्रिकाएं भी प्रदर्शित की गई हैं। इस संग्रहालय में छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त भारत के अन्य राज्यों महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड, सिक्किम, मिज़ोरम, अरूणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, असम, मणिपुर, नागालैंड, लद्दाख, उत्तराखंड, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, बिहार, राजस्थान, गुजरात, आंध्रप्रदेश, गोवा सहित नेपाल, अमेरिका, रुस, जर्मनी, फ्रांस, चेकोस्लोवाकिया आदि की 150 से ज्यादा भाषा / बोलियों की पुस्तकें प्रदर्शित की गई है। इसके अलावा उपरोक्त देश एवं विदेश की करीब 70-80 भाषाओं के लगभग 200 कैलेंडर भी इस संग्रहालय की एक विशेषता है। लोकार्पण के अवसर पर डा. सुशील त्रिवेदी, अजय काले, गिरीश पंकज, डॉ. सुरेन्द्र रावल, डॉ. सुधीर शर्मा, शशांक शर्मा, डॉ. चित्तरंजन कर, डॉ. माणिक विश्वकर्मा, रामेश्वर शर्मा, मुकेश गुप्ता, रवि प्रताप सिंह, कुमार जगदलवी, सुनील पांडेय, जीवेश प्रभाकर, सुभाष शर्मा, आनंद हर्षुल, अरविंद ओझा, शिवाकांत त्रिपाठी, राजेश जैन 'राही', माधुरी कर, उमेश कुमार सोनी, अनुकृति, किशोर, हृषीक, रोशनी, चिन्मय झा, सुयश ठाकुर, विजय झा, प्रदीप मिश्रा, अरुण ठाकुर, नवीन निगम, आदि लोग उपस्थित हुए थे।

### 26 जनवरी को छत्तीसगढ़ी महतारी अस्मिता यात्रा का होगा शुभांरभ

**रायपुर 5 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ी महतारी को विष्णु देव सरकार के निर्देश पर तुमगांव थाने में बंदी बनाये जाने पर 4 जनवरी को ठाकुर प्यारेलाल सिँह मार्ग स्थित छत्तीसगढ़ी भवन हांडीपारा में दोपहर 2 बजे सर्व छत्तीसगढ़िया किसान समाज किसान मोर्चा कार्यकारणी की बैठक हुई!बैठक की अध्यक्षता सर्व छत्तीसगढ़िया किसान समाज के संयोजक मंडल प्रमुख, किसान मोर्चा के अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण संग्राम सेनानी अनिल दुबे ने किया!बैठक की चर्चा में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण संग्राम सेनानी संयोजक मंडल के जागेश्वर प्रसाद, कार्यकरणी सदस्य महेंद्र कौशिक, जदाम्बिका साहू, ठाकुरराम सिन्हा (कवर्धा) लालाराम वर्मा (चम्पारण) रघुनंदन साहू( रायपुर) छन्नूलाल साहू, अशोक कश्यप (महासमुंद) लक्ष्मी निषाद (अंबागढ़ चौकी) श्यामूराम सेन (धरसीवा) शिवनारायण ताम्रकार( पाटन रायपुर) राजपाल टंडन (बिल्हा) धीरेंद्र वर्मा (भाटापारा )गंगाराम साहू( गुढ़ियारी) गोविंद धनगर (संतोषी नगर )संतोष पाल (संकरी विधानसभा) चंदन पटेल (गरियाबंद)यश कामले नेहरू नगर आदि ने भाग लिया!चर्चा के बाद सर्व सम्मति से प्रस्ताव पास किया गया कि (1) सर्व छत्तीसगढ़िया किसान समाज के सदस्यता अभियान 23 जनवरी को आदिवासी बहल क्षेत्र कवर्धा जिले के रेंगाखार, महासमुंद जिले के सिरपुर, कांकेर जिले के नरहरपुर, जशपुर जिले के बगीचा फरसाबहार और रायपुर जिले के छत्तीसगढ़ी भवन से प्रारंभ होगा!(2) आगामी 18जनवरी की बैठक में 31 समाज के प्रतिनिधिगणों को शामिल किया जाएगा साथ ही सदस्यता ग्रहण कराया जाएगा!(3) गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को 51 छत्तीसगढ़िया समाज के प्रतिनिधियों द्वारा महामाया मंदिर प्रांगण में छत्तीसगढ़ महतारी की महाआरती कर छत्तीसगढ़ी महतारी अस्मिता यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। जो पूरे प्रदेश में जनजागरण करेगा।

### सुरक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वालों को पुरस्कार 10 को

**रायपुर,5 जनवरी।** इंस्टीट्यूशन ऑफसेफ्टी इंजीनियर्स (इंडिया) द्वारा आईएसईआई एक्सीलेंस प्रोग्राम 2025 का आयोजन 10 जनवरी सुबह 9:00 बजे से होटल बेबीलॉन इंटरनेशनल, वीआईपी रोड, रायपुर में किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुरक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं आपदा जोखिम न्यूनीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों एवं शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग जगत के विशेषज्ञ, सेफ्टी प्रोफेशनल्स एवं विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ सत्र, तकनीकी प्रस्तुतियाँ, विचार-विमर्श एवं ढ्ढस्श्वढ्ढ एक्सीलेंस अवॉर्ड्स का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम सुरक्षित कार्य संस्कृति, हरित पर्यावरण एवं दुर्घटना रोकथाम को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। संस्था के सह-निदेशक डॉ.एम.एस.नवाज ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में दुर्घटना को रोकने, सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने और आपदा से संबंधित जोखिम को नियंत्रित करने में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए आईएसईआई उत्कृष्टता पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही सुरक्षित यातायात पुलिस व स्वास्थ्य कर्मी व अग्नि एवं जीवन सुरक्षा व निमार्ण स्थल सुरक्षा व सफाई कर्मचारियों आदि को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया जाएगा उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष में एक बार आयोजित किया जाता।चेयरमैन डॉ. एस. रामपुरी के द्वारा संस्था द्वारा विगत वर्षो में दुर्घटनाओं को रोकने और प्रकृति को बचाने में किये गए कार्यो को साझा किया जाएगा एवं इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए प्रतिष्ठित व्यक्ताओं के द्वारा सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण आदि के विषय में संवाद विचारों की आदत प्रदान की जाएगी।

**विप्र ट्रॉफी** उच्च शिक्षा विभाग व विप्र महाविद्यालय के तत्वावधान में राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

# दुर्ग, रायगढ़ और रायपुर की टीम सेमीफाइनल में



**रायपुर, 5 जनवरी।** उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के तत्वावधान में विप्र महाविद्यालय द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय विप्र ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में दुर्ग, कोरबा और रायपुर ने अपने-अपने मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

विप्र कॉलेज मैदान में दुर्ग और कोरबा के बीच खेले गए मैच में दुर्ग ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया। दिग्विजय पटेल के शानदार शतक 119 रन की सहायता से 276 रन का लक्ष्य रखा। परंतु कोरबा की टीम 80 रन में ढेर हो गई और दुर्ग ने मैच 196 रन से जीत लिया। मैन ऑफ़द मैच गर्व सिह ने घातक गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट लिए।

विप्र कॉलेज मैदान में दक्षिण बस्तर और रायगढ़ के बीच खेले गए मैच में रायगढ़ ने टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला किया। परंतु दक्षिण बस्तर की टीम रियाज की घातक गेंदबाजी के कारण 68 रन में ऑल आउट हो गई। उत्कर्ष 17 रन ही दहाई अंक तक पहुंच पाए। रायगढ़ ने आसानी से दो विकेट के नुकसान पर 71 रन बनाकर मैच 8 विकेट से जीत लिया रायगढ़ के रियाज ने चार विकेट ले मैन ऑफद मैच बने।अभिषेक ने 43 रन बनाएं।

राज्य स्तरीय क्रिकेट अंतर्गत रायपुर और बलौदाबाजार के मैच में बलौदाबाजार ने टॉस जीतकर बैटिंग का फैसला किया।परन्तु रायपुर के अजय मिश्रा ने घातक गेंदबाजी करते हुए चार विकेट चटकाए, जिससे बलौदा बाजार की टीम 85 रन ही बना सकी। रायपुर की टीम ने तीन विकेट के नुकसान पर 86 रन बनाकर मैच आसानी से 7 विकेट से जीत लिया। हितेश साहू ने 34 रन बनाए

अजय मिश्रा को मैन ऑफद मैच का पुरस्कार दिया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने बताया कि सोमवार 5 जनवरी को पहला सेमीफाइनल दुर्ग और रायगढ़ टीम के बीच खेला जाएगा। इसके उपरांत दूसरा सेमी फाइनल रायपुर और बिलासपुर सेक्टर के बीच होगा।

राज्य स्तरीय क्रिकेट के अंतर्गत खेले गए मैच के मैन ऑफदी मैच को उच्च शिक्षा विभाग के क्रीड़ा समन्वयक डॉ. रूपेंद्र चौहान ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर डॉ विष्णु श्रीवास्तव, विजय शर्मा, प्यारे लाल सहित बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे।

# हिंदू संगठन के कार्यकर्ता जमानत पर रिहा



**रायपुर, 5 जनवरी।** रायपुर में क्रिसमस के दौरान हुई तोड़फोड़ के मामले में गिरफ्तार किए गए हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं को अदालत से जमानत मिल गई है। यह घटना रायपुर के मैग्नेटो मॉल में हुई थी, जहां धर्मांतरण के विरुद्ध छत्तीसगढ़ बंद के दौरान क्रिसमस की सजावट को नुकसान पहुंचाया गया था। मामले में बजरंग दल से जुड़े कुछ कार्यकर्ताओं के नाम सामने आए थे, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। जमानत मिलने के बाद बजरंग दल के उन कार्यकर्ताओं के जेल से बाहर आने पर समर्थकों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा आरती उतारने का दृश्य भी सामने आया, जिसने पूरे मामले को और चर्चा में ला दिया। घटना को लेकर राजनीतिक और सामाजिक हलकों में अलग अलग प्रतिक्रिया सामने आई है तो देशभर में इसकी चर्चा भी हो रही है। विपक्षी दलों ने इसे कानून-व्यवस्था का सवाल बताते हुए सरकार पर निशाना साधा, जबकि पुलिस प्रशासन का कहना है कि कानून के तहत कार्रवाई की गई है और आगे भी किसी तरह की शांति भंग करने की कोशिश पर सख्त कदम उठाए जाएंगे। पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26